दैनिक
जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित
# जयपुर टाइम्स
नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 10 अंक : 265 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शनिवार 18 अक्टूबर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 2 रुपए पृष्ठ : 8+st

## कांग्रेस और आरजेडी भ्रष्टाचार के बड़े अड्डे, एनडीए की सरकार ने जंगल राज समाप्त किया : भजनलाल शर्मा

### बिहार में भजनलाल की सभा में उमड़े लोग, कांग्रेस और राजद पर जमकर बोला हमला

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को बिहार के सीतामढ़ी में आयोजित एक बड़ी जनसभा को संबोधित किया मुख्यमंत्री शर्मा को सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग वहां पर नजर आए इसके अलावा सीतामढ़ी और आसपास के विधानसभा क्षेत्र के हजारों भाजपा कार्यकर्ता इस सभा में मौजूद रहे सभा में महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दिखाई सभा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल पर जोरदार हमला बोला और कहा कि एक समय बिहार में कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल की सरकार हुआ करती थी उस समय मुख्यमंत्री लालू यादव हुआ करते थे जो बिहार के गांव में जाया करते थे और वहां पर लोग जब उनसे सड़क बनाने की बात कहते थे तो लाल यादव उनकी जुबान को यह कहकर बंद कर देते थे कि अगर गांव में सड़क बन जाएगी तो पुलिस और प्रशासन के अधिकारी तुम्हें परेशान करने के लिए बार-बार आएंगे इस तरह की सोच लाल यादव की थी जिसकी वजह से बिहार पूरे देश में जंगल राज के लिए जाने जाना लगा था उस समय बिहार के युवा बेरोजगार हो गए थे मजबूरन उन्हें रोजगार की तलाश में बिहार से पलायन करना पड़ा उस समय बिहार में बहन बेटियों की इज्जत खतरे में पड़ गई थी उस समय बिहार के उद्योग धंधे बंद हो गए थे और बिहार में चारों तरफ अराजकता का माहौल बन गया था उन्होंने कहा कि कांग्रेस और लालू यादव की पार्टी ने बिहार को भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा अड्डा बना दिया था लेकिन जब से बिहार में एनडीए की सरकार का गठन हुआ और नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बने तब से बिहार के विकास में क्रांतिकारी बदलाव आया है बिहार में अराजकता और जंगल राज समाप्त हुआ है बिहार में अब युवाओं को रोजगार मिलने लगा है बिहार से युवाओं का पलायन रुक गया है बिहार में सड़क शिक्षा पानी चिकित्सा रोजगार कृषि उद्योग हर क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है जिसकी वजह से बिहार एक अलग रूप में नजर आ रहा है उन्होंने सभा में मौजूद लोगों से कहा आपको विकास



चाहिए या लूटपाट बिहार में बहन बेटियों की सुरक्षा चाहिए या फिर अपहरण बिहार में शिक्षा चाहिए या फिर अपराध आपको बिहार में रोजगार चाहिए या फिर पलायन यह आपको तय करना है उन्होंने कहा कि बिहार तेजी से विकास के पद पर आगे बढ़ रहा है इसलिए बिहार के विकास को इसी तरह से बनाए रखने के लिए एनडीए उम्मीदवारों को वोट कीजिए ताकि बिहार में कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल की गुंडागर्दी और भ्रष्टाचार फिर से हावी ना हो सके मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल के जंगल राज को पूरी तरह से समाप्त कर दिया है मुख्यमंत्री शर्मा ने लालू यादव परिवार पर कटाक्ष किया और कहा कि आज इनके कारनामों से इन्हें कोर्ट कचहरी के चक्कर काटने पड़ रहे हैं नौकरियों के नाम पर जो फर्जीवाड़ा किया सरकारी जमीनों पर कब्जे किए उसी का परिणाम है कि आज इन्हें बार-बार कोर्ट में जाना पड़ रहा है उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने पिछले 10 साल में बिहार को करीब 14.77 लाख करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी जबकि केंद्र में कांग्रेस पार्टी की सरकार ने बिहार को 10 सालों में मुश्किल से 2 लाख करोड रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी जो दिखता है कि कांग्रेस पार्टी बिहार को लेकर कितनी नकारात्मक सोच रखती है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जिस तरह से बाढ़ आने पर पानी के सभी जीव जंतु एक दूसरे पर चढ़ जाते हैं एक दूसरे के समीप आ जाते हैं ठीक इसी तरह से महा गठबंधन में शामिल पार्टियों चुनाव के समय तो एक हो जाती हैं और बाद में आपस में लड़ते रहते हैं इन्हें सिर्फ अपनी गोटिया सीखनी होती है इन्हें बिहार के लोगों की परवाह नहीं है इन्हें बिहार के विकास की बिल्कुल चिंता नहीं है ऐसे लोगों को सत्ता से बिल्कुल बाहर रखने की जिम्मेदारी बिहार के मतदाताओं की है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने भाषण में बाकायदा नीतीश कुमार सरकार की उपलब्धियां का बखान किया और यह बताया कि हर क्षेत्र में नीतीश कुमार की सरकार शानदार काम कर रही है क्योंकि केंद्र से मोदी सरकार का पूरा सहयोग मिल रहा है बिहार में एनडीए के सभी दल एकजुट होकर सुशासन की कल्पना के साथ चुनाव लड़ रहे हैं और केंद्र की मोदी सरकार और नीतीश कुमार की सरकार के कामों को देखकर बिहार में एनडीए की सरकार फिर से सत्ता में आ रही है उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व से क्रांतिकारी बदलाव आया है आज पूरा विश्व भारत को सम्मान की दृष्टि से देखा है आज दुनिया का कोई भी शक्तिशाली देश भारत से आंख नहीं मिल सकता आज भारत ज्ञान विज्ञान तकनीक हर क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा है इसी तेजी से बिहार में नीतीश कुमार की सरकार विकास कर रही है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ कार्य कर रहे हैं इसी तरह की नीतियां तैयार कर रहे हैं वैसे ही बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विकास की नीतियां तैयार की है और विकास कर रहे हैं इसलिए विकसित बिहार की परिकल्पना का जो लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे रखा है उसे पूरा करने के लिए बिहार में एनडीए की सरकार बनाना आप सब की जिम्मेवारी है मुख्यमंत्री शर्मा ने राजस्थान में अपनी सरकार की योजनाओं का भी जिक्र किया और बताया कि किस तरह से राजस्थान केंद्र की मोदी सरकार के सहयोग से तेजी से विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है वैसे ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के विकास को भी उसी रफ्तार से आगे देखना चाहते हैं इसलिए बिहार के लोगों को अब यह तय करना है कि उन्हें विकास चाहिए या फिर विनाश क्योंकि कांग्रेस और लादू यादव की पार्टी वही पार्टी है जिन्होंने बिहार को खूब लूटा है इसलिए बिहार को बचाए रखने के लिए और बिहार के विकास के लिए एनडीए से बड़ा विकल्प कोई है ही नहीं।

## भाजपा के 40 बड़े नेता अंता में मोरवाल सुमन का करेंगे प्रचार, लिस्ट जारी

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** अंता विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी मोरवाल सुमन की जीत को सुनिश्चित करने के लिए राजस्थान भाजपा की ओर से 40 बड़े नेताओं को चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी सौंप गई है इन 40 नेताओं में राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य भी शामिल हैं इसके अलावा पार्टी के संगठन से जुड़े कई बड़े नेता केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा सांसद भी चुनाव प्रचार करेंगे द्य भाजपा की ओर से शुक्रवार को चुनाव प्रचार के लिए जो लिस्ट जारी की गई है उसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और डॉक्टर प्रेमचंद बेरवा के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे राज्यवर्धन सिंह राठौर राजेंद्र गहलोत राजेंद्र सिंह राठौड़ सांसद दुष्यंत सिंह राजस्थान भाजपा के पूर्व अध्यक्ष हरियाणा भाजपा के प्रभारी सतीश पूनिया राजस्थान भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और सांसद सीपी जोशी पूर्व मंत्री प्रभु लाल सैनी कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा कनक मल कटारा अर्जुन राम मेघवाल महेंद्रजीत सिंह मालवीय सांसद घनश्याम तिवारी जोगाराम पटेल अविनाश गहलोत हेमंत मीणा अलका गुर्जर सहित 40 बड़े नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है भाजपा के स्टार प्रचारकों की ओर से जिन 40 नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है यह सभी पार्टी के बड़े चेहरे हैं इसलिए इस लिस्ट को देखते हुए साफ जाहिर है कि भारतीय जनता पार्टी हर हाल में इस सीट पर जीत देखना चाहती है हालांकि पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी कंवरलाल मीणा ने कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन भैया को कड़े मुकाबले में करीब 5000 वोटो के अंतर से हराया था इस बार कांग्रेस पार्टी ने फिर से प्रमोद जैन भाया को ही टिकट दिया है लेकिन इस बार निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा ने भी नामांकन भरा है लेकिन राजनीतिक विशेष को का आकलन है कि नरेश मीणा भारतीय जनता पार्टी को ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचाएंगे प्रमोद जैन भाया को ज्यादा नुकसान पहुंचा सकते हैं और नरेश मीणा के खड़े होने से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी की जीत के रास्ते थोड़े आसान बन गए हैं कुल मिलाकर भाजपा के स्टार प्रचारकों की जो सूची जारी की गई है उसे देखते हुए भाजपा का इस सीट पर जोरदार प्रचार होना तय है और इन 40 नेताओं को अलग-अलग क्षेत्र की जिम्मेदारी दी जाएगी अलग-अलग क्षेत्र में सभाओं को संबोधित करने की जिम्मेदारी दी जाएगी इसलिए पूरे विधानसभा क्षेत्र को भारतीय जनता पार्टी इन 40 नेताओं के सहारे कवर करने की रणनीति पर काम कर रही है।






## अशोक सिंघानिया पुनः बने अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

जयपुर टाइम्स



**पंचकूला(नि.सं.)।** अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता की अध्यक्षता में पंचकूला (हरियाणा) में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों का चयन किया गया। इस अवसर पर कुलभूषण मित्तल को संगठन का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं राष्ट्रीय चेयरमैन प्रदीप मित्तल के मार्गदर्शन में अशोक सिंघानिया को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध नियुक्त किया गया। नियुक्ति के पश्चात अशोक सिंघानिया ने राष्ट्रीय चेयरमैन प्रदीप मित्तल के सशक्त नेतृत्व के लिए आभार व्यक्त किया और संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु जिले में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। बैठक में महुआ-मुंडावर से रामनिवास गोयल, गोपाल अग्रवाल, खैरथल से दामोदर प्रसाद गोयल, एवं पुरण चंद गर्ग सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

## जिला कलक्टर ने त्योहारों के अवसर पर स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण को बढ़ावा देने के लिए पर्यावरण अनुकूल प्रथाओं को अपनाने का किया आह्वान

### दिपावली के अवसर पर सुबह 6 बजे से 7 बजे तक और रात 8 बजे से रात 10 बजे तक हरित पटाखे चलाने की रहेगी अनुमति



जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)।** जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. आर्तिका शुक्ला द्वारा दीपावली पर्व 2025 के अवसर पर उच्चतम न्यायालय एवं राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जयपुर के आदेशानुसार दिवाली के त्योहार पर जिले में पारंपरिक पटाखों, प्लास्टिक आधारित सजावटी सामग्रियों और गैर पुनर्चक्रणीय पैकेजिंग के व्यापक उपयोग व बढते वायु प्रदूषण और अत्यधिक ठोस अपशिष्ट उत्पादन को कम करने और त्योहारों के मौसम में स्व'छ और सुरक्षित वातावरण को बढावा देने के प्रयास हेतु निर्देश जारी किए गए हैं। जिला कलक्टर ने पुलिस अधीक्षक, नगर विकास न्यास सचिव, नगर निगम आयुक्त, समस्त उपखण्ड अधिकारियों, प्रदूषण नियंत्रण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी, मुख्य व जिला शिक्षा अधिकारी, तहसीलदार अलवर, समस्त विकास अधिकारियों एवं नगर पालिका के समस्त अधिशाषी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 15 अक्टूबर 2025 को दिए गए निर्णय के अनुसार दिवाली के अवसर पर हरित पटाखे फोडने की अनुमत समय-सीमा दिवाली से पहले और दिवाली के दिन, दोनों दिनों में सुबह 6 बजे से 7 बजे तक और रात 8 बजे से रात 10 बजे तक ही सीमित रहे। दुकानदारों, उपहार विकेताओं और पैकेजिंग इकाइयों से कागज, कपडे, जूट या प्लास्टिक या धातु की पन्नी के बजाय जैव-नि नीकरणीय सामग्री का उपयोग करने का आग्रह करते हुए संदेश प्रसासित करें, स्थानीय बाजारों और स्कूलों में पर्यावरण अनुकूल उपहार अभियान को बढावा देवे। उन्होंने निर्देश दिये है कि खाली और इस्तेमाल किए गए उपहार बॉक्स, सजावटी सामग्री और दिवाली के बाद के कचरे के संग्रहण के लिए बाजार क्षेत्रों, कॉलोनियों और सार्वजनिक स्थानों पर अस्थायी अपशिष्ट संग्रहण केंद्र स्थापित करें, शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी), नगर निगम और नगर परिषदों के साथ समन्वय स्थापित करके ऐसे कचरे को शीघ्रता से उठाकर उचित निपटान करें ताकि पुनर्चक्रण के माध्यम से उससे धन अर्जित किया जा सके। उन्होंने निर्देशित किया है कि 'हरित दिवाली, स्वच्छ दिवाली मनाएं' विषय पर जागरूकता गतिविधियां, मीडिया अभियान और सार्वजनिक घोषणाएं आयोजित करें, पर्यावरण अनुकूल प्रथाओं को बढावा देने में गैर सरकारी संगठनों, ईको-क्लबों, आरडब्ल्यूए और युवा समूहों को शामिल करें। जनजागरूकता अभियान चलाकर आमजन को बताए कि केवल पेट्रोलियम और विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पीईएसओ) द्वारा अनुमोदित हरित पटाखों की बिक्री और उपयोग की अनुमति है।

## लायंस क्लब अलवर मत्स्य सदस्यों ने केशव आदर्श विद्यामंदिर एवं संस्कार केन्द्र के बच्चो को दी खुशियों भरी मुस्कान



### मिठाई पाकर मुरझाये मासूम बच्चो के चेहरे खिल उठे - अध्यक्ष डॉ. मंजू अग्रवाल

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** लायंस क्लब अलवर मत्स्य के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा दीपावली उत्सव के मौके पर माधव सेवा संस्थान द्वारा चलाये जा रहे केशव आदर्श विद्यामंदिर ,बुधविहार, अलवर तथा संस्कार केन्द्र, चमेली बाग़ अखैपुरा मोहल्ला के बच्चो के मध्य जाकर दीपोत्सव मनाया गया। बच्चो ने स्वयं के हाथो से बनाये ग्रीटिंग कार्ड्स लायन मेम्बर्स को बाँटे और लायंस क्लब अलवर मत्स्य के मेम्बर्स द्वारा तकरीबन 300 पैकेट्स मिठाई दोनों स्कूल के बच्चो में वितरित की गयी। कार्यक्रम के प्रारम्भ में प्रार्थना एवं, हनुमान चालीसा का पठान किया गया इसके पश्चात् विमल जैन ने माधव सेवा समिति के द्वारा संचालित इन स्कूलों की गतिविधियों, संचालन के तरीके एवं अन्य कई गतिविधियों का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि कुछ भामाशाह इन स्कूलों को गोद ले ले तो बच्चे बहुत टैलेंटेड है जो आगे तक जा सकते है हमारी पूरी कोशिश रहती है कि बच्चो को भारतीय संस्कृति का ज्ञान देते हुए अच्छे संस्कारो में ढाले तभी 21 वीं सदी में भारत की एक अलग पहचान बन पाएगी। लायंस क्लब अलवर मत्स्य की अध्यक्ष एम.जे.एफ. लायन डॉ. मंजू अग्रवाल ने बताया कि दीपावली के पावन पर्व की शुरुआत इसे बच्चो के मध्य जाकर करी जिनके मासूम चेहरे बिना मिठाई के मुरझाये हुए थे किसी तरह की खुशी दीपावली की उनके चेहरे से कोसो दूर नजर आ रही थी क्योकि उन्हें पता था कि गरीबी के चलते उनके माता-पिता कैसे उनका पालन पोषण करने के साथ उनको पढ़ा रहे है। जब लायंस क्लब अलवर मत्स्य के सदस्यों ने माधव सेवा संस्थान द्वारा चलाये जा रहे केशव आदर्श अध्ययन संस्थान एवं संस्कार केन्द्र, चमेली बाग़ अखैपुरा मोहल्ला तथा केशव आदर्श विद्यामंदिर, बुध विहार, अलवर के बच्चो के मध्य जाकर दीपोत्सव मनाया और सभी बच्चो को मिठाई का डब्बा थमाया उसी पल मानो हजारो वाट के बल्ब की सी रोशनी लिए बच्चो के चेहरे खिल उठे खुशियाँ चेहरे पर साफ़ नजर आ रहे थी। लायन सतीश गुप्ता ने बच्चो को दीपवाली की हार्दिक शुभकामनाये प्रेषित करी वही पूर्व रीजन चेयरपर्सन एवं सीनियर लायन मेम्बर एम.जे.एफ. लायन गिरीश गुप्ता ने अपने उद्बोधन में बच्चो एवं टीचर्स को दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाये देते हुए कहा कि आने वाले समय में आप सभी देश का भविष्य हो अभी से पढ़-लिखकर अच्छी पोस्ट पर नौकरी करने का अभी से अपना लक्ष्य निर्धारित करके आगे बढ़े साथ ही या तो आतिशबाजी बिलकुल ना करे ताकि पर्यावरण सुरक्षित रहे फिर भी यदि आपका मन करता है

## दीपावली पर सुरक्षा और अग्नि प्रबंधन के विशेष इंतजाम

# एसपी ने किया शहर में बाजार का निरीक्षण, निगम की फायर टीम हैं अलर्ट

जयपुर टाइम्स



**अलवर(नि.सं.)।** दीपावली पर्व को लेकर शहर में सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। त्योहार के दौरान बढने् वाली भीड़भाड़, यातायात दबाव और संभावित अग्नि दुर्घटनाओं से निपटने के लिए शुक्रवार को जिला पुलिस और नगर निगम ने संयुक्त रूप से शहर के बाजार का निरीक्षण किया। जिला पुलिस अधीक्षक अलवर सुधीर चौधरी, एडिशनल एसपी (मुख्यालय) कांबले गोपीनाथ शरण और नगर निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह नरूका ने शहर के व्यस्ततम बाजार होप सर्कस, घंटाघर, नगर निगम रोड और चर्च रोड आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पैदल ही बाजारों में घूमकर दुकानदारों और नागरिकों से बातचीत की और सुरक्षा, यातायात एवं अग्नि सुरक्षा के संबंध में स बंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिए। एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि दीपावली पर शहर में लाखों की संख्या में लोग बाजारों में आते हैं ओर जिनकी सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रहे, इसके लिए अतिरिक्त जवान तैनात रहेंगे। इसके साथ ही किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत कंट्रोल रूम तक पहुंचाई जाए। दीपावली की रात को शहर में पुलिस की विशेष पेट्रोलिंग टीम सक्रिय रहेगी। यातायात नियंत्रण के लिए होप सर्कस, बजाजा बाजार, घंटाघर और सहित शहर में सभी प्रवेश के मार्गो पर विशेष बैरिकेडिंग की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस अधिकारियों को सीसीटीवी की मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान नागरिकों की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है। फायर ब्रिगेड पूरी तरह तैयार है- आयुक्त नगर निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि दीपावली के मद्देनजर निगम की सभी फायर टीमों को 24 घंटे अलर्ट पर रखा गया है। अग्निशमन गाडियां बाजारों में गश्त पर रहेंगी ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि बाजारों में साफ-सफाई और कचरा निस्तारण के लिए विशेष टीमें लगाई गई हैं। इसी के साथ ही दुकानदारों से अपील की गई है कि वे डिस्पोजल और पॉलिथीन सामग्री का उपयोग न करें, जिससे आग लगने की संभावना बढ़ जाती है। आयुक्त नरूका ने कहा कि हमारा प्रयास है कि पूरा शहर साफ-सुथरा, सुरक्षित और प्रदूषण रहित दीपावली मनाए। इसके लिए निगम और पुलिस दोनों मिलकर काम कर रहे हैं वहीं हम अपील करते हैं कि इस खुशी में नागरिक भी पूरा सहयोग करें। वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से बंद रहेगा दीपावली पर बाजारों में बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने बाजारों में दुपहिया व चोपहिया वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से बंद रहेगा। फिलहाल चोपहिया वाहनों को ही बाजारों में प्रवेश नहीं दिया जा रहा था। लेकिन पांच दिवसीय दीपोत्सव पर बाजारों में दुपहिया वाहनों का भी प्रवेश बन्द रहेगा। जानकारी के अनुसार वाहनों की बाजारों के बाहर पार्किंग कराई जाएगी। इसके लिए नंगली सर्किल की ओर से आने वाले वाहनों की कंपनी बाग के आसपास पार्किंग कराने की योजना है। इसी तरह अन्य जगह भी पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है।

## दिपावली मेले में स्वावलंबी बनी 31 महिलाओं को किया सम्मानित

### तीन दिवसीय मेले में रिकार्ड बिक्री

जयपुर टाइम्स





**अलवर.(नि.सं.)** नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से नगर निगम के सहयोग से कंपनी बाग के सामने चल रहे दिपावली मेले के समापन पर घर में सजावटी और उपयोगी सामान बनाने वाली 31 महिलाओं को प्रमाण पत्र, प्रतीक चिन्ह तथा उपहार देकर सम्मानित किया गया। मेले में महिलाओं के बनाए बंदनवार, दीपक और बैग की बिक्री खूब हुई। इस अवसर पर ई-विद्या प्रोजेकट की प्रभारी प्रतिभा सिंह ने महिलाओं को सम्मानित किया। सिंह ने कहा कि वी शक्ति नारी सशक्तिकरण की दिशा में कार्य कर रहा है। स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ रही महिलाओं की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर हो, इसके लिए फाउंडर प्रज्ञा यादव के नेतृत्व में योजना बनाई जा रही है जिस पर कार्य हो रहा है। कार्यक्रम में नेक कमाई के संरक्षक दौलत राम हजरती ने अलवर में प्रशिक्षित महिलाओं को सरकारी स्तर पर हॉट बाजार व दुकान उपलबध कराने की मांग की और कहा कि नेक कमाई ऐसी पांच हजार महिलाओं को प्रशिक्षित करेगा। नेक कमाई की कार्यक्रम प्रभारी रेखा महलावत ने कहा कि अलवर की महिलाएं कुटीर उद्योग के माध्यम से अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के उत्पाद बना रही है जिसको मार्केट उपलबध कराने के लिए सरकारी स्तर पर प्रयास हो जिसके लिए सांसद महोदय से महिलाएं मिलेंगी। युवाओं के लिए कार्य कर रही शिक्षाविद और समाजसेवी पल्लवी सपड़ा ने कहा कि अलवर की महिलाओं की पहचान उनके उद्यम से हो इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करने चाहिए। नारी सशकितरण प्रभारी बिंदू कपूर ने मेले और महिलाओं के प्रशिक्षण के बारे में जानकारी दी। मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने सभी का आभार जताया। मंच संचालन शिक्षा संस्कार स्कूल प्रभारी प्रतिभा और जागृति सिंह ने किया। इस अवसर पर सुरेन्द्र चौहान और मीना तनेजा आदि उपस्थित थे।

## जिला कलक्टर से राजस्व रिकॉर्ड में शुद्धि का प्रमाण पत्र पाकर बाबूलाल का खिला चेहरा

जयपुर टाइम्स



**अलवर(नि.सं.)।** ग्रामीण सेवा शिविर के तहत गुरूवार को थानागाजी उपखण्ड की ग्राम पंचायत पडाक छापली में आयोजित शिविर के निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने ग्राम टोडा निवासी बाबूलाल गुर्जर के राजस्व रिकॉर्ड में नाम की अशुद्धि को मौके पर ही अधिकारियों को निर्देशित कर अशुद्धि को ठीक कराकर फरियादी को राहत प्रदान की। इस पर फरियादी बाबूलाल ने हाथों-हाथ समस्या का समाधान होने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं राज्य सरकार का हृदय से आभार व्यक्त किया। लाभार्थी बाबूलाल गुर्जर ने बताया कि राजस्व रिकॉर्ड में नाम बाबूलाल की जगह बब्बू दर्ज होने की अशुद्धि होने के कारण सरकार की सभी सुविधाओं व योजनाओं से वंचित था जिसके कारण अनेक समस्याओं का सामना करना पडा रहा था। नाम की अशुद्धि को दुरूस्त कराने हेतु कई बार आवेदन भी किया गया। ग्राम पंचायत में शिविर की सूचना मिलने पर शिविर में पहुंचा, जहां जिला कलक्टर को राजस्व रिकॉर्ड में नाम की अशुद्धि के बारे में अवगत कराया, जिस पर जिला कलक्टर ने मौके पर ही राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित कर मेरी समस्या का समाधान कराया, इससे मैं और मेरा परिवार बहुत खुश है। अब मुझे पीएम किसान स मान निधि व खाद्य सुरक्षा योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।

## धन्वंतरि जयंती के अवसर पर, आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में 160 रोगियों को दर्द से मिली राहत

### आयुर्वेद स्थाई समाधान देने वाली दुष्प्रभाव रहित भारतीय चिकित्सा पद्धति - पूर्व मंत्री नसरू खान

जयपुर टाइम्स



**अलवर(नि.सं.)।** जिला आयुर्वेद चिकित्सालय, बुद्ध विहार, ए ब्लॉक अलवर में धन्वंतरि जयंती के अवसर पर दो दिवसीय निशुल्क अस्थि संधि एवं तंत्रिकाजनित (न्यूरो डिसऑर्डर) विकार आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन विश्व आयुर्वेद परिषद के सहयोग से किया गया। शिविर का शुभारंभ पूर्व मंत्री नसरू खान ने भगवान धन्वंतरि प्रतिमा समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा आयुर्वेद दुष्प्रभाव रहित स्थाई समाधान देने वाली भारतीय चिकित्सा पद्धति है। शिविर संयोजक डॉ. पवन सिंह शेखावत ने शिविर में उपस्थित लोगों को आयुर्वेद के महत्व एवं उपयोगिता पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि हमारी संस्कृति में परम धन आरोग्य को कहा गया है और आरोग्य के देवता भगवान धन्वंतरि है, भगवान धन्वंतरि ने स्वस्थ दीर्घायु जीवन के लिए हमे आयुर्वेद प्रदान किया है, हमे इसे अपनाकर स्वस्थ दीर्घायु जीवन की ओर निरंतर अग्रसर रहना चाहिए। धन तेरस के दिन का विशेष महत्व भी आरोग्य, आयुर्वेद एवं आयुर्वेद के जनक एवं आरोग्य के देवता भगवान धन्वंतरि जी से ही है। शिविर में विभिन्न प्रकार के जोड़ दर्द, घुटनों का दर्द, कमर का दर्द, एडी का दर्द, गर्दन का दर्द, साइटिका, सर्वाइकल, एवीएन, नसों पर दवाब, सुन्नपन, डिस्क से संबंधित, एवीएन एवं टेनिस एल्बो के रोगियों को वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ पवन सिंह शेखावत ने विद्धकर्म एवं अग्निकर्म चिकित्सा से लाभान्वित करते हुए तुरंत दर्द से राहत प्रदान की। शिविर में डॉ दिलीप प्रधान चिकित्सा अधिकारी, डॉ सुमन यादव, डॉ महिपाल चौहान, डॉ लक्ष्मी शर्मा एवं डॉ पवन सिंह शेखावत ने रोगियों की जांच कर चिकित्सा परामर्श दिया।

## लाठी युद्ध मे राजस्थान टीम का दबदबा'' 'सर्वश्रेष्ठ योद्धा का ख़िताब जीतने वाले निधि व पवन को मिली बुलेट बाइक'

जयपुर टाइम्स



**अलवर(नि.सं.)।** अलवर के भगवान परशुराम भवन में चल रही सम्राट अनंगपाल तोमर ''परंपरागत राष्ट्रीय लाठी खेल प्रतियोगिता'' का समापन हुआ। आयोजक महागुरु सोमवीर सिंह तंवर ने बताया कि प्रतियोगिता की अध्यक्षता सीदास सिंह राजावत के द्वारा की गई। प्रतियोगिता में 17 राज्यों से 576 लाठी खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें लाठी युद्ध में राजस्थान टीम प्रथम स्थान पर रहीं। एक लाठी चाल में मध्य प्रदेश प्रथम उत्तर प्रदेश द्वितीय छत्तीसगढ़ तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता में महाराणा प्रताप समिति के प्रेम सिंह राजावत, ओम प्रकाश शर्मा के द्वारा एक रॉयल एनफील्ड 350सीसी बुलेट बाइक सोमवीर सिंह तंवर की टीम निधि शर्मा व पवन यादव को भेंट की गई प्रतियोगिता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय यादव थाना प्रभारी अखेपुरा व विशिष्ट अथिति प्रेम सिंह राजावत व लक्ष्यमेश सिंह रहें। अथिति में ओम प्रकाश शर्मा व चौन सिंह चारण शामिल रहे। इस प्रतियोगिता का टाइटल दिल्ली संस्थापक सम्राट अनंगपाल सिंह तोमर रहे। कार्यक्रम में शिव प्रताप सिंह चौहान प्रदेश अध्यक्ष करणी सेना मध्य प्रदेश, कार्तिकेयदेव सिंह तंवर, तंवरवाटी सभा राजपाल सिंह सिसोदिया, प्रदेश प्रवक्ता बीजेपी मध्य प्रदेश, लक्ष्यमेश कुमार सिंह अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा राजस्थान शामिल रहे।

# भाजपा नेता डॉ. मोहित जसवंत यादव कई कार्यक्रमों में रहे उपस्थित

### बहरोड़ के हर क्षेत्र में विकास को गति देना प्राथमिकता डॉ. मोहित जसवंत यादव

### भाजपा नेता डॉ. मोहित जसवंत यादव की अध्यक्षता में रू4 करोड़ 21 लाख के विकास कार्यों का शिलान्यास

जयपुर टाइम्स





**बहरोड़(नि.सं.)।** भाजपा नेता डॉ. मोहित जसवंत यादव की अध्यक्षता में बहरोड़ विधानसभा क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए गए। सबसे पहले, डॉ. मोहित जसवंत यादव ने जैनपुरबास में जय मुनी जी क्रिकेट क्लब की ओर से आयोजित 21वीं विशाल क्रिकेट प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर मैच का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने विजेता टीम के लिए 21,000 और उप-विजेता टीम के लिए 11,000 की पुरस्कार राशि की घोषणा की। खिलाड़ियों का उत्साह और जोश देखने लायक था, और युवाओं की ऊर्जा ने मैच को और अधिक रोमांचक बना दिया। इस अवसर पर डॉ. मोहित ने सभी प्रतिभागियों और क्षेत्रवासियों को दीपोत्सव एवं दिपावली की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद डॉ मोहित ने कुल 4 करोड़ 21 लाख की लागत से होने वाले विभिन्न सड़क निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम में एनएच-8 से श्यामपुरा तक सड़क निर्माण कार्य 77.60 लाख की लागत से, श्यामपुरा से मालियों की ढाणी तक मिसिंग लिंक सड़क निर्माण कार्य 44.00 लाख की लागत से, ग्राम महाराजावास से खोहरी-नासरपुर सड़क निर्माण कार्य 66.00 लाख की लागत से, ऊंटोली से कांकड़ वाली ढाणी होते हुए हरियाणा बॉर्डर तक सड़क निर्माण कार्य 134.00 लाख की लागत से, कोहराना-जखराना सड़क से ग्राम बालपुरा तक सड़क निर्माण कार्य 52.00 लाख की लागत से और बूढ़वाल से सोना की ढाणी तक सड़क निर्माण कार्य 48.00 लाख की लागत से किया गया। इसी क्रम में महाराजवास गांव को विकास कार्यों के लिए विधायक कोष से 10 लाख रुपए की घोषणा भी की गई।

डॉ. मोहित जसवंत यादव ने कहा, "बेहतर सड़कें क्षेत्र की प्रगति की रीढ़ हैं, और इन परियोजनाओं से स्थानीय निवासियों, किसानों और आम नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। यह सभी विकास कार्य बहरोड़ विधायक डॉ. जसवंत सिंह यादव के मार्गदर्शन और निरंतर प्रयासों का परिणाम हैं, जिनकी सोच हमेशा से बहरोड़ को आत्मनिर्भर और आधुनिक बनाने की रही है।" कार्यक्रम में एडवोकेट प्रशांत यादव मंडल अध्यक्ष बहरोड़, राजेश फौजी मंडल अध्यक्ष बर्डोद, सरोज बस्तीराम यादव, प्रधान पंचायत समिति बहरोड़, उदय सिह सरपंच महाराजावास, सरोज देवी, सरपंच खोहरी, सुनील सरपंच, ग्राम पंचायत ऊंटोली, मेनका रामनरेश यादव, जिला पार्षद, वेदकृष्णा सरपंच, नांगल खोडिया, सुभाष यादव नरेंद्र यादव, कर्मवीर यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, कार्यकर्ता, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। लोगों ने डॉ. मोहित जसवंत यादव का गर्मजोशी से स्वागत किया और कहा कि उनके नेतृत्व में बहरोड़ में सड़क, शिक्षा, खेल और रोजगार के नए अवसर खुले हैं।

## घूसखोर इंजीनियर रामावतार मीना के बैंक लॉकर में 72 लाख रुपए का सोना मिला

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की गिरफ्त में आए पंचायत राज विभाग के अधिशासी अभियंता और एसोसिएट प्रोफेसर राम अवतार मीणा के बैंक लॉकर को शुक्रवार को खोला गया जिसमें करीब 72 लाख रुपए कीमत का सोना बरामद किया गया है यह लाकर स्टेट बैंक आफ इंडिया का है । एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम की ओर से फिलहाल रामावतार मीना के चल और अचल संपत्तियों के आकलन और संकलन की



प्रक्रिया जारी है आय से अधिक संपत्ति के मामले में चल रही इस जांच की कार्रवाई में राम अवतार मीणा के पास मोटे तौर पर 115 प्रतिशत अधिक संपत्ति मिली है पिछले दिनों एंटी करप्शन ब्यूरो की ओर से रामावतार मीना के प्रदेश में दर्जन भर अलग-अलग स्थान पर छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया गया था जिसमें जयपुर सवाई माधोपुर करौली उदयपुर गंगापुर सिटी में मीणा के ठिकानों पर सर्च अभियान शुरू किया गया था जिसमें 2.77 करोड रुपए की संपत्ति बरामद की गई थी जिसमें जयपुर में इंदिरा गांधी नगर में 6 भूखंड और एक प्लांट मिला था इसके अलावा करौली में फार्म हाउस गंगापुर सिटी में आलीशान बहु मंजिल मकान जो किराए पर संचालित किया हुआ था एंटी करप्शन ब्यूरो की जांच पड़ताल में सामने आया था कि उदयपुर में भी अपने रिश्तेदार के नाम मीणा ने प्रॉपर्टी की हुई थी वहां पर भी एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने जांच पड़ताल की थी जिसमें महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए गए थे इस तरह से रामावतार मीना के पास अकूत संपत्ति मिली है फिलहाल एंटी करप्शन ब्यूरो की ओर से मीना की संपत्तियों का संकलन और जांच पड़ताल की जा रही है।

## रमेश रूलानिया के तीन शूटर पश्चिम बंगाल में गिरफ्तार, एक एक लाख रुपए का घोषित था इनाम

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** नागौर के कुचामन सिटी के बहुचर्चित रमेश रूलानिया हत्याकांड के तीन शूटर पश्चिम बंगाल में पकड़ लिए गए हैं दो दिन पहले ही राजस्थान पुलिस की ओर से इनके खिलाफ एक लाख एक लाख रुपए के इनाम की घोषणा की गई थी हालांकि अभी एक कन्या आरोपी जुबेर अहमद पुलिस की पकड़ से बाहर है जिसे पकड़ने के लिए पुलिस की कई टीमें छापामार कार्रवाई को अंजाम दे रही है जानकारी के अनुसार इस पूरे मामले में सबसे पहले एक नाबालिक सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है पश्चिम बंगाल में जिन तीन शूटर को गिरफ्तार किया गया है उनके नाम गणपत धर्मेंद्र और महेश है जिन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच पश्चिम बंगाल से राजस्थान लाया जा रहा है पिछले 7 अक्टूबर को कुचामन सिटी में बाइक एजेंसी के संचालक रमेश दुल्हनिया कि जिम में वर्कआउट के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई थी तीन नकाबपोश जिम में दाखिल हुए और फिर उन्होंने दनादन गोलियां दागी जिसमें वहां मौजूद लोगों ने तुरंत घायल अवस्था में पड़े रमेश रुलानिया को अस्पताल भी पहुंचा लेकिन रमेश बच नहीं पाया इस हत्याकांड की जिम्मेदारी सोशल मीडिया पर रोहित गोदारा गैंग ने वीरेंद्र चरण ने ली थी रमेश रूलानिया हत्याकांड को लेकर कुचामन सिटी में ही नहीं बल्कि पूरे नागौर जिले के लोगों में गहरा आक्रोश छाया हुआ था इस हत्याकांड को लेकर कांग्रेस पार्टी के कई विधायक कुचामन सिटी के थाने के बाहर पहुंचे थे उन्होंने वहां पर कई घंटे तक धरना दिया इस धरने में नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल भी शामिल हुए थे इस धरने में विभिन्न व्यापार संगठन और सामाजिक संगठन के लोग भी शामिल हुए थे और कुचामन सिटी को बंद करने की चेतावनी भी दी थी पुलिस इस मामले को शुरू से ही काफी गंभीरता से ले रही थी पुलिस ने इस मामले में ज्यादातर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है ।

## मोब लीचिंग का शिकार हरिओम वाल्मीकि से यूं मिले राहुल गांधी



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उत्तर प्रदेश में रायबरेली मैप लिंकिंग के शिकार हरिओम वाल्मीकि के परिजनों से मिलने राहुल गांधी शुक्रवार को फतेहपुर पहुंचे विगत 2 अक्टूबर की इस घटना से दुखी परिवार गहरे सदमे में था भावुक मुलाकात के दौरान राहुल ने हरिओम के पिता का हाथ थामा और मां के रोने पर उन्हें सांत्वना दी और गले लगाकर पीड़ित परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं राहुल गांधी ने प्रकट की द्य शुक्रवार को जब राहुल गांधी हरिओम के घर पहुंचे तो गमगीन परिवार गहरे सदमे में डूबा हुआ था भावुक क्षणों में राहुल गांधी ने हरिओम के पिता का हाथ थाम लिया और उन्हें अपने गले लगाया जब हरिओम की मां रोने लगी तो राहुल गांधी काफी भावुक हो गए हरिओम वाल्मीकि के परिजनों से मुलाकात के बाद राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश सरकार पर जोरदार हमला बोला और कहा कि हरिओम के परिवार ने कोई अपराध नहीं किया है बल्कि उनके खिलाफ अपराध हुआ है फिर भी उन्हें अपराधी जैसा महसूस कराया जा रहा है राहुल ने आरोप लगाया कि परिवार को घर में बंद कर रखा है डराया जा रहा है और घर की एक लड़की अपनी जरूरी ऑपरेशन भी नहीं करवा पा रही है क्योंकि उन्हें बाहर नहीं जाने दिया जा रहा है उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील की की दलितों पर हो रहे अत्याचारों को रोक परिवार को न्याय दें और अपराधियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई करें उनकी रक्षा करने की कोशिश ना करें मुलाकात पर सरकारी दबाव के सवाल पर राहुल गांधी ने खुलासा किया कि परिवार ने उन्हें बताया है कि आज सुबह ही सरकार के लोगों ने उनको धमकाया और राहुल गांधी से ने मिलने के लिए कहा था उन्होंने जोर देकर कहा कि उनके लिए मुलाकात से ज्यादा जरूरी है कि अपराधी पकड़े जाएं और परिवार को न्याय मिले मृतक हरिओम वाल्मीकि के छोटे भाई शिवम ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के फैसले से और सरकार की दी हुई मुआवजा राशि से हम संतुष्ट हैं राहुल गांधी से नए मिलने वाले बयान को लेकर उन्होंने कहा कि भीड़ को देखते हुए मना किया था घर में लोग बीमार भी हैं इसलिए हम किसी से मिलना नहीं चाह रहे थे हालांकि राहुल जी से मिलकर अच्छा लगा ।

# बार-बार दलितों के साथ न्याय में भेदभाव क्यों, धीरज के परिवार को मिले न्यायः जूली

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष जूली ने प्रदेश की भाजपा सरकार से मांग की है कि वह दलित समाज के साथ हो रहे अपराधों को गंभीरता से ले और इस वर्ग के बीच विश्वास बहाल करने के लिए ठोस कदम उठाए। उन्होंने कहा कि दलित समुदाय को न्याय का भरोसा मिलना चाहिए। शुक्रवार को जूली ने एसएमएस अस्पताल पहुंचकर पाटन, नीमकाथाना के नवोदय विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र धीरज वर्मा के परिजनों से मुलाकात की। गौरतलब है कि धीरज की 14 अक्टूबर को संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई थी। वह कक्षा 10 का छात्र था। धीरज के परिजन पिछले कुछ दिनों से एसएमएस अस्पताल के मुर्दाघर के बाहर धरने पर बैठे हैं और मामले की निष्पक्ष जांच तथा न्याय की मांग कर रहे हैं। जूली ने परिजनों को ढांढस बंधाया और आश्वस्त किया कि वे इस





मामले को विधानसभा और प्रशासनिक स्तर पर उठाएंगे। नेता प्रतिपक्ष जूली ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है और कहा है कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई जरूरी है साथ ही उन्होंने प्रशासनिक लापरवाही को भी उजागर किया और कहा " इतनी लापरवाही सरकार की तरफ से रही है, 8 तारीख को बच्चा एडमिट हुआ, बाद में कह रहे हैं बच्चे ने सुसाइड किया है, जब सुसाइड का प्रयास किया तो उस समय परिजनों को, कलेक्टर को पुलिस को क्यों नहीं बताया गया। जूली ने इस पूरे मामले की न्यायिक जांच और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है । भाजपा सरकार के दलित विरोधी रवैए को लेकर जूली ने आश्चर्य व्यक्त किया कि इस दलित परिवार की मदद के लिए सरकार आगे नहीं आ रही है , एक तरफ किसी एक व्यक्ति को तो 25 लाख तक का आप मदद कर सकते हो, प्राइवेट हॉस्पिटल के उसके बिल भी आप दे सकते हो और दूसरी तरफ क्योंकि एक दलित है तो उसके लिए आपके पास एक रुपया नहीं है ? आप उस परिवार की मदद नहीं करोगे ? साथ ही उन्होंने जैसलमेर बस हादसे में भी सरकार द्वारा दलित परिवार को उचित आर्थिक मदद ने देने पर कहा कि एक दलित परिवार के पांच लोग जैसलमेर के अंदर बस में जल के मर गए आप ने नया नियम बना दिया , एक मृतक को दस लाख और पांच मृतकों को पच्चीस लाख क्यों भई कौन से कानून की किताब में लिखा है ? नीमकाथाना में दलित और आदिवासी समाज के खिलाफ बढ़ते अपराधों को लेकर पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए जूली ने कहा कि नीमकाथाना में एससी एसटी के तकरीबन दस ऐसे मामले हैं उन में कार्रवाई नहीं हो रही है, जो अपराधी हैं उनको बचाने का काम करते हैं और एस सी के लोगों को न्याय नहीं मिल रहा है। ऐसे चलने वाला नहीं है। जूली के साथ नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी और बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा भी शामिल थे । जूली ने राजस्थान में बच्चों की कफ सिरप से हुई मौतों के मुद्दे पर भी भाजपा सरकार को घेरा और कहा कि इसी मामले में मध्य प्रदेश में कार्रवाई हो रही है और राजस्थान में क्लीन चिट दी गई है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा सरकार किस स्तर तक गिरेगी,जिस घर में बच्चे के जाने का शोक मनाया जा रहा हो वहां चिकित्सा विभाग की जांच टीम द्वारा जबरन सबूत मिटाने का प्रयास किया जा रहा है। आखिर ऐसी क्या वजह है कि भाजपा सरकार इस मामले को दबाने का प्रयास कर रही है? मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इस गंभीर मामले पर चुप क्यों हैं? यह सब संदेह पैदा करता है।

## अंता से मोरपाल सुमन को भाजपा का टिकट, कांटे का मुकाबला

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** आखिरकार भारतीय जनता पार्टी के हाई कमान ने प्रदेश के अंता विधानसभा सीट से उम्मीदवार का ऐलान कर दिया है भाजपा हाई कमान की ओर से बारा पंचायत समिति के प्रधान मोरपाल सुमन को टिकट दिया है द्य सुमन भारतीय जनता पार्टी के लो प्रोफाइल नेता माने जाते हैं और पूर्व में सरपंच पंचायत समिति के सदस्य जिला परिषद के सदस्य जैसे पदों पर चुने जा चुके हैं इसके अलावा सुमन माली समाज से ताल्लुक रखते हैं इस सीट पर करीब 45000 माली समाज के मतदाता हैं इसलिए इस सीट पर शुरू से ही भारतीय जनता पार्टी के रणनीतिकार माली समाज के राजनेता को ही टिकट देने के बारे में ज्यादा सोच रहे थे इसके लिए इस सीट पर पूर्व में विधायक रह चुके पूर्व मंत्री प्रभु लाल सैनी नंदलाल सुमन और भूपेंद्र सैनी भी तगड़े दावेदार थे लेकिन अंतत भाजपा ने मोरपाल सुमन को उम्मीदवार बनाया मोरपाल सुमन साफ सुथरी छवि के राजनेता माने जाते हैं और पार्टी के समर्पित नेता आ रहे हैं बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद जैसे संगठनों से भी जुड़े रहे हैं इसके अलावा शुरू से ही राष्ट्रीय स्वयं संघ से जुड़े हुए हैं इसके अलावा भारतीय जनता पार्टी के संगठन को मजबूत करने के लिए निरंतर कई सालों से ईमानदारी से काम करते आ रहे हैं इसीलिए पार्टी ने इन्हें इस बार बड़ा मौका दिया है सुमन काफी साधारण परिवार से ताल्लुक रखते हैं खेती करते हैं लेकिन इलाके में उनकी बहुत अच्छी पकड़ है माली समाज के संगठन में भी हमेशा बड़े पदों पर रहे हैं और माली समाज में भी उनके काफी अच्छी इज्जत है बड़ी





बात यह है कि सुमन यही के रहने वाले हैं इसलिए पार्टी ने इन्हें उम्मीदवार बनाना ज्यादा उचित समझा हालांकि प्रभु लाल सैनी इस सीट से पहले विधायक रह चुके हैं काफी वरिष्ठ नेता हैं लेकिन बूंदी जिले से ताल्लुक रहने की वजह से इस बार उनका काफी विरोध हो रहा था स्थानीय लोगों का कहना था कि स्थानीय व्यक्ति को ही टिकट मिलना चाहिए इसलिए मोरपाल सुमन को टिकट देकर सभी तरह के विवाद पार्टी ने समाप्त कर दिए हैं अब यहां पर मुख्य मुकाबला कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया भाजपा प्रत्याशी मोरपाल सुमन और निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा इन तीनों के बीच कड़ा मुकाबला होने की प्रबल संभावना है राजनीतिक विश्लेषक भी कहते हैं कि इस बार यह उपचुनाव काफी कांटे का होगा अभी यह कहना काफी मुश्किल है कि यहां से जीत किसको मिलेगी लेकिन नरेश मीणा के यहां से खड़ा होने से बहुत से राजनीति के जानकार लोगों का कहना है कि प्रमोद जैन भैया के अकाउंट में जो मत जा रहे थे उनमें अधिकांश मत नरेश मीणा के अकाउंट में आ सकते हैं ।

## हाई कोर्ट ने विनोद जाखड़ और दो अन्य छात्र नेताओं को जमानत दी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कांस.)।** एनएसयूआई के राजस्थान इकाई के अध्यक्ष विनोद जाखड़ और छात्र नेता महेश कुमार तथा किशोर चौधरी को गुरुवार को हाईकोर्ट ने जमानत दे दी है जमारत मिलने के बाद जाखड़ के परिजनों और समर्थकों में खुशी की लहर छा गई है क्योंकि दिवाली प्रमुख त्यौहार है और दिवाली से पहले जिस तरह से हाईकोर्ट ने इन छात्र नेताओं को जमानत दी है उससे निश्चित रूप से यह छात्र नेता अपने परिजनों और समर्थनों के साथ दिवाली फेस्टिवल को एंजॉय कर सकेंगे उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों राजस्थान विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी दिवस समारोह के तहत शस्त्र पूजन का आयोजन किया जा रहा था यह आयोजन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से किया जा रहा था इस आयोजन का एनएसयूआई संगठन से जुड़े छात्र नेताओं ने जोरदार विरोध किया था और कहा था कि शिक्षा के मंदिर में शस्त्र पूजन जैसे कार्यक्रम नहीं होने चाहिए इसी बात को लेकर विनोद जाखड़ और एनएसयूआई के छात्र नेताओं पर आरोप था कि इन्होंने वहां पर शस्त्र पूजन के लिए जो मंच स्थापित किया था उसे मंच पर लगे पोस्टर बैनर इत्यादि फाड़ दिए थे जिसके बाद एनएसयूआई और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों के बीच आपस में जोरदार टकराव के हालात बन गए थे दोनों पक्षों के बीच हिंसक गतिविधि हुई पुलिस ने बीच बचाव किया पुलिस ने हल्का बल प्रयोग भी किया इस मामले में पुलिस ने विनोद



जाखड़ किशोर चौधरी महेश कुमार और अन्य छात्र नेताओं को अरेस्ट किया था इस मामले में विनोद जाखड़ किशोर चौधरी और महेश कुमार को निचली अदालत से जमानत नहीं मिली इसके बाद इन्होंने राजस्थान हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गुरुवार को राजस्थान हाई कोर्ट ने इन तीनों छात्र नेताओं को जमानत दे दी हालांकि पूर्व में राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद डोटासरा ने संदेह जताया था कि राजस्थान पुलिस विनोद जाखड़ को अन्य मामलों में भी अरेस्ट कर सकती है विनोद जाखड़ को नरेश मीणा की तरह ही लंबे समय तक जेल में रखने का पुलिस प्लान बना रही है इस तरह की संभावना डोटासराने जताई थी फिलहाल विनोद जाखड़ को जमानत मिल चुकी है ।

## पीडब्ल्यूडी कार्यालय में सहायक प्रशासनिक अधिकारी, दो संविदा कर्मी को रिश्वत लेते पकड़ा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के दोसा जिले के लालसोट में पीडब्ल्यूडी कार्यालय में शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए एसीबी ने सहायक प्रशासनिक अधिकारी और दो संविदा कर्मियों को रिश्वत लेते-रंगेहाथों गिरफ्तार किया है द्य पीडब्ल्यूडी विभाग में हुई इस कार्रवाई के बाद पीडब्ल्यूडी विभाग में तैनात अन्य कर्मचारियों में खलबली छा गई है एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम गिरफ्तार अभियुक्त सहायक प्रशासनिक अधिकारी समुंदर सिंह चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी विष्णु सैनी और कंप्यूटर ऑपरेटर हंसराज से पूछताछ कर रही है एसीबी अधिकारियों को संदेह है कि पीडब्ल्यूडी विभाग में जिस तरह से तीन कर्मचारी और अधिकारियों को रिश्वत लेते पकड़ा गया है उससे जाहिर है कि इस विभाग को इन अधिकारियों और कर्मचारियों ने भ्रष्टाचार का बड़ा अड्डा बनाया हुआ है इसलिए इन अधिकारियों और कर्मचारियों की ओर से जो जो फाइलों को निपटाया गया है उनकी अब जांच की जा रही है भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार परिवादी लालसोट स्थित पीडब्ल्यूडी कार्यालय से ठेकेदारी का लाइसेंस लेना चाहता था इसके लिए यहां सहायक प्रशासनिक अधिकारी पद पर बैठे समुंदर सिंह ने 5 हजार रुपए और कंप्यूटर ऑपरेटर हंसराज 2500 रुपए की रिश्वत मांग रहा था जिसकी शिकायत परिवादी ने



सफेद शर्ट में समुद्र , बीच में हंसराज और तीसरा विष्णु कुमार

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में दर्ज करवाई ब्यूरो के अधिकारियों ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया शिकायत के सत्यापन के दौरान समुंदर सिंह ने 1500 रुपए की रिश्वत ले ली थी इसके बाद जब शिकायत सही पाई गई तो फिर एसीबी के अधिकारियों ने आरोपी अधिकारी और संविदा कर्मियों को रंगे हाथों गिरफ्तार करने के लिए एक रणनीति तैयार की इसी रणनीति के तहत शुक्रवार को जैसे ही परिवार आदि ने समुद्र सिंह को बाकी के 3500 रुपए और हंसराज को 2500 रुपए दिए वैसे ही वहां पहले से तैयार बैठे भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारियों ने रिश्वत की रकम के साथ समुंदर सिंह विष्णु सैनी और हंसराज को मौके पर ही पकड़ लिया एसीबी की टीम अब गिरफ्तार अभियुक्त के समुंदर सिंह के ठिकानों की भी जांच पड़ताल करने की तैयारी में है इसके अलावा समुंदर सिंह और उसके परिजनों के बैंक खातों की भी जांच की जाएगी ।

## अंता सीट 100 प्रतिशत जीतेंगे, मोरवाल सुमन ईमानदार और अच्छी छवि का नेताः मदन राठौड

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि अंता विधानसभा सीट से घोषित किए गए उम्मीदवार मोरवाल सुमन किराने की दुकान चलाते हैं खेती करते हैं और प्रधान के रूप में भी उन्होंने अच्छा कार्य किया है ईमानदार नेता हैं अच्छी छवि है संगठन के समर्पित नेता हैं क्षेत्र में लोगों पर अच्छी पकड़ है इन सब खूबियां के चलते उन्हें पार्टी ने टिकट दिया है उन्होंने कहा कि अंता विधानसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी 100 प्रतिशत जीत दर्ज करेगी मदन राठौड़ ने कहा कि अंता विधानसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी की जीत के एक नहीं अनेक कारण हैं उन्होंने कहा कि एक तरफ केंद्र की मोदी सरकार शानदार और ऐतिहासिक कार्य कर रही है तो पिछले 22 महीना में प्रदेश की भजनलाल सरकार ने हर क्षेत्र में शानदार काम किया है उन्होंने कहा कि अनेक मुद्दे हैं जो भाजपा के चुनावी मुद्दे होंगे चाहे वह ईस्टर्न कैनल योजना हो चाहे हरियाणा से यमुना जल समझौता हो चाहे राइजिंग राजस्थान में 35 लाख करोड रुपए के समझौते होने की बात हो चाहे युवाओं को रोजगार देने की बात हो चाहे भजनलाल सरकार के समय आयोजित हुई सरकारी भर्ती परीक्षाओं में एक भी पेपर लीक नहीं होने की बात हो ऐसे अनेकों मुद्दे हैं जो भाजपा के लिए काफी हैं उन्होंने कहा कि लोग विकास



देखते हैं झूठे वादे करने वालों को लोग पसंद नहीं करते उन्होंने कहा कि हमारा अंता विधानसभा सीट का प्रत्याशी भी काफी ईमानदार है इसलिए लोग वोट करते समय ईमानदार चेहरा जरूर देखते हैं उसमें हमारा प्रत्याशी सबसे खरा प्रत्याशी है एक अन्य सवाल के जवाब में मदन राठौड़ ने कहा कि पार्टी में कहीं भी किसी भी तरह का मनमुता और टकराव नहीं है सर्वसम्मति से प्रत्याशी का चयन हुआ है जहां तक टिकट के दावेदारों की बात है यह तो हर पार्टी में होता आया है हर सीट पर होता है लेकिन टिकट एक को ही मिलता है वैसे भी भारतीय जनता पार्टी में टिकट फाइनल होने के बाद सभी नेता पार्टी के सिंबल को जीत दिलाने के लिए जी जान से जुट जाते हैं इसलिए अंता विधानसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी की जीत निश्चित है ।

## मंत्री हीरालालनागर ने निर्माणाधीन स्कूल पर चलवाया बुलडोजर, घटिया सामग्री से बन रहा था

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** केंद्र की मोदी सरकार की तरह प्रदेश की भजनलाल सरकार भी जीरो टॉलरेंस की नीति पर भ्रष्टाचार के मामले में कार्य कर रही है जिसका ताजा नमूना शुक्रवार को देखने को मिला जब प्रदेश के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कोटा में झाड़ आमला में निर्माण दिन स्कूल के दो मंजिला भवन पर बुलडोजर चलवा कर ध्वस्त कर दिया मंत्री ने यह कार्रवाई पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से प्रस्तुत की गई उसे रिपोर्ट पर की जिसमें इस स्कूल में निर्माण सामग्री में निम्न क्वालिटी की सामग्री उपयोग में लाई गई थी इसलिए मंत्री हीरालाल नागर ने अपनी गहरी आपत्ति जताई और मौके पर ही बुलडोजर बुलवाया और



निर्माणाधीन स्कूल की बिल्डिंग को ध्वस्त करवाया मंत्री ने कहा कि ठेकेदार को ब्लैकलिस्टेड किया जाएगा और उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी जानकारी के अनुसार पिछले दिनों रात्रि चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने शिकायत की थी कि इस स्कूल के निर्माण में निम्न स्तर की सामग्री का उपयोग किया जा रहा है जिसके बाद मंत्री ने निर्माण सामग्री का सैंपल जांच के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग को दिया था विभाग के जांच में निम्न क्वालिटी की सामग्री काम में लिया जाना सामने आया इसके बाद मंत्री ने निर्माणाधीन पूरे स्कूल की बिल्डिंग को ध्वस्त करवाया जानकारी के अनुसार 3.90 करोड रुपए स्कूल के भवन के निर्माण के लिए स्वीकृत किए गए थे जिसमें 30 कमरे स्कूल में बनाया जाना निश्चित था इसके अलावा अटल भूजल योजना के तहत यहां पर तालाब की पाल बाउंड्री वॉल और घाट का कार्य चल रहा था यहां भी निर्माण कार्यों में निम्न क्वालिटी की सामग्री उपयोग में लाई गई थी इसलिए यहां भी सभी निर्माण कार्यों पर बुलडोजर चलवाया गया ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने साफ कहा है कि पिछली गहलोत सरकार में घटिया सामग्री से व्यापक तौर पर हर विभाग में निर्माण कार्य हुए उसी का नतीजा है कि बरसात के दिनों में हादसे हुए लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार भ्रष्टाचार में जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है अगर सरकार ने जो पैसा मंजूर किया है उसे पैसे का सदुपयोग होना चाहिए एक-एक पैसे का सदुपयोग हो इसी नीति पर सरकार काम कर रही है इसलिए जहां-जहां भी निम्न क्वालिटी से निर्माण कार्य जांच में पाए जाएंगे वहां इसी तरह से कार्रवाई करेंगे और दोषी ठेकेदार और कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे कार्रवाई नहीं करेंगे बल्कि पैसा भी वसूल करेंगे क्योंकि इंसान की जान की कीमत से ज्यादा कुछ भी नहीं है और सरकार एक भी पैसे का दुरुपयोग नहीं करना चाहती ।

# समावेशी राजनीति की प्रतिस्पर्धा



> *दलित ठगे रह गए। 'अपनी सरकार' बनने से दलित अस्मिता तो अक्षुण्ण रही, पर उसकी राजनीतिक आकांक्षाएं पूरी न हो सकीं। दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोदी ने तिवादी-अस्मितावादी बहिर्वेशी-राजनीति को दरकिनार कर 'सबका-साथ, सबका-विकास' की समावेशी राजनीति शुरू की तो दलितों का बड़ा वर्ग खिसक कर भाजपा की ओर चला गया। मायावती ने 2007 में जिस सोशल इंजीनियरिंग से सत्ता प्राप्त की, उसे वे आगे न ले जा सकीं। उनकी सोशल इंजीनियरिंग दलित-ब्राह्मण गठजोड़ न थी, वरन उन्होंने सभी जातियों में बसपा का जनाधार बढ़ाया था। इतने सफल प्रयोग को मायावती संभाल न सकीं? कभी-कभी मायावती की राजनीतिक परिपक्वता पर संदेह होता है। उन्होंने सामंतवादी मनोवृत्ति से पार्टी चलाई। 2012 चुनावों के पहले उन्होंने बाबूसिंह कुशवाहा और 2017 चुनावों के पहले स्वामी प्रसाद मौर्य को पार्टी से निकाल दिया। यदि निकालना ही था तो चुनावों*

बसपा प्रमुख मायावती ने 9 अक्टूबर को कांशीराम के 19वें निर्वाण दिवस पर लखनऊ में महारैली की। उत्तर प्रदेश में 2012 के विधानसभा चुनाव के बाद से बसपा लगातार हाशिए पर पहुंचती गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी को अपना चुनाव क्षेत्र बनाकर 'सबका-साथ, सबका-विकास' मंत्र से दलितों को साथ ले लिया। परिणामस्वरूप प्रदेश की सभी 17 सुरक्षित लोकसभा सीटों पर भाजपा विजयी हुई। इससे भाजपा की दलितों में पैठ गहरी हुई। सरकार एवं संगठन में दलितों को सम्मानजनक स्थान मिला, लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव में सपा-कांग्रेस गठबंधन ने दलितों में भ्रम फैलाया कि मोदी 'चार सौ पार' करके बाबासाहेब आंबेडकर का संविधान बदल देंगे, आरक्षण खत्म कर देंगे, जिससे दलित भाजपा से छिटक कर सपा के साथ हो लिए। ऐसे में मायावती नहीं चाहेंगी कि दलित सपा के साथ जुड़ा रहे। इसीलिए वे दलितों को एकजुट करके बसपा में लौटाना चाहती हैं। क्या ऐसा हो सकेगा? क्या भाजपा और सपा भी दलितों के विकल्प हैं? सवाल यह भी है कि मायावती के पास दलित लौटें क्यों? 2012 में अखिलेश से हारने के बाद मायावती ने दलितों को मझधार में छोड़ राष्ट्रीय राजनीति को साधने के लिए दिल्ली का रुख कर लिया। 2007 में मायावती सरकार बनने पर दलितों से ज्यादा ब्राह्मणों और मुसलमानों को मंत्रिपरिषद और पार्टी में महत्वपूर्ण पद मिले। दलित ठगे रह गए। 'अपनी सरकार' बनने से दलित अस्मिता तो अक्षुण्ण रही, पर उसकी राजनीतिक आकांक्षाएं पूरी न हो सकीं। दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोदी ने तिवादी-अस्मितावादी बहिर्वेशी-राजनीति को दरकिनार कर 'सबका-साथ, सबका-विकास' की समावेशी राजनीति शुरू की तो दलितों का बड़ा वर्ग खिसक कर भाजपा की ओर चला गया। मायावती ने 2007 में जिस सोशल इंजीनियरिंग से सत्ता प्राप्त की, उसे वे आगे न ले जा सकीं। उनकी सोशल इंजीनियरिंग दलित-ब्राह्मण गठजोड़ न थी, वरन उन्होंने सभी जातियों में बसपा का जनाधार बढ़ाया था। इतने सफल प्रयोग को मायावती संभाल न सकीं? कभी-कभी मायावती की राजनीतिक परिपक्वता पर संदेह होता है। उन्होंने सामंतवादी मनोवृत्ति से पार्टी चलाई। 2012 चुनावों के पहले उन्होंने बाबूसिंह कुशवाहा और 2017 चुनावों के पहले स्वामी प्रसाद मौर्य को पार्टी से निकाल दिया। यदि निकालना ही था तो चुनावों में उनका प्रयोग करके निकालना था। 2019 लोकसभा चुनावों में अपने धुर-विरोधी अखिलेश यादव से गठबंधन किया। परिणामस्वरूप विधानसभा चुनाव 2022 में बसपा केवल एक सीट जीत सकी और लोकसभा चुनाव 2024 में उसका खाता नहीं खुला। मायावती पर आरोप लगे कि भाजपा का परोक्ष समर्थन करने हेतु वे पिछले चुनाव सक्रियता से चुनाव नहीं लड़ीं और अपने उत्तराधिकारी आकाश आनंद को 2024 चुनाव प्रचार के दौरान ही अपदस्थ कर वापस बुला लिया कि वे अभी 'अपरिपक्व' हैं। इससे संदेह हुआ कि आकाश को हटाने के पीछे कहीं वे भाजपा को लाभ तो नहीं पहुंचाना चाहती थीं, क्योंकि आकाश भाजपा के प्रति अति आक्रामक हो रहे थे और दलित अस्मिता की राजनीति कर रहे थे। मायावती ने 2007 में सोशल इंजीनियरिंग का जो माडल अपनाया, उससे वे 'बहुजन-हिताय, बहुजन-सुखाय' से 'सर्वजन-हिताय, सर्वजन-सुखाय' की समावेशी राजनीति तक पहुंचीं थीं और 'दलित-अस्मिता' की राजनीति पर नहीं लौट सकती थीं। मायावती माडल से भी सशक्त 'सबका-साथ, सबका-विकास' आधारित 'समावेशी माडल' मोदी ने बना लिया था। मायावती को उसकी काट नहीं सूझी। 2024 में राहुल-अखिलेश ने संविधान और आरक्षण पर भ्रम फैलाकर 'पीडीए' (पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक) आधारित आंशिक समावेशी माडल बनाया, जिसका परिणाम उत्तर प्रदेश लोकसभा चुनावों में दिखा। भावी राजनीति में समावेशी माडलों की स्पर्धा देखने को मिलेगी। कौन पार्टी समाज के कितने घटकों को आकर्षित कर पाती है, यही उसकी चुनावी सफलता-असफलता को तय करेगा। हालांकि मोदी ने इसमें नया आयाम जोड़ दिया है। वे जातीय अस्मिता को वर्ग-अस्मिता तक ले गए हैं। ऐसा नहीं कि भाजपा टिकट वितरण या पद आवंटन में जातियों की अनदेखी करेगी, लेकिन उसने सभी जातियों-धर्मों को वर्गों में समेट दिया है जैसे-महिला, युवा, किसान, मजदूर, लाभार्थी और गरीब आदि। फलस्वरूप, भाजपा ने हिंदुत्व और सनातन की छतरी के नीचे सभी धर्मों और जातियों को स्थान दिया है। यह पार्टी के दूरगामी सोच और भावी रणनीति को रेखांकित करता है, जो उसके बढ़ते जनाधार का कारण है। मायावती की सक्रियता-निष्क्रियता, दोनों ही भाजपा के पक्ष में जाती है। उनकी निष्क्रियता से आरोप लगते कि वे भाजपा को परोक्ष समर्थन दे रही हैं, लेकिन उनकी सक्रियता भी भाजपा के लिए लाभकारी होगी। त्रिकोणीय संघर्ष में बसपा ने 2007 में 30 प्रतिशत पर और सपा ने 2012 में 29 प्रतिशत पर सरकारें बनाईं। लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा ने प्रदेश में खराब प्रदर्शन किया, फिर भी उसका जनाधार 41.67 प्रतिशत बना रहा। ऐसे में यदि मायावती डटकर चुनाव लड़ीं, तो वे चुनाव जीते या नहीं, लेकिन उन जाटव-दलितों को अपनी ओर खींच सकती हैं,

## सम्पादकीय

### नकली दवाओं और खतरनाक सौंदर्य प्रसाधनों पर अब सरकार कसेगी नकेल



किसी भी रोग की दवा से लेकर रसायनों के मिश्रण से तैयार हर वह पदार्थ हमेशा ही संबंधित एजंसियों की निगरानी के दायरे में होना चाहिए, जो इंसानी सेहत के लिए जोखिम का कारक बन सकते हैं। हालांकि सरकार के मातहत इसके लिए बाकायदा एक तंत्र है, लेकिन इसके बावजूद बाजार में ऐसी दवाओं और सौंदर्य प्रसाधनों की बिक्री खुलेआम होती रहती है, जिनके उपयोग के बाद स्वास्थ्य कई तरह के जोखिम के दायरे में आ जाता है। ऐसा नहीं है कि इस तरह के खतरनाक रसायनों के इस्तेमाल पर रोक के लिए कानून नहीं हैं, लेकिन या तो वे अपर्याप्त हैं या फिर उन्हें सख्ती से लागू करने को लेकर सरकारी एजंसियों के भीतर कोई इच्छाशक्ति नहीं है। यह बेवजह नहीं है कि ऐसी दवाओं और सौंदर्य प्रसाधनों के इस्तेमाल से कई बार नाहक ही लोगों की मौत होने या स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंचने की खबरें आती रहती हैं। यों तो सरकार को इससे संबंधित नियम-कायदों को पहले ही सख्ती से लागू करना चाहिए था, लेकिन अब नए सिरे से नकली या जोखिम का वाहक बनने वाली दवाओं और नुकसानदेह सौंदर्य प्रसाधनों पर नकेल कसने की तैयारी हो रही है। दरअसल, हाल ही में कुछ राज्यों में खांसी की दवा पीने से कई बच्चों की मौत की खबरें आईं और इससे हर तरफ चिंता पैदा हुई। अब केंद्र सरकार दवाओं और सौंदर्य प्रसाधनों की सख्त गुणवत्ता जांच और निगरानी के लिए कानून लाने जा रही है। इस संबंध में 'औषधि, चिकित्सा उपकरण और सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम, 2025' का मसविदा संसद के आगामी सत्र में पेश किया जा सकता है। देश भर में आए दिन नकली दवाओं की बिक्री और उससे पैदा खतरों को लेकर सवाल उठते रहते हैं। अगर कभी कोई मामला तूल पकड़ लेता है, तब थोड़ी सख्ती और कार्रवाई होती दिखती है। मगर आमतौर पर कार्रवाई के दायरे में निचले स्तर के कुछ कर्मचारी या अधिकारी ही आते हैं। मामला शांत होने के बाद फिर दवाओं के निर्माण को लेकर गुणवत्ता और तय कसौटियों में व्यापक लापरवाही बदस्तूर जारी रहती है। इसी के मद्देनजर विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ-साथ विश्व भर के कई बड़े स्वास्थ्य नियामकों की ओर से भारतीय दवा निर्माताओं की गुणवत्ता संबंधी गंभीर खामियों को लेकर बार-बार शिकायतें और चिंता दर्ज कराई गई। मगर ऐसा लगता है भारत में सरकार और दवा कंपनियों की नींद तब तक नहीं खुलती, जब तक कोई बड़ा नुकसान नहीं हो जाता और कुछ लोगों की जान नहीं चली जाती। ऐसी दवाओं के बारे में भी खबरें आती रहती हैं, जो दूसरे कुछ देशों में प्रतिबंधित होती हैं, लेकिन यहां वे धड़ल्ले से चिकित्सकों के परामर्श तक में शामिल दिख जाती हैं। इसी तरह, सौंदर्य प्रसाधनों में कई ऐसे हैं, जिनमें हानिकारक रसायन मिले होते हैं और वे दीर्घकालिक तौर पर शरीर या इसके खास हिस्से को गंभीर नुकसान पहुंचा सकते हैं। मगर बिना किसी निगरानी और जांच-परख के नकली दवाओं से लेकर सौंदर्य प्रसाधनों के उत्पाद खुले बाजार में खरीदे-बेचे जाते रहते हैं। दूसरी ओर, लोगों के बीच भी अपने स्तर पर किसी उत्पाद या दवा की जांच कराने की सुविधा से लेकर अपेक्षित जागरूकता का अभाव देखा जाता है।


## फर्जी लाभार्थियों पर लगाम

लोगों की पहचान और उनके दस्तावेजों की पुष्टि करने वाली प्रक्रिया कितनी लाभकारी सिद्ध हो रही है, इसका पता पंजाब में लाखों की संख्या में फर्जी लाभार्थियों के सामने आने से चल रहा है। इस राज्य में 45 लाख परिवार सस्ता अनाज ले रहे थे। जब उनसे केवाईसी कराने को कहा गया तो पात्र लाभार्थी काफी कम निकले। करीब 31 लाख लोग भ्रष्ट तौर-तरीकों का सहारा लेकर अपात्र होते हुए भी केंद्र सरकार की सस्ता अनाज योजना का लाभ उठा रहे थे। इससे बड़ी विडंबना और चिंता की बात कोई नहीं कि जो लोग गरीबी रेखा से नीचे नहीं थे वे भी मुफ्त अनाज ले रहे थे। जिन लाखों लोगों ने केवाईसी नहीं कराई उनके बारे में इस नतीजे पर पहुंचना स्वाभाविक है कि वे अपात्र थे। यह कोई पहली बार नहीं है जब किसी सरकारी सुविधा अथवा रियायत या राहत का अनुचित लाभ उठाया जा रहा हो। इस तरह के मामले अन्य अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं में भी सामने आते रहे हैं। इन मामलों के सामने आने से इसी आवश्यकता को बल मिलता है कि प्रत्येक योजना के लाभार्थियों की केवाईसी कराई जानी चाहिए। किसान सम्मान निधि, राशन कार्ड समेत अन्य अनेक मामलों में केवाईसी होती है। उचित यह होगा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की प्रत्येक योजना को केवाईसी से जोड़ा जाए ताकि सरकारी सहायता और सुविधा का लाभ उन्हीं लोगों को मिल सके जो उसके अधिकारी हैं। इसका कोई औचित्य नहीं कि जो पात्र नहीं यानी सक्षम हैं, वे किसी भी सरकारी सुविधा-सहायता का अनुचित लाभ उठाएं। ऐसा इसलिए नहीं होना चाहिए, क्योंकि केंद्र एवं राज्य सरकारें सैकड़ों करोड़ रुपये की सब्सिडी देती हैं। इस सब्सिडी का दुरुपयोग भ्रष्टाचार के अलावा और कुछ नहीं। कई बार इस भ्रष्टाचार में सरकारी अधिकारी एवं कर्मचारी भी शामिल होते हैं। निश्चित तौर पर नेता लोग भी शामिल होते हैं और इसीलिए वे यदाकदा केवाईसी को अनावश्यक एवं जटिल भी करार देते हैं। यह निरा झूठ है और एक तरह से भ्रष्टाचार की अनदेखी भी। इसका अनुमान लगाना कठिन है कि फर्जी लाभार्थियों ने कितनी बड़ी धनराशि अनुचित रूप से हासिल की होगी। इस राशि का एक बड़ा हिस्सा भ्रष्ट नेताओं और नौकरशाहों की जेब में गया होगा। इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि अपने देश में भ्रष्टाचार के नियंत्रित न हो पाने का एक बड़ा कारण भ्रष्ट नेता, अधिकारी एवं कर्मचारी भी हैं। कई बार आम लोग भी भ्रष्ट तौर-तरीके अपनाने में संकोच नहीं करते। यह ठीक है कि अनावश्यक केवाईसी नहीं होनी चाहिए

और बार-बार नहीं होनी चाहिए, लेकिन कुछ योजनाओं और सुविधाओं में तो अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। यह आवश्यक हो गया है कि सिम कार्डधारकों की केवाईसी के साथ ही उसे आधार से जोड़ने का काम इस तरह से हो ताकि कोई भी फर्जी नाम से सिम न लेने पाए।

## दुनिया में हर साल बढ़ेंगे 57 अत्यधिक गर्म दिन

**अध्ययन के अनुसार, यदि सभी देश अपने वादों को पूरा करते हैं और वर्ष 2100 तक तापमान 2.6 डिग्री सेल्सियस बढ़ता है तो दुनिया को अब की तुलना में 57 अतिरिक्त गर्म दिन झेलने होंगे। लेकिन यदि तापमान चार डिग्री सेल्सियस बढ़ा तो यह संख्या दोगुनी हो जाएगी। 'क्लाइमेट सेंट्रल' की वैज्ञानिक क्रिस्टिना डाल ने कहा, 'जलवायु परिवर्तन से दर्द और नुकसान तो होगा, लेकिन यह प्रगति भी दिखाती है कि पिछले 10 सालों में किए गए प्रयास असरदार रहे हैं।' साल 2015 से अब तक दुनिया में औसतन 11 अतिरिक्त 'अत्यधिक गर्म' दिन बढ़ चुके हैं,**



दुनिया इस सदी के अंत तक हर साल लगभग दो महीने तक अत्यधिक गर्म दिनों का सामना करेगी और इसका सबसे ज्यादा असर छोटे व गरीब देशों पर पड़ेगा, जबकि सबसे बड़े कार्बन उत्सर्जक देशों को इसकी मार कम झेलनी पड़ेगी। गुरुवार को जारी एक नए अध्ययन में यह दावा किया गया है। हालांकि, 2015 के पेरिस जलवायु समझौते के बाद से उत्सर्जन कम करने के प्रयासों ने गंभीर स्थिति को कुछ हद तक रोका है। अध्ययन के मुताबिक, अगर यह समझौता नहीं हुआ होता तो पृथ्वी को हर साल 114 और घातक गर्म दिनों का सामना करना पड़ता। 'वर्ल्ड वेदर एट्रिब्यूशन' और अमेरिका स्थित 'क्लाइमेट सेंट्रल' के वैज्ञानिकों ने विभिन्न मॉडल की वास्तविक समय के साथ तुलना करते हुए कंप्यूटर के जरिए यह गणना की है कि पेरिस समझौते से कितनी राहत मिली है। अध्ययन के अनुसार, यदि सभी देश अपने वादों को पूरा करते हैं और वर्ष 2100 तक तापमान 2.6 डिग्री सेल्सियस बढ़ता है तो दुनिया को अब की तुलना में 57 अतिरिक्त गर्म दिन झेलने होंगे। लेकिन यदि तापमान चार डिग्री सेल्सियस बढ़ा तो यह संख्या दोगुनी हो जाएगी। 'क्लाइमेट सेंट्रल' की वैज्ञानिक क्रिस्टिना डाल ने कहा, 'जलवायु परिवर्तन से दर्द और नुकसान तो होगा, लेकिन यह प्रगति भी दिखाती है कि पिछले 10 सालों में किए गए प्रयास असरदार रहे हैं।' साल 2015 से अब तक दुनिया में औसतन 11 अतिरिक्त 'अत्यधिक गर्म' दिन बढ़ चुके हैं, जो लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हैं। अध्ययन में पाया गया कि छोटे द्वीपीय और समुद्र पर निर्भर देश जैसे सोलोमन द्वीप, समोआ, पनामा और इंडोनेशिया को सबसे अधिक नुकसान होगा। उदाहरण के लिए, पनामा को 149 अतिरिक्त गर्म दिनों का सामना करना पड़ेगा। इसके विपरीत अमेरिका, चीन और भारत जैसे प्रमुख उत्सर्जक देशों में केवल 23-30 अतिरिक्त गर्म दिन बढ़ेंगे। वे हवा में 42 प्रतिशत कार्बन डाइआक्साइड के लिए जिम्मेदार हैं, लेकिन उन्हें अतिरिक्त अत्यधिक गर्म दिनों का एक फीसद से भी कम हिस्सा मिल रहा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह असमानता जलवायु न्याय की गहराई को दिखाती है कि जिन देशों ने कम प्रदूषण फैलाया है, वही सबसे ज्यादा जलवायु संकट झेलेंगे। यदि दुनिया के देश 2015 के पेरिस जलवायु समझौते के तहत अपने उत्सर्जन में कटौती संबंधी वादों को पूरा करते हैं और इस सदी में वैश्विक तापमान वृद्धि को 2.6 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने में सफल होते हैं, तो भारत में हर साल अत्यधिक गर्मी वाले 30 दिनों से बचा जा सकता है। एक नए अध्ययन में यह दावा किया गया है। गुरुवार को प्रकाशित इस विश्लेषण में, क्लाइमेट सेंट्रल और वर्ल्ड वेदर एट्रिब्यूशन ने बताया कि यदि पेरिस समझौते के लक्ष्यों को पूरा किया जाए तो वैश्विक स्तर पर औसतन 57 बेहद गर्म दिनों से बचा जा सकता है।

## मीनोपॉज महिलाओं के जीवन का एक प्राकृतिक चरण है- डॉ. मिथलेश गर्ग

रजोनिवृत्ति (मीनोपॉज) महिलाओं के जीवन का एक प्राकृतिक चरण है, जब मासिक धर्म स्थायी रूप से बंद हो जाते हैं। यह आमतौर पर 45 से 51 वर्ष की आयु के बीच होता है। इस दौरान शरीर में एस्ट्रोजन हार्मोन का स्तर घटने से हॉट फ्लैशेज, रात में पसीना आना, मूड में बदलाव, नींद की समस्या और योनि में सूखापन जैसी परेशानियां हो सकती हैं रजोनिवृत्ति से पहले के संक्रमण काल (पेरिमीनोपॉज) में हार्मोनल असंतुलन के कारण शरीर में कई बदलाव आते हैं, जैसे हॉट फ्लैशेज, अनिद्रा, थकान, चिड़चिड़ापन, अवसाद और जोड़ों में दर्द। रजोनिवृत्ति के बाद हड्डियां कमजोर होने लगती हैं, जिससे ऑस्टियोपोरोसिस का खतरा बढ़ जाता है।



इसलिए कैल्शियम और विटामिन डी से भरपूर आहार लेना और नियमित व्यायाम करना जरूरी है। मूड में बदलाव और अवसाद की स्थिति में डॉक्टर से सलाह लेकर काउंसलिंग या संज्ञानात्मक व्यवहार थेरेपी (CBT) ली जा सकती है इस दौरान खुद को संभालने के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाना सबसे जरूरी है। रोजाना हल्का व्यायाम करें, योग और ध्यान को दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। अपने भोजन में हरी सब्जियां, दूध और डेयरी उत्पाद जैसे कैल्शियम और विटामिन डी से भरपूर चीजें शामिल करें। यदि लक्षण अधिक गंभीर हों तो डॉक्टर से परामर्श लें, क्योंकि हार्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी (।।रञ्ज) या अन्य दवाइयों से राहत मिल सकती है रजोनिवृत्ति एक सामान्य शारीरिक प्रक्रिया है, किसी बीमारी का लक्षण नहीं। हर महिला में इसके लक्षण अलग-अलग हो सकते हैं, कुछ महिलाओं को बिल्कुल कोई परेशानी भी नहीं होती। धूम्रपान करने वाली महिलाओं में मीनोपॉज जल्दी आ सकता है, इसलिए धूम्रपान से बचना चाहिए।

**डॉ. मिथलेश गर्ग**
**प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, गर्ग हॉस्पिटल, स्कीम नं. 01, अलवर**

# दीपावली के आने की पूर्व सूचना देता है



# धन तेरस

हमारे देश में सर्वाधिक धूमधाम से मनाए जाने वाले त्योहार दीपावली का प्रारंभ धनतेरस से हो जाता है। इसी दिन से घरों की लिपाई–पुताई प्रारम्भ कर देते हैं। दीपावली के लिए विविध वस्तुओं की ख़रीद आज की जाती है। इस दिन से कोई किसी को अपनी वस्तु उधार नहीं देता। इसके उपलक्ष्य में बाजारों से नए बर्तन, वस्त्र, दीपावली पूजन हेतु लक्ष्मी–गणेश, खिलौने, खील–बताशे तथा सोने–चांदी के जेवर आदि भी खरीदे जाते हैं।

धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से भी इस दिन का विशेष महत्व है। शास्त्रों में इस बारे में कहा है कि जिन परिवारों में धनतेरस के दिन यमराज के निमित्त दीपदान किया जाता है, वहां अकाल मृत्यु नहीं होती। घरों में दीपावली की सजावट भी आज ही से प्रारम्भ हो जाती है। इस दिन घरों को स्वच्छ कर, लीप–पोतकर, चौक, रंगोली बना सायंकाल के समय दीपक जलाकर लक्ष्मी जी का आवाहन किया जाता है। इस दिन पुराने बर्तनों को बदलना व नए बर्तन ख़रीदना शुभ माना गया है। इस दिन चांदी के बर्तन ख़रीदने से तो अत्यधिक पुण्य लाभ होता है। इस दिन हल जुती मिट्टी को दूध में भिगोकर उसमें सेमर की शाखा डालकर लगातार तीन बार अपने शरीर पर फेरना तथा कुंकुम लगाना चाहिए। कार्तिक स्नान करके प्रदोष काल में घाट, गौशाला, कुआं, बावली, मंदिर आदि स्थानों पर तीन दिन तक दीपक जलाना चाहिए। तुला राशि के सूर्य में चतुर्दशी व अमावस्या की सन्ध्या को जलती लकड़ी की मशाल से पितरों का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए।

आज ही के दिन आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के जन्मदाता धन्वन्तरि वैद्य समुद्र से अमृत कलश लेकर प्रगट हुए थे, इसलिए धनतेरस को धन्वन्तरि जयन्ती भी कहते हैं। इसीलिए वैद्य-हकीम और ब्राह्मण समाज आज धन्वन्तरि भगवान का पूजन कर धन्वन्तरि जयन्ती मनाता है। बहुत कम लोग जानते हैं कि धनतेरस आयुर्वेद के जनक धन्वंतरि की स्मृति में मनाया जाता है। इस दिन लोग अपने घरों में नए बर्तन ख़रीदते हैं और उनमें पकवान रखकर भगवान धन्वंतरि को अर्पित करते हैं। लेकिन वे यह भूल जाते हैं कि असली धन तो स्वास्थ्य है। धन्वंतरि ईसा से लगभग दस हज़ार वर्ष पूर्व हुए थे। वह काशी के राजा महाराज धन्व के पुत्र थे। उन्होंने शल्य शास्त्र पर महत्वपूर्ण गवेषणाएं की थीं। उनके प्रपौत्र दिवोदास ने उन्हें परिमार्जित कर सुश्रुत आदि शिष्यों को उपदेश दिए इस तरह सुश्रुत संहिता किसी एक का नहीं, बल्कि धन्वंतरि, दिवोदास और सुश्रुत तीनों के वैज्ञानिक जीवन का मूर्त रूप है। धन्वंतरि के जीवन का सबसे बड़ा वैज्ञानिक प्रयोग अमृत का है। उनके जीवन के साथ अमृत का कलश जुड़ा है। वह भी सोने का कलश। अमृत निर्माण करने का प्रयोग धन्वंतरि ने स्वर्ण पात्र में ही बताया था। उन्होंने कहा कि जरा मृत्यु के विनाश के लिए ब्रह्मा आदि देवताओं ने सोम नामक अमृत का आविष्कार किया था।

सुश्रुत उनके रासायनिक प्रयोग के उल्लेख हैं। धन्वंतरि के संप्रदाय में सौ प्रकार की मृत्यु है। उनमें एक ही काल मृत्यु है, शेष अकाल मृत्यु रोकने के प्रयास ही निदान और चिकित्सा हैं। आयु के न्यूनाधिक्य की एक-एक माप धन्वंतरि ने बताई है। पुरुष अथवा स्त्री को अपने हाथ के नाप से 120 उंगली लंबा होना चाहिए, जबकि छाती और कमर अठारह उंगली। शरीर के एक-एक अवयव की स्वस्थ और अस्वस्थ माप धन्वंतरि ने बताई है। उन्होंने चिकित्सा के अलावा फसलों का भी गहन अध्ययन किया है। पशु-पक्षियों के स्वभाव, उनके मांस के गुण-अवगुण और उनके भेद भी उन्हें ज्ञात थे। मानव की भोज्य सामग्री का जितना वैज्ञानिक व सांगोपांग विवेचन धन्वंतरि और सुश्रुत ने किया है, वह आज के युग में भी प्रासंगिक और महत्वपूर्ण है।

# बारह वर्ष किसान के घर रहीं थीं लक्ष्मी

## धनतेरस की कथा

एक समय भगवान विष्णु मृत्युलोक में विचरण करने के लिए आ रहे थे, लक्ष्मी जी ने भी साथ चलने का आग्रह किया। विष्णु जी बोले- यदि मैं जो बात कहूं, वैसे ही मानो, तो चलो। लक्ष्मी जी ने स्वीकार किया और भगवान विष्णु, लक्ष्मी जी सहित भूमण्डल पर आए। कुछ देर बाद एक स्थान पर भगवान विष्णु लक्ष्मी से बोले- जब तक मैं न आऊं, तुम यहाँ ठहरो। मैं दक्षिण दिशा की ओर जा रहा हूं, तुम उधर मत देखना। विष्णुजी के जाने पर लक्ष्मी को कौतुक उत्पन्न हुआ कि आखि़र दक्षिण दिशा में क्या है जो मुझे मना किया गया है और भगवान स्वयं दक्षिण में क्यों गए, कोई रहस्य ज़रूर है। लक्ष्मी जी से रहा न गया, ज्योंही भगवान ने राह पकड़ी, त्योंही लक्ष्मी भी पीछे-पीछे चल पड़ीं। कुछ ही दूर पर सरसों का खेत दिखाई दिया। वह खूब फूला था। वे उधर ही चलीं। सरसों की शोभा से वे मुग्ध हो गईं और उसके फूल तोड़कर अपना श्रृंगार किया और आगे चलीं। आगे गन्ने (ईख) का खेत खड़ा था। लक्ष्मी जी ने चार गन्ने लिए और रस चूसने लगीं। उसी क्षण विष्णु जी आए और यह देख लक्ष्मी जी पर नाराज़ होकर शाप दिया- मैंने तुम्हें इधर आने को मना किया था, पर तुम न मानीं और यह किसान की चोरी का अपराध कर बैठीं। अब तुम उस किसान की 12 वर्ष तक इस अपराध की सजा के रूप में सेवा करो। ऐसा कहकर भगवान उन्हें छोड़कर क्षीरसागर चले गए। लक्ष्मी किसान के घर रहने लगीं।

वह किसान अति दरिद्र था। लक्ष्मीजी ने किसान की पत्नी से कहा- तुम स्नान कर पहले इस मेरी बनाई देवी लक्ष्मी का पूजन करो, फिर रसोई बनाना, तुम जो मांगोगी मिलेगा। किसान की पत्नी ने लक्ष्मी के आदेशानुसार ही किया। पूजा के प्रभाव और लक्ष्मी की कृपा से किसान का घर दूसरे ही दिन से अन्न, धन, रत्न, स्वर्ण आदि से भर गया और लक्ष्मी से जगमग होने लगा। लक्ष्मी ने किसान को धन-धान्य से पूर्ण कर दिया। किसान के 12 वर्ष बड़े आनन्द से कट गए। तत्पश्चात 12 वर्ष के बाद लक्ष्मीजी जाने के लिए तैयार हुईं। विष्णुजी, लक्ष्मीजी को लेने आए तो किसान ने उन्हें भेजने से इंकार कर दिया। लक्ष्मी भी बिना किसान की मर्जी वहाँ से जाने को तैयार न थीं। तब विष्णुजी ने एक चतुराई की। विष्णुजी जिस दिन लक्ष्मी को लेने आए थे, उस दिन वारुणी पर्व था। अतः किसान को वारुणी पर्व का महत्व समझाते हुए भगवान ने कहा- तुम परिवार सहित गंगा में जाकर स्नान करो और इन कौड़ियों को भी जल में छोड़ देना। जब तक तुम नहीं लौटोगे, तब तक मैं लक्ष्मी को नहीं ले जाऊंगा। लक्ष्मीजी ने किसान को चार कौड़ियां गंगा के देने को दीं। किसान ने वैसा ही किया। वह सपरिवार गंगा स्नान करने के लिए चला। जैसे ही उसने गंगा में कौड़ियां डालीं, वैसे ही चार हाथ गंगा में से निकले और वे कौड़ियां ले लीं। तब किसान को आश्चर्य हुआ कि वह तो कोई देवी है। तब किसान ने गंगाजी से पूछा- माता! ये चार भुजाएं किसकी हैं? गंगाजी बोलीं- हे किसान! वे चारों हाथ मेरे ही थे। तूने जो कौड़ियां भेंट दी हैं, वे किसकी दी हुई हैं? किसान ने कहा- मेरे घर जो स्त्री आई है, उन्होंने ही दी हैं।

इस पर गंगाजी बोलीं- तुम्हारे घर जो स्त्री आई है वह साक्षात लक्ष्मी हैं और पुरुष विष्णु भगवान हैं। तुम लक्ष्मी को जाने मत देना, नहीं तो पुनः निर्धन हो जाओगे। यह सुन किसान घर लौट आया। वहां लक्ष्मी और विष्णु भगवान जाने को तैयार बैठे थे। किसान ने लक्ष्मीजी का आंचल पकड़ा और बोला- मैं तुम्हें जाने नहीं दूंगा। तब भगवान ने किसान से कहा- इन्हें कौन जाने देता है, परन्तु ये तो चंचला हैं, कहीं ठहरती ही नहीं, इनको बड़े-बड़े नहीं रोक सके। इनको मेरा शाप था, जो कि 12 वर्ष से तुम्हारी सेवा कर रही थीं। तुम्हारी 12 वर्ष सेवा का समय पूरा हो चुका है। किसान हठपूर्वक बोला- नहीं अब मैं लक्ष्मीजी को नहीं जाने दूंगा। तुम कोई दूसरी स्त्री यहाँ से ले जाओ। तब लक्ष्मीजी ने कहा- हे किसान! तुम मुझे रोकना चाहते हो तो जो मैं कहूं जैसा करो। कल तेरस है, मैं तुम्हारे लिए धनतेरस मनाऊंगी। तुम कल घर को लीप-पोतकर स्वच्छ करना। रात्रि में घी का दीपक जलाकर रखना और सांयकाल मेरा पूजन करना और एक तांबे के कलश में रुपया भरकर मेरे निमित्त रखना, मैं उस कलश में निवास करूंगी। किंतु पूजा के समय मैं तुम्हें दिखाई नहीं दूंगी। मैं इस दिन की पूजा करने से वर्ष भर तुम्हारे घर से नहीं जाऊंगी। मुझे रखना है तो इसी तरह प्रतिवर्ष मेरी पूजा करना। यह कहकर वे दीपकों के प्रकाश के साथ दसों दिशाओं में फैल गईं और भगवान देखते ही रह गए। अगले दिन किसान ने लक्ष्मीजी के कथानुसार पूजन किया। उसका घर धन-धान्य से पूर्ण हो गया। इसी भांति वह हर वर्ष तेरस के दिन लक्ष्मीजी की पूजा करने लगा।



## धनतेरस : ऐसे करें पूजा

कुबेर पूजन से प्राप्त होगी अक्षय लक्ष्मी-एक पूजा सुपारी को इत्र में डुबो कर लाल कुमकुम से बने स्वस्तिक पर स्थापित करें। धूप, दीप, आरती इत्यादि से पूजन करें। भोग लगा कर इस मंत्र से कमल के फूल या किसी भी सुगन्धित पुष्प अर्पित करें- 'ऊं यक्षाय कुबेराय वैश्रणवाय धनधान्यादि पतये धनधान्य समृद्धि में देहि देहि दापय दापय स्वाहा।' दीपवली के दिन पुनः इसी कुबेर का पूजन लक्ष्मी पूजा के पश्चात करें। अक्षय लक्ष्मी की प्राप्ति होगी।

**धन्वंतरि पूजा :** धनतेरस के दिन धन्वंतरि की भी पूजा होती है। इस दिन प्रातःकाल धन्वंतरि के पूजन के पूर्व यदि विष्णु सहस्रनाम का पठन या श्रवण किया जाये तो स्वास्थ्य लाभ होगा। आम की लकड़ी के पाटे पर हल्दी से स्वस्तिक बनायें। स्वस्तिक के मध्य एक बड़ी पूजा सुपारी को गुलाब जल से स्वच्छ कर भगवान धन्वंतरि के रूप में स्थापित कर पूजन करें।

**यम दीपदान :** धनतेरस को सायंकाल प्रदोषकाल में यम दीपदान करना चाहिए। चारों दिशाओं की ओर मुख की हुई चार रूई की बत्तियां रख कर दिये को तिल के तेल से भर दें। दक्षिण दिशा की ओर देखते हुए निम्नलिखित मन्त्र का उच्चारण करते हुए चार मुंह के दीपक को लाई की ढेरी के ऊपर रख दें।

*मृत्युना पाश दण्डाभ्यां कालेन च मया सह।*
*त्रयोदश्यां दीप दानात् सूर्यजः प्रीयता मिति॥*



# पंचदिवसात्मक पर्व है दीपावली

**प्रथम दिवस :** प्रथम दिन अर्थात् कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी को धनत्रयोदशी अथवा धनतेरस भी कहा जाता है। यह पर्व धन्वन्तरि जयंती के रूप में और धनतेरस के रूप में मनाया जाता है। समुद्र मंथन के समय हाथों में अमृत का कलश लिए धन्वन्तरि की उत्पत्ति इसी दिन हुई थी। यह पर्व वैद्यों के लिए महत्व का है, क्योंकि धन्वन्तरि देव आयुर्वेद के जनक माने जाते हैं। धनवन्तरि जयंती सूर्योदय कार्तिक त्रयोदशी को मनाई जाती है। धनतेरस के रूप में इन दिन धनाध्यक्ष कुबेर की पूजा होती है। इस दिन धातु के बर्तन खरीदना समृद्धिदायक माना जाता है। यह पर्व घर में सुख-समृद्धि के लिए मनाया जाता है। इसलिए इस दिन किसी भी व्यक्ति को धन उधार नहीं देना चाहिए और धन का अपव्यय भी नहीं करना चाहिए। सायंकाल मुख्यद्वार के दोनों ओर दीपदान करना चाहिए। यह दीपदान इस पर्व के पांचों दिन किया जाता है। इनमें दीपदान करने से यमराज प्रसन्न होते हैं और अकाल मृत्यु का भय नहीं रहता है।

**द्वितीय दिवस :** द्वितीय दिन कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी को नरक चतुर्दशी भी कहा जाता है इस तिथि को रूपचतुर्दशी भी कहते हैं। इस दिन सूर्योदय से पहले उबटन लगाकर स्नान किया जाता है। स्नान से पहले तिल्ली के तेल से शरीर की मालिश करनी चाहिए, क्योंकि इस दिन तेल में लक्ष्मी का और जल में गंगा का निवास माना जाता है। स्नान के पश्चात यमतर्पण किया जाता है। इस दिन हनुमान जयंती का पर्व मनाया जाता है। दोपहर के समय हनुमान जी की पूजा-उपासना की जाती है और उन्हें नैवेद्य अर्पित किया जा है। भगवान श्रीकृष्ण ने इसी दिन नरकासुर को मारकर उसके आतंक से निजात दिलवाई थी। इसलिए यह दिन नरकचतुर्दशी के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिन को छोटी दीपावली के रूप में भी मनाते हैं। दीपावली के समान ही इस दिन दीपदान किया जाता है। राजा बलि के राज में दीपमाला प्रज्वलित की जाती है। इसी दिन से राजा बलि का राज प्रारंभ होता है।

**तृतीय दिवस :** अर्थात कार्तिक अमावस्या दीपावली पर्व के रूप में मनाई जाती है। कमला जयंती होने के कारण इस दिन माँ लक्ष्मी की पूजा-उपासना की जाती है। इस त्योहार को मनाए जाने के कई कारण है। भगवान श्रीराम इसी दिन 14 वर्ष का वनवास भोगकर अपने राज्य में लौटे थे। इसलिए इस दिन दीप जलाकर यह खुशी मनाई जाती है। इस दिन माँ लक्ष्मी का पूजन किया जाता है। दीपावली की रात्रि को महानिशा की संज्ञा दी गई है। रात्रिकाल में जागरण करके माँ लक्ष्मी का स्वागत करने के लिए सभी लोग तत्पर रहते हैं। लक्ष्मी पूजन के अतिरिक्त इस दिन व्यापारी अपने व्यापारिक स्थल की पूजा, तुला पूजन, बहीखाते का पूजन, लेखनी का पूजन, दवात का पूजन और कुबेर का पूजन किया जाता है। लक्ष्मी पूजन के अतिरिक्त भगवान गणेश, महाकाली, माँ सरस्वती का पूजन भी करते हैं। ये सभी पूजन प्रदोषकाल एवं स्थिर लग्न में श्रेष्ठ होते हैं। इस दिन घर में दीपमालिकाएं लगाई जाती हैं। प्रकाश के लिए विभिन्न सजावटी वस्तुएं सजाई जाती हैं।

**चतुर्थ दिवस :** इस त्यौहार का चौथा दिन अर्थात् कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा, गोवर्धन पूजा और अन्नकूट के रूप में मनाया जाता है। कृष्ण भगवान के अवतार से पहले इस दिन इंद्र की पूजा की जाती थी, परन्तु भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन की पूजा आरंभ करवाई। इस दिन गोबर से घर के आंगन में गोवर्धन पर्वत की रचना कर उसका पूजन किया जाता है और उसे नैवेद्य का भोग लगाया जाता है। मंदिरों में अन्नकूट का आयोजन होता है और प्रसादी का वितरण होता है। गोवर्धन को गौ दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिन गायों की सेवा करने का विशेष महत्व है।

**पंचम दिवस :** पांचवा दिन अर्थात कार्तिक शुक्ल द्वितीया भाईदूज और यमद्वितीया के रूप में मनाई जाती है। इस दिन भाई अपनी बहन के घर जाकर भोजन करते हैं तथथ भाई अपनी बहिन को श्रद्धानुसार भेंट प्रदान करते हैं। यम की बहन यमी के द्वारा इस दिन यम को बुलाकर भोजन करवाया गया था। यमी ने अपने भाई का अनेक प्रकार से सत्कार किया था और भोजन के पश्चात टीका भी किया। यम ने भी प्रसन्न होकर अपनी बहन को अनेक प्रकार की भेंट प्रदान की और व मांगने को कहा। यमी ने अपने भाई यम से वर मांगा कि जो बहन इस दिन अपने भाई को भोजन करवाये तथा टीका करे, उनकी रक्षा होनी चाहिए। इसलिए इस त्यौहार को यमद्वितीया कहा जाता है। इस दिन चित्रगुप्त जी का पूजन और विश्वकर्मा जी की पूजाजा एवं उपासना भी की जाती है।

## जीके सिटी सेवा समिति के अध्यक्ष बने मधुसूदन दुबे

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निसं)।** जीटी रोड पर पप्पू जाट ढाबा के पास स्थित जीके सिटी कॉलोनी में जीके सिटी सेवा समिति के अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में समाजसेवी मधुसूदन दुबे को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। जीके सिटी स्थित हीरामणि रघुनाथ मंदिर परिसर में संपन्न हुए चुनाव के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष मधुसूदन दुबे जी ने उपस्थित निवासियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जीके सिटी के हित में जो भी संभव होगा, वह तन-मन-धन से नागरिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेंगें। सभी के सहयोग और समन्वय से जी.के. सिटी में विकास और सद्भावना को गति प्रदान करेंगें। कार्यकारिणी में प्रताप सिंह राना को अध्यक्ष की अनुमति से उपाध्यक्ष चुना गया। दुबे ने बताया कि कार्यकारिणी का शीघ्र ही विस्तार किया जाएगा, जिसमें सभी वर्गों और समाज के लोगों का ध्यान रखा जाएगा। बैठक के उपरांत कॉलोनीवासियों ने दुबे व राना को हार्दिक बधाइयाँ दीं और आशा व्यक्त की कि इनके नेतृत्व में कॉलोनी के विकास को नई गति मिलेगी।

### शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान

## खाद्य सुरक्षा दल की छापामार कार्यवाही 600 किलोग्राम दूषित मिल्क केक नष्ट करवाया, खाद्य पदार्थों के लिए नमूने



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं)** त्यौहारी सीजन में खाद्य पदार्थों में मिलावट कर आमजन की सेहत से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा टीम लगातार खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर खराब और दूषित पदार्थों को नष्ट करने की कार्यवाही कर रही है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा आयुक्त टी शुभमंगला और जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा द्वारा गठित टीम ने आज रीको इंडस्ट्रियल एरिया धौलपुर स्थित कृष्ण फूड प्रोडक्ट्स से तीन नमूने लिए गए जिनमें एक नमूना बर्फी तथा एक नमूना सोनपापड़ी लिए। इस दौरान वहां 600 किलो मिल्क केक नमूना लेकर 600 किलोग्राम मिल्क केक को सागर पाड़ा स्थित डंपिंग यार्ड में गड्ढा खुदवा कर नष्ट करवाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार ने बताया कि नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्रवाई कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिले भर में विभाग द्वारा मुस्तादी के साथ मिलावट खोरों के विरुद्ध कार्यवाही जारी है। मिलावट के विरुद्ध दीपावली तक लगातार अभियान संचालित किया जाएगा।

## धौलपुर जिला अग्रवाल महासमिति के जिला अध्यक्ष ऋषि कुमार मित्तल ने की प्रेस वार्ता....



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं)** जिला अग्रवाल महासमिति के जिला अध्यक्ष ऋषि कुमार मित्तल ने प्रेस वार्ता के दौरान दी सभी जिले वासियों को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं। जिला अध्यक्ष ऋषि मित्तल ने बताया कि 26 अक्टूबर 2025 को बसेड़ी रोड़ स्थित निजी मेरिज होम शंभू रिसोर्ट बाड़ी मे होगा अग्र अधिवेशन एवं दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन अग्रवाल महासमिति के जिला अध्यक्ष ऋषि कुमार मित्तल ने बताया कि अग्र अधिवेशन के तहत समाज मे शिक्षा, संगठनात्मक एवं राजनीतिक उदेश्यों को लेकर दिया जोर. अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन पूर्वी राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष गिरीश गर्ग,धौलपुर जिला अग्रवाल महासमिति के जिला मंत्री मुकेश बंसल ,अग्रवाल समाज संस्थान के अध्यक्ष मुकेश गोयल,संस्थान के मंत्री मनोज अग्रवाल,रजत अग्रवाल सहित हुए अन्य गणमान्य लोग मौजुद रहे।

## फुलेरा थाने में सीएलजी बैठक सम्पन्न

### दीपावली पर शांति, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर हुई गहन चर्चा

जयपुर टाइम्स

**फुलेरा (निसं)**दीपावली पर्व को लेकर शुक्रवार को फुलेरा थाना परिसर में सीएलजी (कम्युनिटी लायजन ग्रुप) सदस्यों की बैठक थाना अधिकारी राजेश वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में त्यौहार के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने, आतिशबाजी के समय सुरक्षा उपायों तथा बाजारों में यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। थाना अधिकारी वर्मा ने बताया कि आतिशबाजी केवल निर्धारित स्थानों पर और निर्धारित समयावधि में ही की जाए। अवैध पटाखा बिक्री या असुरक्षित स्थानों पर पटाखे फोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि दीपावली का पर्व खुशियों के साथ-साथ आपसी सौहार्द और स्वच्छता का प्रतीक है, इसलिए सभी नागरिक अपनी जिम्मेदारी निभाएं। बैठक में सीएलजी सदस्य, पुलिसकर्मी एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे और पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## राजेंद्र स्वामी ने RAS परीक्षा में हासिल की 19 वीं रैंक, क्षेत्र में हर्ष की लहर, गोपीराम स्वामी के ग्रामीणों ने गर्मजोशी के साथ किया भव्य सम्मान

जयपुर टाइम्स



**पावटा(निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती भूरी भडाज का गौरव राजेंद्र स्वामी ने इरस 2023 में हासिल की प्रदेशभर में 19वीं रैंक हासिल की है,क्षेत्र में मनाया गया उत्सव जैसा माहौल। मेहनत, लगन और सपनों की उड़ान का उदाहरण बने भूरी भडाज निवासी राजेंद्र स्वामी पुत्र मूलचंद स्वामी ने राजस्थान प्रशासनिक सेवा परीक्षा 2023 में प्रदेशभर में 19वीं रैंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनके इस सुनहरे उपलब्धि की खबर फैलते ही पूरे इलाके में खुशी की लहर दौड़ गई।गुरुवार को पूरे दिन भूरी भडाज व आस-पास के गांवों में उत्सव जैसा माहौल रहा। ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने राजेंद्र स्वामी का शाही अंदाज में स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान ढोल-नगाड़ों की ताल पर नाचते लोग, और फूलों की वर्षा के बीच माला-साफा पहनाकर राजेंद्र का अभिनंदन किया गया।गोपीराम स्वामी के नेतृत्व में आयोजित सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया। जनप्रतिनिधियों ने मंच से युवा प्रतिभा के जज़्बे और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि राजेंद्र स्वामी जैसे नौजवान युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।राजेंद्र स्वामी ने अपनी सफलता को पिता मूलचंद, ससुर गोपीराम स्वामी ,गुरुजनों और ग्रामीणों के आशीर्वाद से जोड़ा। उन्होंने कहा कि निरंतर मेहनत, आत्मविश्वास और लक्ष्य के प्रति दृढ़ संकल्प किसी भी सफलता की सबसे बड़ी कुंजी हैं। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र के युवाओं में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार हुआ है। सम्मान समारोह में आसपास के गांवों से आए वरिष्ठजन, महिलाएं, और युवा शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में कहा कि राजेंद्र स्वामी ने न केवल परिवार का बल्कि पूरे प्रदेश का नाम ऊँचा किया है। कार्यक्रम के दौरान मिठाइयों का वितरण हुआ और बच्चों नेभूरी भडाज का गौरव राजेंद्र स्वामी ज़िंदाबाद" के नारों से वातावरण को सफलता की गूँज में बदल दिया।इस दौरान गोपी राम स्वामी अमनदीप खोजा, रमनदीप शर्मा, डॉ पृथ्वी सिंह कामलोडिया,सरवन स्वामी,अशोक मीणा,लालाराम यादव,कृष्ण स्वामी, पूर्व सरपंच रमेश यादव, डॉ रोहतास स्वामी ,महेश,मनोज ,हनुमान सहाय,मिश्रीलाल ,अमीचंद,बनवारी लाल ,रघुवीर,जी,सोनाराम श्रीराम, श्रवण, रोहिताश डेयरी सचिव, भजनलाल ,प्रकाश, महेश,हरिराम ,विकास, रूपना रायण, बाबूलाल गुरुजी,श्याम सुंदर, विजय सहित अनेकों लोग मौजूद थे।

## दीपावली सहित आगामी त्यौहारों के मद्देनजर जिला पुलिस ने की नाकाबंदी

जयपुर टाइम्स



**(निसं)**पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में जिले में दीपावली सहित अन्य आगामी त्यौहारो के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को चाकचौबंद कर दिया गया है। कल देर शाम और रात्रि में सभी थानों की पुलिस टीमों द्वारा अलग अलग स्थानों पर विशेष नाकाबंदी की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में दीपावली त्योहार के दौरान कानून-व्यवस्था की सुदृढ़ता और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ज़िला पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद हो गई है। उन्होंने बताया है कि जिले में पुलिस द्वारा नाकाबंदी की जा रही है, जो अगले कुछ दिनों तक जारी रहेगी। नाकाबंदी के दौरान ज़िले के प्रवेश और निकास मार्गों सहित प्रमुख चौराहों पर हर संदिग्ध व्यक्ति और वाहन की बारीकी से जांच की जा रही है। विशेषकर, रात के समय आवाजाही करने वाले वाहनों पर पैनी नज़र रखी जा रही है। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में कल शाम को की गई नाकाबंदी के दौरान वाहनों की सघन चेकिंग की गई इस दौरान 20 बिना नंबरी वाहनों, 07 ब्लैक फिल्म/काले शीशे, 06 अनाधिकृत लिख हुए शब्द वाले वाहनों एवं 89 वाहनों के खिलाफ यातायात के अन्य नियमों के उल्लंघन पर की कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया है कि दीपावली के समय चोरी, जुआ, नकबजनी, अवैध हथियार तस्करी, और मादक पदार्थों की तस्करी जैसी अवैध गतिविधियों में वृद्धि की आशंका रहती है। इसलिए जिला पुलिस की टीमें इन पर सख्त निगरानी रखे हुए हैं। पुलिस का लक्ष्य है कि त्योहार के दौरान किसी भी आपराधिक घटना को होने से पहले ही रोका जा सके। नाकाबंदी से पुराने और वांछित अपराधियों की धरपकड़ में भी मदद मिलेगी। रात के समय गश्त भी बढ़ा दी गई है। यह कदम अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए उठाया गया है। आमजन भी सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। यदि उन्हें कोई भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति दिखाई दे, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

### शहरी सेवा शिविर का हुआ समापन

## ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओ को लेकर नगरपालिका प्रशासन को दिया ज्ञापन

जयपुर टाइम्स




**दांतारामगढ़(निसं)।** शहरी सेवा शिविर में शुक्रवार को दांता नगर वासियों द्वारा दांता नगरपालिका प्रशासन को ज्ञापन दिया गया, जिसमें 10 प्रमुख बिंदुओं को लेकर नगर पालिका व प्रशासन का ध्यान आकर्षित कर बताया गया कि वह इन कार्यों पर तत्काल रूप से कार्यवाही करें ताकि आमजन को त्योहार व शादी के सिजन पर राहत मिल सके। जानकारी के अनुसार दांता नगरपालिका में 17 सितंबर से शुरू हुआ शहर। सेवा शिविर का शुक्रवार को समापन हुआ। ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओ को लेकर नगरपालिका प्रशासन को ज्ञापन दिया जिसमें यातायात व्यवस्था को संतुलित बनाने के लिए वन वे ट्रैफिक दिन में सुबह 10 से शाम 6.00 बजे तक होना ही चाहिए , नगरपालिका क्षेत्र दांता के चारों ओर रिंग रोड का स्थापना का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा जाए, सभी बस स्टैंड की स्थापना एक जगह की जानी चाहिए जो की एक दूसरे के नजदीक हो ताकि यात्री को 10 किलो का वजन लेकर 1000 मीटर 1500 मीटर 500 मीटर लेकर चलना ना पड़े, यात्रा आराम दायक रहे,उसकी जिम्मेदारी नगर पालिका और आरटीओ तहसीलदार एसडीएम यह सभी प्रशासन के अधिकारियों की बनती है, शहरी क्षेत्र में विद्युत तार आवासीय परिसर के ऊपर से निकल रहे हैं या छूकर जा रहे हैं जिसके कारण किसी भी प्रकार का हादसा हो सकता है अतः विद्युत विभाग को निर्देश दिए जाने चाहिए कि वह इन तारों को आबादी क्षेत्र या मकान के ऊपर से हटा कर थोड़ा साइड से निकले , दाता नगर पालिका में सीटी लाइट को एकल खम्भे पर स्थापित की जानी चाहिए , बाजार के मध्य सर्वाधिक शौचालय की संख्या को बढ़ाकर 10 तक की जानी चाहिए , दांता नगर पालिका के हर वार्ड में राशन डीलर होना चाहिए ताकि आमजन को राशन सामग्री लेने में सहजता से मिल सकें, दांता नगर पालिका क्षेत्र विशालकाय होने के कारण आमजन को सहजता से चिकित्सा सुचारू मिले, इसका लिए ज्ञानदास पुरा,किरो की ढाणी, काबरियाबास में डिपेंशरी होनी चाहिए, हर वार्ड के सार्वजनिक चौंक में सफाईकर्मी का नाम, सीटी लाइट इंचार्ज का नाम, वं पार्षद का नाम, अधिशासी अभियंता का नाम फ़ोन नंबर दर्ज कर बोर्ड लगाया जाना चाहिए, बहुत बहुत सारे ऐसे स्थान हैं जिस पर अतिक्रमण हो रखा है या वह स्थान जिसे पंचायत ने सरकारी भूमि का पट्टा बनाकर दिया और अदालत ने उनका पट्टा खारिज कर पुनः सरकारी भूमि घोषित किया उन्हें तत्काल रुप में अतिक्रमण मुक्त कराया जाना चाहिए।

## मण्डावा में रास्ता विवाद, दो पक्ष आमने-सामने



**मंडावा(निसं)।** वार्ड 11 में रास्ता विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने है। रास्ता विवाद मामले को लेकर एसडीएम मुनेश कुमारी पुलिस जाप्ते के साथ गुरुवार को मौके पर पहुंची। आरोप यह लगाया जा रहा है कि आम रास्ते पर दोनों पक्षों के लोगों ने अपने-अपने प्लाट पर तारबंदी कर रास्ता बंद किया हुआ है, दूसरी ओर एक जगह पर ताबुक की दीवार बनाकर भी रास्ता को ब्लॉक कर दिया गया है। वहीं रास्ता विवाद को लेकर एसडीएम ने नगर पालिका से लेआउट प्लान मांगा तथा सीवरेज कंपनी से पानी सप्लाई लाइन डालने का नक्शा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। तथा मौके पर एसडीएम मुनेश कुमारी ने नक्शा के अनुसार पानी की लाइन डालने के निर्देश रूडिप की संविदा फर्म कर्मचारियों को दिए और मौके पर लोगों को जल्द आम रास्ता खुलवाने का आश्वासन भी एसडीएम ने दिए। इस दौरान थाना अधिकारी रामनिवास, सफाई निरीक्षक सत्यनारायण बावलिया, रूडिप संविदा फर्म के विनय रेडी, सामुदायिक विकास अधिकारी अनिल रूहेला, पार्षद प्रतिनिधि सतीश आर्य सहित वार्ड के लोग मौजूद रहे।

## स्व. गोठी देवी की द्वितीय पुण्यतिथि पर अनेकों आयोजन

जयपुर टाइम्स



**विराटनगर(निसं)।** निकटवर्ती बागावास अहिरान में स्वर्गीय गोठी देवी की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को विविध धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों सहित परिजनों ने भाग लेकर स्व. गोठी देवी को श्रद्धासुमन अर्पित किए।कार्यक्रम का शुभारंभ पांचुराम के सान्निध्य में किया गया, इस दौरान पौधारोपण कार्यक्रम सहित गो सवामणि व अनेको कार्यक्रम आयोजित हुए साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण किया गया।कार्यक्रम में लीलाराम कुम्हार, पांचूराम कुम्हार, राजेश कुम्हार सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। आयोजन के दौरान ग्राम वातावरण श्रद्धा और सामाजिक एकता के भाव से सराबोर नजर आया।

## अस्थायी पटाखा लाइसेंस जमा करने की मांग



जयपुर टाइम्स

**बिजौलिया(निसं)।** पटाखा व्यापार संघ के व्यापारियों द्वारा अस्थायी पटाखा लाइसेंस को जमा कराने के लिए उपखण्ड अधिकारी अजित सिंह राठौड़ को ज्ञापन सौंपा गया।ज्ञापन में बताया कि 18 अस्थायी पटाखा लाइसेंसधारियों को दीपावली पर पटाखा बिक्री हेतु छोटा खेल मैदान पर दुकानें लगाने की स्वीकृति दी गई थी। लेकिन आबादी क्षेत्र से अधिक दूर होने के कारण जनता का वहाँ आना-जाना नहीं हैं। समीप ही बिजौलियां का श्मशान घाट व भगवान के चबूतरे स्थापित होने से भी जनता में उस स्थान के बारे में गलत धारणा व भय का माहौल होने से पटाखों की बिक्री सम्भव नहीं होने से सभी 18 पटाखा लाइसेंस होल्डर्स के लाइसेंस जमा । किए जाने के साथ ही इस दरम्यान पटाखे जब्त नहीं किए जाने की मांग भी की गई।शुभम जैन,नीरज लक्षकार,मोहन सिंधी,प्रभात सोनी,प्रखर,करण सिंह,पवन लुहड़िया,लोकेश जैन,पंकज जैन,हरीश जैन,प्रदीप धाकड़,मुकेश माली व घनश्याम खटीक मौजूद रहे।

## पहले ही प्रयास में अभिनव ने पाई 120 वीं रैंक

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ़(नि.सं.)।** साधारण परिवार में जन्मे सुजानगढ़ के वार्ड न. 2 के निवासी अभिनव सैनी ने प्रथम प्रयास में ही आरएएस परीक्षा 120 वीं रैंक से पास करके परिवार समाज का नाम रोशन किया है। अभिनव सैनी के पिता रामकृष्ण सैनी प्राईवेट जॉब करते हैं, जबकि माता मंजू देवी अध्यापिका हैं। सत्यनारायण माली ने बताया कि राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में उम्दा रैंकिंग हासिल करने पर कस्बेवासियों, परिवार समाज की ओर से उनको बधाई दी गई है।

## दीवाली को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैगमार्च

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** दीवाली के त्यौंहार को लेकर पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला गया। डीएसपी दरजाराम बोस, सीआई बेगाराम मीणा के नेतृत्व में पुलिस बल और आरएसी के करीब 50 जवानों ने लाडनू बस स्टेंड, गांधी चौक, घंटाघर, स्टेशन रोड़ आदि स्थानों से होकर फ्लेगमार्च निकाला। डीएसपी दरजाराम बोस ने बताया कि शनिवार को सुबह से बाजारों में वाहनों के लिए प्रवेश बंद कर दिया जायेगा, ताकि दीवाली की खरीदारी बाजारों में आराम से हो सके। सीआई बैगाराम मीणा ने बताया कि 20 जवान शादा वर्दी में दीवाली पर बाजारों में तैनात किए जायेंगे, ताकि किसी भी लड़की या महिला के साथ कोई गलत हरकत न हो। फ्लेगमार्च में पुलिस, आरएसी के जवान भी शामिल रहे।

# जनभागीदारी से हो जनकल्याण, योजनाओं की हो सफल क्रियान्विति- खर्रा

## स्वायत्त शासन विभाग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा ने शहरी सेवा शिविर की व्यवस्थाओं का लिया जायजा, लाभार्थियों को वितरित किए पट्टे

जयपुर टाइम्स




**चूरू(निसं.)** स्वायत्त शासन विभाग राज्य मंत्री (स्वतंत्रा प्रभार) झाबर सिंह खर्रा शुक्रवार को चूरू में जनप्रतिनिधियों व आमजन से रूबरू हुए। इस मौके पर उन्होंने परशुराम भवन में आयोजित शहरी सेवा शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और लाभार्थियों को पट्टे व पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत ऋण स्वीकृति के चेक प्रदान किए। इस मौके पर चूरू विधायक हरलाल सहारण, जिला प्रमुख वंदना आर्य, जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वायत्त शासन मंत्रा खर्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में हम देश-प्रदेश को विकसित बनाने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत उन्नति व प्रगति की राह पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान विकसित प्रदेश बनने के लिए मजबूती से कदम बढ़ा रहा है। सरकार ने आमजन को बेहतरीन सुविधाएं एक ही जगह मुहैया करवाने के लिए शिविरों का संचालन किया है। खर्रा ने कहा कि स्वायत शासन विभाग तैयारी कर रहा है कि विभाग में सभी प्रकार की सेवाओं के आवेदन ऑनलाइन ही लिए जाएं। इसी के साथ आवास योजनाओं व भूखंडों के स्वामित्व की जानकारी भी ऑनलाइन ही की जाएगी, ताकि कोई भी नागरिक भूखंड के वास्तविक मालिक को देख सकेगा। इससे धोखाधड़ी जैसी गतिविधियों पर पर अंकुश लगेगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने शहरी सेवा शिविरों के माध्यम से समाज के कमजोरी व मध्यम वर्गीय परिवारों को योजनाओं से जोड़कर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने का काम किया है। इन शिविरों का एक लक्ष्य यह भी है कि आमजन को योजनाओं की संपूर्ण जानकारी हो, ताकि परिवेश का कोई भी पात्रा व्यक्ति वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश के 10000 गांवों को गरीबी मुक्त गांव बनाने के सतत प्रयास कर रही है। इसी के साथ पीएम स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री विश्वकर्मा योजना व उद्यम प्रोत्साहन योजनाओं के माध्यम से आम आदमी की आमदनी बढ़ाने और उन्हें गरीबी रेखा से ऊपर लाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार अभी प्रवासी राजस्थानी मीट भी करवा रही है। इसमें यहां के प्रवासियों को कर्मभूमि से मातृभूमि से जोड़कर प्रदेश की आर्थिक विकासात्मक गतिविधियों को संबल मिलेगा और प्रदेश तेजी से विकास राह पर बढ़ेगा। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार शहरी विकास को गति देने का काम कर रही है। हमारी सरकार के सतत प्रयासों से पिछले दिनों बरसात के दौरान शहर में कहीं पर भी पानी भरने की समस्या नहीं आई। इसी के साथ सेवा शिविरों के माध्यम से हमारी सरकार ने अंतिम छोर के व्यक्ति तक योजनाओं व नीति-निर्णयों की पहुंच सुनिश्चित की है। जिला प्रमुख वंदना आर्य ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को लाभ दिए जाने के लिए प्रदेश की भजनलाल सरकार प्रतिबद्ध है। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने शिविरों में प्रगति और व्यवस्थाओं की जानकारी दी तथा स्वायत्त शासन मंत्री खर्रा का स्वागत किया। आयुक्त मघराज डूडी ने शिविर की व्यवस्थाओं की जानकारी दी। संचालन रवि दाधीच ने किया। कार्यक्रम में स्वायत शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा सहित अतिथियों ने संग्राम सिंह राठौड़, जगदीश सिंह, सीताराम पीपलवा व मनोज कुमार शर्मा को भवन निर्माण अनुज्ञा प्रदान की और सुमन, ममता, सुनील कुमार, अजय सिंह, रतनलाल, इंदिरा कुल्हरी, सुशीला कुमारी, कुलदीप ईशराण, अमीर खान, बनवारीलाल नायक आदि को नामांतरण तथा हरिप्रसाद सैनी, महेंद्र सिंह, खेताराम, सरोज, विद्याधर, आदित्य, तनसुख राम, रामगोपाल, राममोहन मंत्रा, सावन परिहार, प्रीति अग्रवाल, अनीता मीणा, गौरव जांगिड़, कैलाश कस्वां, प्रियंका अग्रवाल, शिल्पा बजाज, पंकज अग्रवाल, सुशील कुमार, किरण कंवर, इंचरज कंवर, पुष्पेंद्र सिंह, महावीर सिंह धांधनिया को पट्टे प्रदान किए। इसी क्रम में अतिथियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 अंतर्गत जगदीश, खुशी मोहम्मद, विनोद, राजू व मोहम्मद को 50000 रुपए की प्रथम किस्त के चेक तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 1.0 अंतर्गत रचना व लेखचंद को आवास पूर्ण होने पर चाबी सौंपी। इसी के साथ प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत जाकिर, आरिफ, सरोज, संदीप गाड़िया लोहार, सुनीता, सुमन, पिंकी देवी को 25000 रुपए राशि का ऋण स्वीकृति चेक प्रदान किया

## ऐसी प्रतियोगिताओं से ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है-मुस्ताक खान



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** ग्राम झारिया के गोगामेड़ी मैदान में राज्य स्तरीय रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव मुस्ताक खान थे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता अब्दुल लतीफ कारी ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव महेश ढूकिया, सरपंच प्रतिनिधि निसार खान, बीडीसी मेंबर सुनील मेघवाल, भंवर सिंह, लोहिया कॉलेज के पूर्व महासचिव पुलकित चौधरी, छात्र नेता फरमान खान व युवा नेता गुलजार खान थे। प्रतियोगिता का शुभारंभ अतिथियों ने फीता काटकर व गेंद खेलकर किया। इस अवसर पर मुस्ताक खान ने कहा कि इस तरह के आयोजन से ग्रामीण अंचल से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन होता है और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर मिलते हैं। ग्रामीण जनों में आपसी सौहार्द भी कायम होता है। मुस्ताक खान ने भव्य आयोजन के लिए सभी ग्राम वासियों व आयोजन कर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर इंतजार खान, मुबारिक खान, सुफियान तंवर, खुशी, फारुक खान, आदिल शेरा, आसिफ खान, आसिफ तंवर, वाहिद तंवर, मुदस्सर खान, राहुल डीगला, जुबैर तंवर, बिलाल खान, दिलशाद खान, शाहरुख खान, आसिफ खान, फरदीन तंवर, इमरान तंवर, समीर तंवर, कैफ तंवर, अरशद तंवर, हर्ष डीग्ला ने अतिथियों का माल्यार्पण कर व साफा पहनाकर स्वागत किया। उद्घाटन मैच सरदारशहर व भालेरी के बीच खेला गया, जिसमें सरदारशहर विजेता रहा।

## राज्य सरकार विभिन्न योजनाओं से आमजन को लाभान्वित कर रही है-सहारण

### ग्राम झारिया व सहजूसर में ग्रामीण सेवा शिविर का हुआ आयोजन




जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस.)** निकटवर्ती ग्राम झारिया व सहजूसर में शुक्रवार को ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को राज्य सरकार की योजनाओं से लाभविन्त किया गया। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार की विभिन्न योजनाओं से लोगों को लाभान्वित करने का काम कर रहे हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत उन्नति व प्रगति की राह पर अग्रसर है। भारत देश की अर्थव्यवस्था में लंबी छलांग लगा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को प्राथमिकता से किए जा रहे हैं। सहारण ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान विकसित प्रदेश बनने के लिए गांवों में मजबूती से कदम बढ़ा रहे हैं। सरकार ने आमजन को बेहतरीन सुविधाएं एक ही जगह मुहैया करवाने के लिए सेवा शिविरों का संचालन किया है। तहसीलदार अशोक गोरा ने ग्रामीणों को राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर उप जिला प्रमुख महेन्द्र न्यौल, प्रधान दीपचन्द राहड़, विकास अधिकारी महेन्द्र भार्गव, सरपंच शिवराम सिंह गोदारा, झारिया के देबुराम, रामनिवास, निसार खान, रिछपाल, हरचन्द, चेतन भार्गव, सीताराम, सुनीता, नथमल, पवन कुमार आदि उपस्थित थे।

## लक्ष्मीपत सिंघानिया एकेडमी बिसाऊ को मिला एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग में प्रथम स्थान

जयपुर टाइम्स

**बिसाऊ(निसं.)** लक्ष्मीपत सिंघानिया एकेडमी बिसाऊ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता का प्रतीक बनी हुई है। प्राचार्य दीपक पुरोहित ने बताया कि लक्ष्मीपत सिंघानिया एकेडमी बिसाऊ को हाल ही में एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग 2025-26 में सह-शिक्षा डे स्कूल श्रेणी में लगातार आठवीं बार चूरू जिले में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग देश में स्कूली शिक्षा के लिए एक अत्यंत सम्मानित मानक है। शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए यह मान्यता विद्यालय की उच्च मानकों के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रमाण है। पिछले कई वर्षों से, लक्ष्मीपत सिंघानिया अकादमी बिसाऊ ने बहुआयामी दृष्टिकोण के माध्यम से शैक्षिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। लक्ष्मीपत सिंघानिया एकेडमी ने भारत में एक प्रमुख शैक्षणिक संस्थान के रूप में अपनी पहचान बनाई है। यहां के छात्रों ने संस्थान के समग्र शिक्षा मॉडल की प्रभावशीलता को प्रदर्शित करते हुए लगातार संस्थान को गौरवान्वित किया है। हाल ही में जारी एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग 2025-26 पुरस्कार उत्कृष्टता के प्रति इसकी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। अपनी स्थापना के बाद से, शिक्षा, समग्र विकास और आधुनिक बुनियादी ढाँचे पर संतुलित ध्यान केंद्रित करके, इस विद्यालय ने लगातार विविध क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली व्यक्तित्वों का विकास किया है।




# 80 वर्षीय चौ. तुलसी राम भगत के निधन पर परिवार ने किया देहदान

## सीकर है देहदान और रक्तदान में अग्रणी, 40 माह पूर्व धर्मपत्नि के साथ की थी देहदान की घोषणा

## स्वयं ने मृत्यु से 3 वर्ष पूर्व ही कर दिए थे अंतिम संस्कार के कार्य

जयपुर टाइम्स





**सीकर(निस.)** जिंदा व्यक्ति किसी के काम आए तो उसे इंसान कहते हैं। लेकिन कई लोग अपनी मृत्यु के बाद भी इंसानियत की मिसाल पेश कर जाते हैं। शुक्रवार को सीकर जिले के तारपुरा ग्राम पंचायत के भगत की ढाणी निवासी चौधरी तुलसी राम भगत ने अपनी मृत्यु पर देहदान कर एक प्रेरणादायी मिशाल कायम की है। सुधीर महरिया स्मृति संस्थान निदेशक एवं अंगदान व देहदान मोटीवेटर बी एल मील ने बताया कि 80 वर्षीय चौधरी तुलसी राम भगत का शुक्रवार तड़के निधन हो गया था । उनकी मृत्यु के बाद परिवारजनों ने देहदानी के पार्थिव देह को शुक्रवार को श्री कल्याण राजकीय मेडिकल कॉलेज को सुपुर्द कर दिया था । सीकर रक्तदान, अंगदान और देहदान में अग्रणी है । आमजन भी इस मुहिम में बढ़ चढ़कर भाग ले रहा है । देहदान प्रक्रिया और श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित जन समुदाय ने कहा कि देहदानी भगत परिवार द्वारा देह का दान करने से समाज में सकारात्मक संदेश मिलेगा। इसके साथ ही मेडिकल कॉलेज के स्टूडेंट्स इसके जरिए ज्ञान हासिल कर अपने कौशल को विकसित कर सकेंगे। इनका यह अनुकरणीय कार्य ग्रामीण अंचल में प्रेरणादायी साबित होगा । देहदानी भगत 80 वर्ष के होने के बावजूद भी हष्ट-पुष्ट और स्वस्थ्य थे । चौ. तुलसी राम भगत एक किसान के साथ-साथ समाजसेवी एवं प्रेरणास्रोत शख्सियत थे जिन्होंने अपने जीवन को सदैव समाज सेवा को समर्पित किया और अपने देहदान के माध्यम से भी मानवता के प्रति अपनी अंतिम जिम्मेदारी निभाई। देहदानी भगत के ज्येष्ठ पुत्र महेंद्र सिंह भगत ने बताया कि पिताजी ने 40 माह पूर्व हमारी माताजी भगवानी देवी के साथ देहदान की घोषणा के बाद मृत्यु के पश्चात किए जाने वाले अंतिम संस्कार स्वयं ने ही जीवित रहते ही 3 वर्ष पहले ही अपने हाथ से कर दिए थे । हरिद्वार जाकर गंगा जी में भी अपना एक दांत प्रवाहित कर पूरे क्रिया कर्म करवा दिए थे उसके बाद अपनी अंतिम इच्छा अनुसार सभी रिश्तेदार एवं जान पहचान के लोगों को अपने घर पर बुलाकर सवामणी का प्रसाद भी कर दिया था उनका यह महान कार्य आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा मेडिकल कॉलेज एनाटोमी विभाग सहायक आचार्य डॉ विश्वदीपक यादव , एनाटॉमी विभाग असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ प्रवेश कुल्हरी, डॉ रवीन्द्रबड़ोदिया ने देहदान की प्रक्रिया करवा कर देह को सम्मान के साथ प्राप्त कर एनाटॉमी विभाग में संरक्षित किया देहदान प्रकिया एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती , उप जिला प्रमुख ताराचन्द धायल, पूर्व अतिरिक्त जिला कलेक्टर ईश्वर सिंह राठौड़, दयाल सिंह रोरु, सुधीर महरिया स्मृति संस्थान , निदेशक एवं देहदान मोटीवेटर बी एल मील, श्री कल्याण मेडिकल कॉलेज प्रोफेसर डॉ. जगदीश सीगड़, श्री कल्याण मेडिकल कॉलेज लैब अधीक्षक सत्येंद्र कुड़ी , तारपुरा सरपंच प्रतिनिधि सुरजीत भींचर, एनाटॉमी विभाग के रामनिवास, राहुल, महिपाल, देहदानी की धर्मपत्नी भगवानी पुत्रगण महेंद्र सिंह भगत, राजेंद्र कुमार भगत, मनोज भगत, सुभाष भगत पुत्री शारदा, पुत्रवधू सरिता, सरोज, संगीता, मनोज सहित परिवार के अन्य सदस्य बिड़दा राम भगत, रामचंद्र भगत, मोतीलाल भगत, जगना राम, डूंगा राम, हुकमाराम भींचर, रिछपाल सेवदा, सुभाष महला, रामेश्वर ओला, रिछपाल बुरड़क, रामनिवास नैण, प्रहलाद बुरडक, महावीर जाखड़, केसर खेदड़, नर्सिंग ऑफिसर राजेश बाटड़,जसवीर गुर्जर, रमेश पूनिया, शिवपाल मूंड, सांवरमल धींवां सहित जिले के अनेक नेतागण, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, गण्यमान्य लोग और मेडिकल कॉलेज स्टाफ गण ने पुष्प चक्र एवं फूल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की । देहदान और अंगदान मोटीवेटर बी एल मील ने बताया कि सीकर में 2023 अगस्त माह में अंगदान पखवाड़े के समापन पर सुधीर महरिया स्मृति संस्थान, राजस्थान ब्लड डोनर्स ग्रुप और शेखावाटी ब्लड सेंटर द्वारा आयोजित देहदान कार्यक्रम में मात्र एक घंटे में 132 से भी ज्यादा लोगों ने देहदान की घोषणा कर अनूठा रिकॉर्ड बनाया था ।

# स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार थीम आधारित अष्टम पोषण माह का समापन

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस.)** स्थानीय पेंशनर भवन महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से 17 सितम्बर से 16 अक्टूबर 2025 तक चल रहे अष्टम राष्ट्रीय पोषण माह का समापन शुक्रवार को समारोह पूर्वक हुआ। समारोह की मुख्य अतिथि जिला प्रमुख वंदना आर्य थी। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक डॉ. नरेन्द्र सिंह शेखावत ने की। गौरतलब है कि स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार थीम पर आधारित अष्टम पोषण माह का आयोजन 17 सितम्बर से 16 अक्टूबर तक पूरे जिले में जोर-शोर से किया गया। इस दौरान उपनिदेशक शेखावत ने पोषण माह के दौरान ब्लॉक एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आयोजित गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आर्य ने पोषण, मोटे अनाज के लाभ और महिलाओं के समग्र स्वास्थ्य की जानकारी दी। जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि मोटे अनाज (मिलेटस) को नियमित आहार का हिस्सा बनाना चाहिए ताकि कुपोषण और एनिमिया जैसी समस्याओं की रोकथाम की जा सके। इसके साथ ही उन्होंने महिला पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकताओं को ज्यादा से ज्यादा कुपोषित बच्चों की पहचान कर पीएचसी-सीएचसी के माध्यम से एमटीसी सेंटर भेजने का आहान किया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने थीम आधारित गतिविधियों पर रंगोली बनाई। इस दौरान अतिथियों ने गोद भराई और अन्नप्राशन की रस्म अदा की। इस दौरान छह गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई और 6 माह पूर्ण कर चूके 5 बच्चों को अन्नप्राशन करवाया गया। विभाग द्वारा दिए जाने वाले पौष्टिक पोषाहार के विभिन्न व्यंजनों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिससे उपस्थित लोगों को व्यावहारिक जानकारी भी मिली। पोषण माह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और एएनएम कार्मिकों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# 33/11 केवी जीएसएस भंडौदा खुर्द में स्वीकृत

*झुंझुनू(निसं.) । जिले के भंडौदा खुर्द में अजमेर डिस्कॉम की ओर से बिजली तंत्र को सुद्दढ बनाने तथा 11 केवी लाइनो की अधिक लम्बाई को कम करने, ट्रिपींग की समस्या होने, फीडरों ओवर लोड होने के कारण बार बार फाल्ट होना तथा भडौदा खुर्द, वृन्दावन, चीचंडोली, मरोत एवं मरोत का बास के गांव के अन्तिम छोर के उपभोक्ताओं को सामान्यत: ट्रिपिंग की वजह से वोल्टेज भी कम मिलती जिसके कारण उपकरण जल जाते है आदि समस्याओं के निस्तारण हेतू 33/11 केवी जीएसएस भंडौदा खुर्द स्वीकृत हुआ है। जिसकी अनुमानित लागत 3 करोड 53 लाख रूपये है। जिसके अन्तर्गत 5 एमवीए का पावर ट्रॉसफार्मर स्थापित किया जायेगा। इस जीएसएस के संचालन से भडौदा खुर्द, वृन्दावन, चीचंडोली, मरोत एवं मरोत का बास के लगभग 4000 उपभोक्ताओं को गुणवतापूर्वक निर्बाध विधुत आपूर्ति मिलेगी तथा वर्तमान में चल रही ट्रिपिंग की समस्या का निस्तारण होगा। अधीक्षण अभियंता झुंझुनू ने बताया कि इसके अतिरिक्त दिपावली पर्व पर 33/11 केवी जीएसएस चंवरा पर 5 एमवीए का पावर ट्रासफार्मर स्थापित कर संचालन किया जायेगा।*

**कार्यालय जिला कार्यक्रम समन्वयक एवं जिला कलक्टर, चूरू**
फोन नं. 01562-250594 फैक्स 01562-255983, ई-मेल pd-chu-rj@nic.in

क्रमांक :- 3298-3300 दिनांक :- 17/10/2025

**ई-बोली आमंत्रण सूचना -01/2025-26**

जिला परिषद चूरू कार्यालय के अधीन विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत सामाजिक अंकेक्षण कार्य हेतु ब्लॉक व ग्राम पंचायत स्तर पर दीवार लेखन कार्य करवाने जाने हेतु इच्छुक बोलीदाताओं से 236 लाख की राशि तक का कार्य करवाये जाने हेतु दिनांक 06.11.2025 तक सायं 6:00 बजे तक ई-उपापन पद्धति से निविदायें आंमत्रित की जाती हैं। निविदा संबंधित अन्य विवरण www.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

NIB : ZCR2526A0962
UBN : ZCR2526WSOB01618
राज.संवाद/सी/25/12503

अति. जिला कार्यक्रम समन्वयक
एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी
जिला परिषद, चूरू

**Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd., JAIPUR.**

No. NIT/2025-26/ 23358-70 अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 448/2025-26 Date- 17.10.2025

निम्नलिखित कार्य के लिए केन्द्र / राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों एवं उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (रु0 ) |
|---|---|
| Construction of B.Sc. Nursing College & Hostel Building at Govt. Model Nursing Institute Nawan District Nagaur. UBN: RRC2526WLOB00816 | 1420.60 Lakh |

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईट- http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.nic.in तथा http://pwd.rajasthan.gov.in/rsrdc पर देखा जा सकता है । इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

महाप्रबंधक

**Superintendent Govt. Intellectual Disable Home, Boys Wing Jamdoli, Jaipur**

File No.- 04/917/2025-26 Date 14/10/2025

**Notice Inviting Bid**

Bids for supply of Exhaust Fan at Govt. Intellectual Disable Home, Jamdoli, Jaipur are invited from interested bidders upto 11:00 AM date 24-10-2025. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http:// sppp. rajasthan.gov.in of the state and http:// dsap. rajasthan.gov.in departmental website. The approximate value of the procurement regarding Exhaust Fan is upto Rs. 425000 (in words rupees four lakh twenty five thousand only).
Exhaust Fan - UBN No. - DSA2526GSOB00016
Mob. No. - 9867777092

SUPERINTENDENT

DIPR/C/15597/2025

राजस्थान सरकार
**कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय**
जिला स्वास्थ्य भवन, सेठी कोलोनी, जयपुर-302004 ( फोन नं. 0141-2605858)

क्रमांक /भण्डार/ 2025 / 15 दिनांक: 15/10/2025

**खुली निविदा सूचना**

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय के अधिनस्थ चिकित्सा संस्थान यू. सी.एच.सी वाटीका हेतु एक्स-रे मशीन क्रय एंव स्थापित करने हेतु निर्धारत प्रपत्र में मोहरबंद दरे आमंत्रित की जाती है निविदा प्रपत्र शुल्क राशि 500 /- एंव बोली प्रतिभूति राशि रु 20000 / - का डी.डी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय के नाम से देय होगा । एवं शर्ते sppp.raj.nic.in पोर्टल में देखी जा सकती है उक्त निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने के पूर्ण अधिकार निम्न हस्ताक्षकर्ता के पास होगा ।

| क्रसं | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत लाखो में | निविदा फार्म प्राप्त करने की दिनांक | निविदा फार्म जमा करने की तिथी | निविदा खोलने की तिथी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | X-ray Machine Digitalization and other instrument Reader printer CR Cassette 2 Computer Set | 10.00 लाख | 16.10.25 से 28.10.25 को दोपहर 03.00 बजे तक | 28.10.25 दोपहर 04.00 बजे तक | 28.10.25 शाम 05.00 बजे |

नोट:- उक्त संबंध में अन्य जानकारी हेतु मिनी स्वास्थ्य भवन कमरा नम्बर 27 कार्यालय सी.एम.एच.ओ द्वितीय स्टोर में संपर्क करे।
NIB - MMS 2526A3111
UBN - MHS2526GSOB04473

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जयपुर द्वितीय

DIPR/C/15574/2025

**Office of Chief Medical and Health Officer, Khairthal-Tijara**

S.No./NHM/Act./ 629 Dated: 17/10/2025

**Notice Inviting E-Bid**

Bids for Diagnostic Test Card/Kit are invited for interested bidders up to 11-11-2025 till 3 pm. Particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://sppp.raj.nic.in http://eproc.rajasthan.gov.in Approximate value of the procurement is Rs.2.8 crore.

NIB No. MHS2526A3122
UBN No. MHS2526GLRC04498

Chief Medical and Health officer
Khairthal-Tijara

## जोधपुर जिला क्रिकेट संघ को डिश क्वालीफाई करने का कुमावत को कोई अधिकार नहीं- धनंजय सिंह खींवसर

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राज्य क्रिकेट संघ की हेड ऑफ कमिटी के सदस्यों के बीच आपस में टकराव की स्थिति चरम सीमा पर पहुंच गई है शुक्रवार को राज्य क्रिकेट संघ हेड ऑफ कमेटी के सदस्य धनंजय सिंह खींवसर ने पत्रकारों को बताया कि जोधपुर जिला क्रिकेट संघ को डिसक्वालीफाई करने का डीडी कुमावत को कोई अधिकार नहीं है उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसी भी जिला क्रिकेट संघ को डिसक्वालीफाई करने के लिए अकेला कोई भी व्यक्ति निर्णय नहीं ले सकता उन्होंने कहा कि इसके लिए राज्य क्रिकेट संघ या अब हेड ऑफ कमेटी की बैठक में ही सर्वसम्मति से निर्णय लिया जाता है लेकिन कुमावत ने अकेले अपने स्तर पर जोधपुर जिला क्रिकेट संघ को डिसक्वालीफाई करने का जो निर्णय लिया वह खेल नीति और राज्य क्रिकेट संघ के नियमों के खिलाफ है धनंजय सिंह खींवसर ने कहा कि पिछले करीब 100 दिनों से राज्य क्रिकेट संघ की हेड ऑफ कमेटी की कोई नहीं हुई है लोकपाल की नियुक्ति भी कुमावत ने अपने स्तर पर की है उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार और प्रदेश के सहकारिता विभाग की ओर से हेड ऑफ कमिटी के सदस्य के रूप में उन्हें नियुक्त करने का पत्र उनके पास है इसलिए उनका यह कहना कि मैं राज्य क्रिकेट संघ की हेड ऑफ कमेटी की बैठक में शामिल नहीं हो सकता बिल्कुल गलत है धनंजय सिंह खींवसर ने पत्रकारों के सवाल के जवाब में यह भी कहा कि अच्छा होता डीडी कुमावत आज की बैठक में आते मिल बैठकर क्रिकेट की भलाई की बातें करते लेकिन वह नहीं आए शुक्रवार को जो बैठक हुई उसमें पिंकेश जैन और धनंजय सिंह खींवसर शामिल थे धनंजय सिंह खींवसर के राज्य क्रिकेट संघ के दफ्तर से चले जाने के बाद डीडी कुमावत दफ्तर में आए और उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि जिन निर्णय का धनंजय सिंह विरोध कर रहे हैं यह निर्णय उन लोगों के ही लिए हुए हैं एक सवाल के जवाब में कुमावत ने कहा कि राजस्थान में क्रिकेट का कोई भी नुकसान नहीं हो रहा क्रिकेट के सभी गतिविधियां जारी है अगर कोई अड़चन भी आती है तो वह अपने निजी पैसे से प्रतियोगिताएं करवाएंगे उन्होंने कहा कि प्रदेश में क्रिकेट की गतिविधियों में कहीं कोई कमी नहीं आई है उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ महीनो से राज्य क्रिकेट संघ की हेड ऑफ कमेटी के सदस्यों के बीच आपस में टकराव की स्थिति बनी हुई है वर्तमान हालातो में राज्य क्रिकेट संघ हेड ऑफ कमेटी के अध्यक्ष डीडी कुमावत कहीं ना कहीं अकेले पड़ गए हैं अब पिंकेश जैन धनंजय सिंह खींवसर और अन्य सदस्य एक ग्रुप में हो गए हैं और कुमावत अकेले पड़ गए हैं ।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज 75 लाख किसानों को देंगे दिवाली का तोहफा

### भरतपुर जिले की नदबई के कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित होगा शानदार कार्यक्रम हजारों की संख्या में किसान रहेंगे मौजूद, स्थानीय विधायक जगत सिंह सभा को ऐतिहासिक बनाने में जुटे

जयपुर टाइम्स





**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज भरतपुर के नदबई में मुख्यमंत्री किसान सम्मन निधि योजना की चौथी किस्त की राशि राशि का वितरण कर रहे हैं चौथी किस्त की राशि के रूप में 717.96 करोड रुपए प्रदेश के किसानों के खातों में ट्रांसफर होंगे राजस्थान सरकार ने वार्षिक सहायता 6000 रुपए से बढ़कर 8000 रुपए की और 2025 26 से 9000 रुपए करने की घोषणा की है इस योजना से अब तक 7 1.79 लाख किसान लाभान्वित हो चुके हैं आज की इस सभा में दिवाली से पहले जिस तरह से प्रदेश के किसानों के बैंक अकाउंट में यह राशि ट्रांसफर हो रही है उससे निश्चित रूप से दिवाली पर्व के मध्य नजर किसानों को काफी राहत मिलेगी दिवाली पर्व को किस ठीक तरह से एंजॉय कर सकेंगे इसलिए प्रदेश के किसान काफी खुश और उत्साहित हैं और 18 अक्टूबर के उगते हुए सूरज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं प्रदेश के किसान उस क्षण का इंतजार कर रहे हैं जब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा नदबई में आयोजित सभा में किसान सम्मन निधि की चौथी किस्त प्रदेश के किसानों के बैंक खातों में भिजवाएंगे किसान सम्मन निधि की योजना किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में काफी सहायक साबित हो रही है वैसे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुरू से ही प्रदेश के किसान और खेती को खुशहाल करने के लिए काफी गंभीर रहे हैं मुख्यमंत्री शर्मा खुद भरतपुर जिले के ग्रामीण परिवार से ताल्लुक रखते हैं सरपंच जैसे पद पर शुरू में विराजमान रहे हैं इसलिए किसानों के बीच बचपन से ही रहे और किसान मजदूर और युवाओं की पीड़ा को दिल और दिमाग दोनों से महसूस करते हैं यही वजह रही कि केंद्र की मोदी सरकार ने किसानों के लिए जो योजना शुरू की थी उसकी किस्त की राशि को प्रदेश की भजनलाल सरकार ने अपने स्तर पर ज्यादा बढ़ाया ताकि किसानों को ज्यादा पैसा मिल सके जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री शर्मा आज नदबई विधानसभा क्षेत्र को कुछ और सौगात भी दे सकते हैं इसके अलावा नदबई में जिला अस्पताल के उद्घाटन का भी कार्यक्रम है भजन लाल शर्मा खुद भरतपुर के रहने वाले हैं तो जाहिर तौर पर इस सभा में बड़ी संख्या में लोगों के आने की उम्मीद है स्थानीय विधायक जगत सिंह इस सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए पिछले कई दिनों से काफी प्रयास कर रहे थे गांव गांव जाकर सभा में आने के लिए किसानों को निमंत्रण भी दिया इसलिए बड़ी संख्या में लोगों के आने की संभावना के चलते सभा स्थल को दुल्हन की तरह सजाया गया है सभा में आने वाले किसानों को और लोगों को किसी भी तरह की कोई असुविधा न हो इसके लिए सभा स्थल के आसपास चिकित्सा पीने का पानी शौचालय जैसी पुख्ता व्यवस्था की गई है इसके अलावा सुरक्षा के भी पुख्ता प्रबंध किए गए हैं पार्किंग भी सुनिश्चित की गई है ताकि लोगों को किसी भी तरह की कोई परेशानी न उठानी पड़े द्य जिला प्रशासन और पुलिस के सभी बड़े अधिकारी नियमित रूप से सभा स्थल का दौरा करके तैयारी का जायजा भी ले रहे हैं इसके अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधि और भाजपा के संगठन से जुड़े नेता भी बराबर सभा की तैयारी का जायजा लेते नजरआए।

## सरपंच और जनप्रतिनिधि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए स्वदशी को बढ़ावा दें: भागीरथ चौधरी



जयपुर टाइम्स

**केकड़ी (निसं.)।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री तथा अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने कहा कि ग्राम पंचायतें भारत की लोकतांत्रिक आत्मा हैं, जहां विकास की असली शुरुआत होती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में पंचायतों को अधिकार, संसाधन और पारदर्शिता के साथ सशक्त किया जा रहा है, ताकि गांवों तक विकास की गंगा पहुंचे। केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने शुक्रवार को संसदीय क्षेत्र अजमेर के केकड़ी मुख्यालय स्थित पटेल आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित "सरपंचों के प्रशासक नियुक्ति आभार एवं अभिनंदन समारोह" को संबोधित करते हुए यह बात कही।

**स्थानीय कारीगरों और उद्यमों को प्रोत्साहित करें**

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार "आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान" और "वोकल फॉर लोकल" के माध्यम से ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सतत प्रयासरत है। उन्होंने उपस्थित सरपंचों और जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा दें, स्थानीय कारीगरों और उद्यमों को प्रोत्साहित करें तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूत करने में योगदान दें। भागीरथ चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देशभर में ग्राम पंचायतों को तकनीकी रूप से सशक्त करने के लिए ई-गवर्नेंस, डिजिटल रिकॉर्ड और पारदर्शी योजना मॉनिटरिंग जैसी पहलें शुरू की हैं, जिससे विकास योजनाओं का सीधा लाभ ग्रामीणों तक पहुंचे।

**बढ़ रही है ग्राम पंचायतों की भूमिका**

इस दौरान केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने नव नियुक्त सरपंच प्रशासकों का अभिनंदन करते हुए कहा कि अब ग्राम पंचायतों की भूमिका केवल स्थानीय प्रशासन तक सीमित नहीं रही, बल्कि ग्रामीण नवाचार, आत्मनिर्भरता और सामाजिक समरसता को आगे बढ़ाने की दिशा में भी यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रही हैं। कार्यक्रम में केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम, भाजपा अजमेर देहात जिलाध्यक्ष जीतमल प्रजापत, केकड़ी प्रधान होनहार सिंह राठौड़ सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, सरपंचगण, भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कृषि मंत्री किरोड़ी मीणा ने 122 करोड रुपए फसल बीमा घोटाले का खुलासा किया

### 1.70 लाख किसानों के क्लेम हुए शून्य

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास.)।** प्रदेश की भजनलाल सरकार भ्रष्टाचार में जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है और इस कार्य में कृषि मंत्री डॉक्टर किरोड़ी मीणा सबसे आगे नजर आ रहे हैं डॉक्टर किरोड़ी मीणा एक तरफ जहां पिछले कुछ महीनो से प्रदेश भर में नकली खाद बीज बनाने वाले लोगों के फर्जीवाड़े का खुलासा किया प्रदेश में कई जगहों पर गोदाम में छापा मारा तो पूरे देश में छापामार मंत्री के रूप में विख्यात हो गए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी राजस्थान में आयोजित एक सभा में डॉक्टर किरोड़ी मीणा को छापामार मंत्री के रूप में संबोधित किया था डॉक्टर किरोड़ी मीणा ने शुक्रवार को पत्रकारों के समक्ष एक और बड़े फर्जी वाले का खुलासा किया है शुक्रवार को पत्रकारों के समक्ष कृषि मंत्री डॉ किरोड़ी मीणा ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ 2023, रबी 2023, खरीफ 2024 और रबी 2024 के दौरान करीब 1.70 लाख किसानों द्वारा व्यक्तिगत क्लेम आवेदन किए गए थे। फसल मौसमी कहर से खराब होने के बावजूद बीमा कंपनी ने सभी किसानों का क्लेम '0' कर दिया। इसकी जांच डॉक्टर किरोड़ी मीणा ने करवाई तो किसानों और कृषि विभाग के कार्मिकों के हस्ताक्षर फर्जी पाए गए। यानी बीमा कंपनी ने वास्तविक सर्वे किया ही नहीं। इन सभी किसानों का कुल क्लेम करीब 100 करोड़ रुपये बनता था, जो पोर्टल में ऑनलाइन किए थे जो कंपनी द्वारा फर्जी हस्ताक्षर कर हड़प लिया गया। इसी तरह खरीफ 2023 के करीब 1,800 किसानों ने ऑफलाइन आवेदन किए थे, जिनका क्लेम लगभग 22 करोड़ रुपये का है। इनमें भी वही गड़बड़ी पाई गई। शुक्रवार को डॉक्टर किरोड़ी मीणा ने मीडिया के सामने 32,000 फार्म प्रस्तुत किए, जिनमें से 30,000 से अधिक फार्म फर्जी पाए गए। कृषि मंत्री किरोड़ी मीणा ने बताया किफसल बीमा के व्यक्तिगत क्लेम की जांच के लिए बनी समिति में एक किसान प्रतिनिधिकृषि विभाग का कार्मिक शामिल थेलेकिन जब इनके हस्ताक्षर ही फर्जी पाए गए, तो यह स्पष्ट है कि कोई वास्तविक सर्वे हुआ ही नहीं। अब वंचित किसानों को उनका हक विभाग की एस ओ पी के अनुसार दिलाया जाएगा और बीमा कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया जाएगा और कड़ी कार्रवाई की जाएगी ।

## अतिरिक्त मुख्य सचिव कुंजीलाल मीणा को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सम्मानित किया

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के अतिरिक्त मुख्य सचिव कुंजीलाल मीणा को दिल्ली में शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विज्ञान भवन में एक शानदार समारोह में सम्मानित किया जानकारी के अनुसार यह सम्मान मीणा को उनके आदिवासी क्षेत्रों में किए गए उल्लेखनीय और उत्कृष्ट कार्य के लिए सरकार की ओर से दिया गया है मीना भारतीय प्रशासनिक सेवा के राजस्थान कैडर के वरिष्ठ अधिकारी हैं और प्रदेश में इन्होंने कई बड़े-बड़े विभागों में बड़ी-बड़ी जिम्मेदारियां को निभाते हुए सरकारों को अपने कार्यों से काफी प्रभावित किया है मीना कर्मठ और ईमानदार अधिकारी माने जाते हैं प्रदेश में चाहे किसी भी पार्टी की सरकार रही हो राजस्थान में हर पार्टी की सरकार ने इन्हें जनता से जुड़े महत्वपूर्ण विभाग की जिम्मेदारी दी कई जिलों के कलेक्टर भी रहे हैं अब तक की नौकरी में इन्होंने बहुत ही उत्कृष्ट कार्य करके राजस्थान सरकार ही नहीं बल्कि केंद्र सरकार को भी प्रभावित किया है बताया गया है कि केंद्र सरकार की ओर से पूरे देश भर में आदिवासी क्षेत्र के विकास के लिए और आदिवासी लोगों की भलाई के लिए विशेष योजनाएं संचालित की जा रही है इन योजनाओं का राजस्थान में बेहतर तरीके से क्रियान्वयन करने में मीणा के काफी उत्कृष्ट भूमिका रही जिसके परिणाम स्वरूप उन्हें दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से सम्मानित किया गया इस मौके पर देशभर के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी मौजूद थे कई और अधिकारियों को भी उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया कुंजीलाल मीणा राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले के बामनवास तहसील के रामसिंहपुरा गांव के रहने वाले हैं राजस्थान में उदयपुर डूंगरपुर राजसमंद चित्तौड़गढ़ बांसवाड़ा प्रतापगढ़ झालावाड़ इत्यादि जिलों में आदिवासी समुदाय के बड़ी संख्या में लोग रहते हैं केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की भजनलाल सरकार आदिवासी क्षेत्र के कल्याण और विकास के लिए अलग से योजनाएं तैयार कर रही है इन क्षेत्रों को पर्यटन की दृष्टि से भी विकसित किया जा रहा है इन तमाम तरह के कार्यों का कुंजीलाल मीणा ने बहुत ही बेहतर तरीके से प्रबंध किया है जिसके अच्छे परिणाम सामने आए हैं इसीलिए इन्हें यह इतना बड़ा सम्मान राष्ट्रपति की ओर से मिला है ।

## इमरजेंसी गेट के सामने लगा दी थी कुर्सी, हादसे के बाद नहीं खुल पाया गेट



### प्रदेश भर में 1400 बस की गई जांच, 162 बस सीज

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जैसलमेर बस हादसे के बाद प्रदेश भर में बस बॉडी बनाने वाले कारखाने पर मौके पर जाकर परिवहन विभाग की टीम जांच पड़ताल कर रही है प्रदेश भर में शुक्रवार दोपहर तक 1400 बस की जांच पड़ताल की गई जिसमें अधिकांश बसों में कोई ना कोई कमी और गड़बड़ी पाई गई तथा 162 बसों में गंभीर अनियमिताएं पाई गई इनके अलावा यह बस सुरक्षा के निर्धारित मापदंड पूरा नहीं कर रही थी इसलिए इन 162 बस कोसीज किया गया द्य परिवहन विभाग के बड़े अधिकारियों का कहना है कि बस में गड़बड़ी होने पर बस मालिक और बड़ी निर्माता दोनों को दोषी माना जाएगा इसलिए बस बॉडी बनाने वाले कारखाने पर जाकर भी परिवहन विभाग की टीम में बारीकी से जांच पड़ताल कर रही है द्य जैसलमेर में जिस बस में यात्री जले थे उस बस के इमरजेंसी गेट के सामने कुर्सी लगा दी गई थी जिसकी वजह से हादसे के बाद इमरजेंसी गेट नहीं खुला और यात्री बस से बाहर नहीं निकाल पाए अगर इमरजेंसी गेट हादसे के बाद खुल जाता तो कई यात्रियों की जान बच सकती थी इसके अलावा इस बस की लंबाई को भी बढ़ाया गया और सीटों की संख्या भी ज्यादा की गई जो नियमों के खिलाफ थी इसलिए बस की जांच पड़ताल में गंभीर अनिताएं और गड़बड़ियां पाई गई उन्होंने कहा कि जांच में पारदर्शिता लाने के लिए पुणे से भी सेंट्रल इंस्टीट्यूट आफ रोड ट्रांसपोर्ट की दो सदस्यों की टीम को बुलाया गया है। परिवहन विभाग के एडिशनल कमिश्नर ओपी बुनकर ने बताया कि पूरे प्रदेश भर में बस की बॉडी बनाने वाले कारखाने पर परिवहन विभाग की टीम मौके पर जाकर जांच पड़ताल कर रही है चेचिस के नंबर बॉडी इत्यादि के बारे में जांच पड़ताल संपादित की जा रही है उन्होंने कहा कि जैसलमेर बस हादसे में जांच के लिए पांच अधिकारियों की टीम बनाई गई है जिसमें दो अधिकारी परिवहन विभाग के दो इंजीनियर रोडवेज के और एक बस बॉडी नियम की जानकारी रखने वाले इंस्पेक्टर को शामिल किया गया है उन्होंने कहा कि भविष्य में इस तरह की घटना ना हो इसलिए परिवहन विभाग सक्रियता से पूरे प्रदेश में एक तरफ सड़क पर संचालित हो रही बसों की जांच पड़ताल कर रहा है तो दूसरी तरफ जहां बस बॉडी का निर्माण किया जाता है वहां भी जांच पड़ताल की जा रही है ।

## गुजरात में रिवाबा जडेजा समेत 25 मंत्रियों ने शपथ ली, 16 नए नेताओं को मंत्री बनाया

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)** गुजरात की सियासत में एक नया अध्याय शुक्रवार को शुरू हो गया है गांधीनगर के महात्मा मंदिर में मंत्रिमंडल विस्तार के तहत नए मंत्रियों ने शपथ ली इस भव्य समारोह में राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने नए मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई सबसे पहले हर्ष संघवी ने मंत्री पद की शपथ ली उन्हें गुजरात का उपमुख्यमंत्री बनाया जा सकता है कल 25 मंत्रियों ने शपथ ली इसमें 16 नए चेहरे शामिल हैं छह पुराने मंत्रियों को भी दोबारा से मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है । शुक्रवार को जिन मंत्रियों ने शपथ ली उसमें हर्ष सांगवी गुजरात के पूर्व गृहमंत्री और बीजेपी के गद्दार नेता माने जाते हैं जितेंद्र भाई बागनी पाटीदार समाज के बड़े नेता माने जाते हैं अर्जुन मोदवाडिया गुजरात के पोरबंदर से विधायक हैं बीजेपी के बड़े नेताओं में इनकी गिनती होती है डॉक्टर प्रदुमन बजा नरेश पटेल रिवाबा जडेजा जो क्रिकेटर रवींद्र जडेजा की पत्नी है और जामनगर ग्रामीण से विधायक हैं रमन भाई सोलंकी दर्शन वाघेला स्वरूप जी ठाकुर ईश्वर सिंह पटेल प्रफुल्ल पंसारिया डॉक्टर मनीषा वकील त्रिकम चंगा आदिवासी समुदाय से आते हैं प्रवीण कुमार माली माली समुदाय से हैं भाजपा के नए चेहरे हैं किसान मुद्दों पर सक्रिय रहे हैं ऋषिकेश पटेल पीसी बरांडा कांतिलाल अमर्तिया कुंवर जी भाई बावलिया कौशिक वेकरिया पुरुषोत्तम सोलंकी कमलेश भाई पटेल संजय सिंह रमेश कटारा कनुभाई देसाई इन्हें शुक्रवार को राज्यपाल ने शपथ दिलाई है उल्लेखनीय है कि गुरुवार को गुजरात के मुख्यमंत्री के अलावा सभी मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया था जिसकी वजह से गुजरात में सियासी तूफान आ गया 16 मंत्रियों ने एक साथ इस्तीफा दिया था शुक्रवार को फिर से नए सिरे से मंत्रिमंडल का गठन हो गया है जिसमें पुराने मंत्रिमंडल के छह मंत्रियों को फिर से मंत्री बनाया गया है इसमें ऋषिकेश पटेल प्रफुल्ल पंसारिया कनुभाई देसाई कुंवर जी बावलिया और हर्ष संघवी शामिल हैं द्य वर्ष 2022 में भाजपा की प्रचंड जीत के बाद गुजरात में यह पहले मंत्रिमंडल विस्तार है गुजरात विधानसभा में कुल 182 विधायक हैं इसलिए अधिकतम मंत्री 27 हो सकते हैं नए मंत्रियों के शपथ ग्रहण समारोह में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी विशेष रूप से मौजूद रहे इसके अलावागुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौके पर थे इसके अलावा गुजरात के पुलिस और प्रशासन से जुड़े सभी बड़े अधिकारी गुजरात भाजपा के संगठन से जुड़े सभी बड़े नेता इस मौके पर मौजूद रहे द्य जानकार लोगों का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी के दिल्ली में बैठे नेता इसी तरह का प्रयोग प्रदेश के अन्य राज्यों में भी आने वाले दिनों में कर सकते हैं क्योंकि भाजपा नई सोच और नए तरीकों के साथ पार्टी के संगठन को मजबूती देने में जुटी हुई है जिसमें अगर उन्हें कहीं भी ऐसा लगता है कि इस स्टेट में यह मंत्री ठीक तरह से कार्य नहीं कर रहा है तो फिर उसे मंत्रिमंडल से बाहर करने में भी देर नहीं लगते भले ही भाजपा के बड़े नेता दिल्ली में बैठे हो लेकिन उनकी निगाहें उन राज्यों पर ज्यादा रहती है जहां पर भारतीय जनता पार्टी की सरकार हैं और अपने संपर्क सूत्रों के माध्यम से लगातार अपनी सरकारों की गतिविधियों पर फीडबैक लेते रहते हैं ।

## विधायक सहारण ने किया मेगा ट्रेड फेयर का शुभारंभ

**चूरू:(निसं.)।** पुलिस लाइन मैदान में राजस्थान मेगा ट्रेड फेयर का भव्य शुभारंभ गुरुवार को समारोह पूर्वक हुआ। विधायक हरलाल सहारण ने विधिवत पूजा-अर्चना कर व फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। मेले के संचालक सुनील शर्मा ने विधायक हरलाल सहारण सहित अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया। इस अवसर विधायक सहारण ने मेले का अवलोकन किया और कहा कि ऐसे आयोजन छोटे शहरों में आमजन के लिए मनोरंजन और व्यापार दोनों को अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि चूरू जैसे शहरों में इस प्रकार के फेयर से स्थानीय व्यापार को प्रोत्साहन मिलता है तथा नागरिकों को एक ही स्थान पर मनोरंजन, खान-पान और खरीदारी का बेहतरीन अवसर मिलता है। मेले में प्रदेश सहित बाहर के राज्यों के व्यापारी अपने उत्पादों की स्टॉल लगाते हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स, होम डेकोर, वस्त्र, हैंडीक्राफ्ट, ज्वैलरी, फूड जोन और बच्चों के मनोरंजन से जुड़ी दर्जनों आकर्षक स्टॉलें आमजन को अपनी ओर खींच रही है। संचालक सुनील शर्मा ने बताया कि यह फेयर आमजन के लिए रोजाना 11 से रात 10 बजे तक खुला रहेगा।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

# डॉ मोईन और डॉ आजम का किया सम्मान

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** शेखपुरा मोहल्ला स्थित निर्माण सी से स्कूल में डॉ मोईन शेख पुत्र अकरम शेख और डॉ आजम शेख पुत्र असलम शेख का एम बी बी एस पूरी करने और एफएमजीइ परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने पर माला व मिठाई खिला कर स्वागत किया गया और मोमेंटो दे कर सम्मान किया गया । डॉ. मोईन शैख और डॉ. आजम शैख़ ने अपनी एम बी बी एस की डिग्री कज़ाकिस्तान से प्राप्त की है और अब भारत में डॉक्टर के रूप में सेवाएँ देने के पात्र बन गए हैं। इस अवसर पर डॉ. मोईन शैख़ और डॉ.आजम शैख़ ने अपने मूल्यवान अनुभव साझा किए । डॉ. आजम शेख और डॉ. मोईन शेख ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने परिवार, शिक्षकों और शुभचिंतकों को दिया! इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक हकूमत अली ने दोनों डॉक्टर को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आपकी यह उपलब्धि हमारे समाज के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक नई ऊर्जा का संचार करेगी।निर्माण परिवार की ओर से दोनों डॉक्टर को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं और अच्छे भविष्य के लिए दुआएं दी गई।

# अवार्ड सेरेमनी व मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** पिपराली सर्किल, सीकर स्थित प्रिंस स्कूल में कक्षावार आयोजित टेस्ट सीरीज एवं ओएमआर बेस्ड कामिप्टशन एग्जाम टेस्ट सीरीज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में अवार्ड सेरेमनी व मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक मनोज ढ़ाका, प्रिंसिपल संजय वर्मा, कार्डिनेटर मंजीत कुमार, मंजू गोदारा एवं शिक्षकों ने 135 टापर विद्यार्थियों को मेडल, रजिस्टर व पेन देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर प्रबंध निदेशक मनोज ढ़ाका ने कहा कि भविष्य में काम्पिटिशन एग्जाम में सफलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रिंस एजुहब में स्कूलिंग के साथ ही प्रत्येक विद्यार्थी को रुचि अनुरूप किसी न किसी काम्पिटिशन एग्जाम यथा क्लेट, सीयूईटी, एसटीएसई, जेट आईसीएआर, सीए फाउंडेशन व विभिन्न ओलंपियाड्स की विशेष तैयारी कराई जा रही है।कार्यक्रम में प्रिंस स्कूल के समस्त स्टाफ मेंबर्स व हजारों विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# छात्र-छात्राओं दिया प्रशिक्षक आग सुरक्षा मॉक ड्रिल

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।।** जिल्र के फतेहपुर में श्री रामरिखदास पोद्दार उच्च माध्यमिक विद्यालय आज 'सुरक्षा मॉक ड्रिल' का अभ्यास विद्यालय प्राचार्या डॉ. शिल्पी सिंह के सानिध्य में करवाया गया । फतेहपुर आपदा प्रबंधन समिति द्वारा इसका प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान प्रबंधन अधिकारियों ने समस्त शिक्षक गणों के सहयोग से छात्र-छात्राओं को आग सुरक्षा मॉक ड्रिल प्रशिक्षक की शुरुआत अलार्म (हुटर) बजाकर निकासी अभियान से शुरुआत की। विद्यार्थियों को शिक्षकों के मार्गदर्शन में शांत और व्यवस्थित तरीके से कक्षाओं से बाहर निकला गया और विद्यालय के मैदान में सभा स्थल पर एकत्रित किया गया। कर्मचारियों का एक समूह आग से बचाव के लिए तैनात था, जो विद्यार्थियों को मार्गदर्शन और सहायता प्रदान कर रहा था आपातकाल के दौरान अग्निशमन और बचाव के तकनीक द्वारा अग्निशमन यंत्र, रेत और पानी की बाल्टी आदि उपकरणों का प्रयोग किया गया। इसके बाद अग्निशमन नियंत्रण कक्ष पर सूचना दी गई। एंबुलेंस की सहायता से घायलों को अस्पताल पहुंचाने का अभ्यास करवाया गया। सहायक अग्निशमन अधिकारी दिनेश सैनी ने ड्रिल के दौरान बताए गए निर्देशों का पालन करते हुए बताया कि ऐसी स्थिति में घबराना नहीं और शोर नही मचाना चाहिए। विद्यालय प्राचार्या डॉ. शिल्पी सिंह ने आग सुरक्षा मॉक ड्रिल घटनाओं की चर्चा करते हुए छात्र-छात्राओं को आपदा निर्देशों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। प्रबंधन अधिकारियों को अभ्यास व शिक्षकगणों को सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# ग्रामीण सेवा शिविर जिले में 18 अक्टूबर को 14 गांवों में

**सीकर(निसं.)।।** जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि जिले के उपखण्ड क्षेत्रों की विभिन्न 14 ग्राम पंचायतों में 18 अक्टूबर को ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित होंगे, जिसमें 16 विभिन्न विभागों के अधिकारी मौके पर रहकर आमजन की समस्याओं का समाधान करेंगे। जिला कलेक्टर ने समस्त उपखण्ड अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ग्रामीण सेवा शिविर को गंभीरतापूर्वक लेकर अधिकतम समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण करने का प्रयास किया जाये।

# दीपों का त्योहार, बिक्री से जगमग बाजार

**सीकर(निसं.)।।** दीपोत्सव के लिए बाजार सजा, लोग खरीददारी करने उमड़ रहे शोरूम हों या सड़क किनारे लगने वाले बाजार, सभी ग्राहकों को आकर्षित कर रहे झिलमिल करतीं झालरें और डिजायनदार दिये देख लोग खरीदने को मजबूर हो रहे हैं।शहर के बाजारों में इलेक्ट्रोनिक्स, फर्नीचर, ज्वैलरी, कपड़े, सजावट के सामान की दुकानों पर लोग जमकर खरीददारी कर रहे हैं। स्टेशन रोड बजाज रोड सालासर स्टेंड नवलगढ़ और पिपराली रोड आदि बाजार दुल्हन की तरह सज गए हैं। नया शहर घंटाघर निवासी वंदना कहती हैं कि दीपावली पर लक्ष्मीजी को प्रसन्न करना है, ताकि घर में सुख-समृद्धि रहे। इसलिए वह सबसे अच्छा दीपक खरीदने का प्रयास कर रही हैं। वह चाहती हैं कि उनके पूजन में कोई कमी न रह जाए। गिफ्ट खरीद रहे राजेंद्र कुमार कहते हैं कि इस उत्सव पर अपनों से मिलने का मौका मिलता है। एक-दूसरे का मुंह मीठा कराते हैं। गिफ्ट देने से एक-दूसरे के प्रति प्रेम भी बढ़ता है।नगर में जगह-जगह लगी घर सजाने की वस्तुओं की दुकानों पर विद्युत झालर पसंद करती महिला। दीपावली को भुनाने में बाजार कोई कमी नहीं छोड़ना चाहता है। विभिन्न कंपनियों ने एक से बढ़कर एक मिठाई और नमकीन के आकर्षक गिफ्ट पैक बाजार में उतार दिए हैं। अधिकांश गिफ्ट पैक की कीमत 200-500 रुपये से शुरू हो रही है। उपहार देने के लिए रंग-बिरंगे दीपकों के गिफ्ट पैक भी बाजार में मिल रहे हैं। स्टोर के संचालक कहते हैं कि हर वर्ग को ध्यान में रखकर गिफ्ट पैक लांच किए हैं ।

# छठा आईटी टूर्नामेंट 6 दिसंबर से 14 दिसंबर तक

**सीकर(निसं.)।।** सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग में कार्यरत कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच खेल भावना, स्वास्थ्य जागरूकता और आपसी सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, आईटी यूनियन, राजस्थान के तत्वावधान में छठा आईटी क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन टूर्नामेंट 06 दिसंबर से 14 दिसंबर तक जयपुर में आयोजित होना प्रस्तावित है। मुख्य आयोजक महावीर बुरड़क ने बताया कि इस वर्ष टूर्नामेंट को और भी व्यापक रूप देते हुए, क्रिकेट के साथ-साथ बैडमिंटन, शतरंज (चेस) और अन्य इंडोर व आउटडोर खेलों को भी शामिल किया गया है, जिससे प्रतिभागियों को अपनी पसंद के अनुसार खेलों में भाग लेने का अवसर मिलेगा।आयोजक सचिव रामकिशोर मीना ने बताया की इस टूर्नामेंट का उद्देश्य सूचना प्राद्योगिकी एवं संचार विभाग में कार्यरत कर्मचारियों अधिकारीयों को खेल के माध्यम से एक स्वस्थ एवं सहयोगात्मक वातावरण प्रदान करना है। मीना ने बताया की टीमों के लिए पंजीकरण 05 नवम्बर से 15 नवम्बर तक खुले रहेंगे।आईटी यूनियन, राजस्थान सभी आईटी कर्मियों, खेल प्रेमियों से अनुरोध करता है कि इस आयोजन में भाग लेकर इसे सफल बनाएं और

# सीकर में पहली बार पैरा खेल, 9वीं राज्य स्तरीय चैंपियनशिप श ा ु रू

**सीकर(निसं.)।।** स्वामी केशवानंद शिक्षण संस्थान में सीकर में पहली बार पैरा खेल, 9वीं राज्य स्तरीय चैंपियनशिप शुरू। आयोजन सचिव रामनिवास ढाका ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि सीकर में पहली बार पैरा खेल आयोजित होने जा रहे हैं। इस अवसर पर 9वीं राजस्थान राज्य स्तरीय पैरा स्विमिंग चैंपियनशिप - 2025 का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस चैंपियनशिप में राजस्थान के सभी जिलों से लगभग 150 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं तथा कुल 106 इवेंट्स आयोजित किए जाएंगे। प्रतियोगिता का उद्देश्य दिव्यांग खिलाड़ियों को मुख्यधारा के खेलों से जोड़ना और उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ाने के अवसर प्रदान करना है।प्रेस वार्ता में द्रोणाचार्य अवार्डी महावीर प्रसाद सैनी, आयोजन समिति के अध्यक्ष बाबूलाल ढाका, तथा दिव्यांग पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव हिम्मत सिंह एवं समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# चौ. तुलसी राम भगत के निधन पर परिवार ने किया देहदान

**सीकर।** तारपुरा ग्राम पंचायत के भगत की ढाणी निवासी चौधरी तुलसी राम भगत ने अपनी मृत्यु पर देहदान कर एक प्रेरणादायी मिशाल कायम की है। बी एल मील ने बताया कि 80 वर्षीय चौधरी तुलसी राम भगत का शुक्रवार तड़के निधन हो गया था । उनकी मृत्यु के बाद परिवारजनों ने देहदानी के पार्थिव देह को शुक्रवार को ही श्री कल्याण राजकीय मेडिकल कॉलेज को सुपुर्द कर दिया था । सीकर रक्तदान, अंगदान और देहदान में अग्रणी है 7 आमजन भी इस मुहिम में बढ़ चढ़कर भाग ले रहा है देहदान प्रक्रिया और श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित जन समुदाय ने कहा कि देहदानी भगत परिवार द्वारा देह का दान करने से समाज में सकारात्मक संदेश मिलेगा। इसके साथ ही मेडिकल कॉलेज के स्टूडेंट्स इसके जरिए ज्ञान हासिल कर अपने कौशल को विकसित कर सकेंगे। देहदानी भगत के ज्येष्ठ पुत्र महेंद्र सिंह भगत ने बताया कि पिताजी ने 40 माह पूर्व हमारी माताजी भगवानी देवी के साथ देहदान की घोषणा के बाद मृत्यु के पश्चात किए जाने वाले अंतिम संस्कार स्वयं ने ही जीवित रहते ही 3 वर्ष पहले ही अपने हाथ से कर दिए थे


## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड-सुजानगढ़

E-Mail : eesuj.chu.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांक- अअ/जनस्वा/निविदा/2025-26 / 145/- 1464 दिनांक- 13/10/2025

### निविदा सूचना संख्या 31/2025-26

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये उपयुक्त श्रेणी में नियमानुसार प्रभावी आदेशों (समय-समय पर संशोधित) के तहत पंजीकृत ठेकेदारों से मोहर बंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदाओं के विक्रय की अंतिम तिथि एवं प्राप्ति / खोलने की तिथि कार्य के सामने अंकित की गई है। निविदा विक्रय / प्राप्ति / खोलने के दिन अवकाश होने पर निविदाओं का विक्रय / प्राप्ति / खोलने की कार्यवाही अगले कार्य दिवस में होगी। फर्म अथवा ठेकेदार को निविदा क्रय करते समय निविदा शुल्क के साथ पंजीयन प्रमाण-पत्र, जीएसटी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। फैक्स/ तार द्वारा भेजी गई निविदा मान्य नहीं होगी। निविदादाता विभागीय बेदसाईट www.sppp.rai.nic.in से निविदा प्रपत्र डाउनलोड करके भी भिजवा सकते है, ऐसी स्थिति में धरोहर राशि एवं निविदा प्रपत्र का शुल्क ई-ग्राम के माध्यम से ही जमा करवाना होगा। निविदा से संबंधित अन्य शर्ते इस कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में देखी जा सकती है। निविदाएं विक्रय तिथि की अंतिम तिथि की सांय 6.00 बजे तक है। प्राप्त निविदाएं खोलने की तिथि को दोपहर 3.00 बजे उपस्थित निविदा दाताओं के सम्मुख खोली जायेगी। कार्य को आवश्यकतानुसार घटाने-बढ़ाने अथवा बिना कोई कारण बताए निविदा को निरस्त करने के लिए निम्न हस्ताक्षरकर्ता को पूर्ण अधिकार होगा क देरी से प्राप्त होने वाली निविदा के लिए विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। कोई विवाद उत्पन्न होने पर याद चूरू न्यायालय में दायर किया जायेगा, भारत में स्थित अन्य किसी कस्बा ट शहर में नहीं।

| NIB No. | UBN No. |
|---|---|
| 31/2025-26 | PHE2526WSOB07529 |

DIPR/C/15335/2025

(कैलाशचन्द माली)
अधिशाषी अभियन्ता,
रजन स्वा.अभि.विभाग, खण्ड-सुजानगढ

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड सरदारशहर

क्रमांक- 1825-34 दिनांक- 08/10 /2025

### ई-निविदा सूचना सं. 17/2025-26

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सरदारशहर खण्ड के अन्तर्गत अतिवृटि से क्षतिग्रस्त सड़कों के स्थाई मरम्मत कार्य हेतु कुल 02 कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हों, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डिरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन-लाईन ई-निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है । आर. पी. डब्ल्यू.ए.- 100 की शर्त लागू होगी। ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट dipr.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट eproc.rajasthan.gov.in तथा sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। SPPP पर अपलोड NIB No. PWD2526A3752 के UBN No. निम्न प्रकार है :-

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2526WSOB14090 | 2 | PWD2526WSOB14091 |

DIPR/C/15448/2025

(राजेन्द्र कुमार सैनी)
अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. खण्ड सरदारशहर

## Office of the Executive Engineer, Public Health Engineering Department, Division Ratangarh

No.:- EE/NIT/2025-26/ 1881 Date: 14/10/2025

### Notice Inviting Bid

Bid of Regular maintenance of Centriufugal Monoblock Pump Set at various Pump House in UWSS Ratangarh, Regular operation of valve, maintenance various size pipe line, operation and maintenance of tubewell and pump house at Town Rajaldesar under city sub division Ratangarh and ARC for Regular maintenance of various size of valve of distribution/rising mains at RWSS Simsiya, Gogasar & Gusaisar under Division Ratangarh are invited from interested bidders up to 30.10.2025, for other particulars/details of the bids may visit on the procurement portal (http://eproc. rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of thestate and P.H.E.D. department website:

UBN NIT No.: 19 PHE2526WSOB07636
UBN NIT No.: 20 PHE2526WSOB07638
UBN NIT No.: 21 PHE2526WSRC07639

DIPR/C/15479/2025

Mahendra Kantiwal
Executive Engineer
PHED Division Ratangarh

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड तारानगर

क्रमांक- डी-1045-54 दिनांक- 08/10 /2025

### ई-निविदा सूचना सं. 26/2025-26

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तारानगर खण्ड के अन्तर्गत अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त सड़कों के स्थाई मरम्मत कार्य कुल 02 कार्यों हेतु उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हों, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डिरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन-लाईन ई-निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है। आर. पी. डब्ल्यू. ए. - 100 की शर्त लागू होगी। ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट dipr.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट eproc.rajasthan.gov.in तथा sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
SPPP पर अपलोड NIB No. PWD2526A3751 के UBN No. निम्न प्रकार है

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2526WSOB14088 | 2 | PWD2526WSOB14089 |

DIPR/C/15447/2025

(विजय प्रताप कस्वा )
अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. खण्ड - तारानगर

## SE CUM PROJECT MANAGER, WCDC, WATERSHED DEVELOPMENT & SOIL CONSERVATION, CHURU

E-mail ID- SEWDSC.CHURU@RAJASTHAN.GOV.IN

क्रमांक- एफ3 ()7 अ.अ/डब्ल्यूसीडीसी / चूरू / निविदा/2025-26/1696-99 दिनांक- 15.10.2025

### NOTICE INVITING BID
### E-NIT No 13/ YEAR 2025-26

popors

Bids for Watershed Development Works are invited from interested bidders up to 05.00 PM on 28.10.2025 as per following details. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https:// eproc.rajasthan.gov.in or https:// sppp.rajasthan.gov.in or https:// watershed. rajasthan.gov.in) bof the state departmental website.

Please Publish in One State Level & One Regional/Local daily News Paper (As per Rule) in Minimum Space.

| S.No. | Block | NIB Code | UBN Code |
|---|---|---|---|
| 1 | Churu | WSC2526A0874 | WSC2526WSRC01496 |
| 2 | Ratangarh | WSC2526A0874 | WSC2526WSRC01497 |
| 3 | Sardarshahar | WSC2526A0874 | WSC2526WSRC01498 |
| 4 | Sujangarh | WSC2526A0874 | WSC2526WSRC01500 |

DIPR/C/15527/2025

S. E& P. M
WCDC, Churu

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड तारानगर

क्रमांक- डी-1241-1250 दिनांक- 14/10 /2025

### ई - निविदा सूचना सं. 27/2025-26

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तारानगर खण्ड के अन्तर्गत सड़क निर्माण, मरम्मत एवं विद्युत कार्य कुल 05 कार्यों हेतु उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग / रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हों, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डिरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन-लाईन ई-निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है। आर. पी. डब्ल्यू. ए. - 100 की शर्त लागू होगी । ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट dipr.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट eproc.rajasthan.gov.in तथा sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है
SPPP पर अपलोड NIB No. PWD2526A3849 के UBN No. निम्न प्रकार है :-

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2526WSOB14685 | 2 | PWD2526WSOB14686 |
| 3 | PWD2526WSOB14687 | 4 | PWD2526WSOB14688 |
| 5 | PWD2526WSOB14689 | | |

DIPR/C/15518/2025

(विजय प्रताप कस्वा)
अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. खण्ड-तारानगर

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि खण्ड राजगढ (चूरू)

क्रमांक- 1567 - 1577 दिनांक: :- 08.10.2025

### ई-निविदा सूचना संख्या- 08/2025-26

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तहसील राजगढ जिला चूरु में निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। आर. पी डबल्यू.ए 100 की शर्त लागू होगी। निविदा से संबंधित विवरण बेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tendrs.asp एंव विभागीय वेबसाईट Uhttp://eproc.rajasthan.gov.in http://www.pwd.rajajasthan.gov.in तथा http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
NIB No. PWD2526A3783

| W.No. | UBN No. | W.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2526WSOB14321 | 2 | PWD2526WSOB14321 |
| 3 | PWD2526WSOB14323 | 4 | PWD2526WSOB14324 |
| 5 | PWD2526WSOB14334 | 6 | PWD2526WSOB14336 |
| 7 | PWD2526WSOB14340 | 8 | PWD2526WSOB14343 |

DIPR/C/15325/2025

अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि खण्ड राजगढ (चूरू)

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DN SUJANGARH

No:-1591-1606 Date: 13/10/2025

### Notice Inviting Bid No 14/2025-26

Bids for 2 (Two Nos) work are invited from interested bidders upto 06.00 PM dated 30.10.2025 other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http:// eproc. rajasthan.gov.in/http://sppp.raj.nic.in) of the state and PWD departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 184.35 Lacs
NIB No. PWD 2526 A 3827
UBN NO :-
1.PWD 2526 WSOB 14566
2.PWD 2526 WSOB 14568

DIPR/C/15500/2025

Executive Engineer
PWD Dn. Sujangarh

## राजस्थान सरकार
## कार्यालय प्राचार्य, राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू

E-mail: lohiacollegechuru@gmail.com, Ph. No. 01562-250362, Website: lcc.ac.in

क्रमांक- लोका /स्था / 2025 / 1254 दिनांक- 14/10/2025

### खुली निविदा सूचना 04/2025

| क्र.सं. | कार्य का नाम एवं स्थान | अनुमानित लागत | निविदा शुल्क | बोली प्रतिभूति राशि | निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि एवं समय | निविदा को खोलने की तिथि एवं समय | UBN and NIB No |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचय-पत्र 16MM MULTI COLOR LANYARD WITH COLLEGE NAME DOUBLE SIDE PASTING CARD CARD SIZE पुस्तकालय कार्ड- 220 ग्राम रंगीन साईज 9×5mm एक तरफ छपाई उच्च क्वलिटी की कार्ड शीट | 300000 | 200 | 15000 | 27.10.2025 दोपहर 3.00 बजे तक | निविदा को खोलने की तिथि एवं समय | Nib No. ECD2526 A0306 Bid No. (UBN) ECD2526 GSOB0031 7 |

उक्त बोली प्रपत्रों को वेब साईट http://sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। इन बोलियों में भाग लेने वाले संवेदक / फर्म बोली को निर्धारित दिनांक एवं समय तक जमा कराऐं ।
उपापन संस्था को बोली प्रक्रिया को रद्द करने और कोई या समस्त बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। बोली प्रस्तुत करने की अन्तिम दिनांक व बोली खोलने की अन्तिम दिनांक तथा समय को राजकीय अवकाश होने की स्थिति में आगामी कार्यदिवस को बोली प्रस्तुत करने की अन्तिम दिनांक व बोली खोलेन की अन्तिम दिनांक एवं समय होगी ।

DIPR/C/15429/2025

प्राचार्य
राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू

## कार्यालय ग्राम पंचायत तोलासर, पंचायत समिति सरदारशहर

क्रमांक :- 33 दिनांक :-17-10-2025

### निविदा सूचना 2025-26

ग्राम पंचायत में वितीय वर्ष 2025-26 में विभन्न कार्यो के लिये इच्छुक विनिर्दिष्टत पंजीकृत बोलीदाता / संवेदक फर्म से निर्धारित प्रपत्र में निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा की सूचना https://sppp.rajasthan.gov.in पर देख एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है
UBN- ZCR2526SSLB01619

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत तोलासर

प्रशासक
ग्राम पंचायत तोलासर

## कार्यालय ग्राम पंचायत सीतासर, पंचायत समिति सरदारशहर

क्रमांक-54-55 दिनांक :- 17-10-2025

### निविदा शुल्क 2025-26

ग्राम पंचायत में वितीय वर्ष 2026-26 में विभन्न कार्यो के लिये इच्छुक विनिर्दिष्टत पंजीकृत बोलीदाता / संवेदक / फर्म से निर्धारित प्रपत्र में निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा की सूचना https://sppp.rajasthan.gov.in पर देख एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है
UBN: PDN2536 A0156
PDN2556SSOB00162

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत सीतासर

प्रशासक
ग्राम पंचायत सीतासर

## कार्यालय उपनिदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, चूरू

क्रमांक: / लेखा / सान्याअवि / 2025–26 / 11596 दिनांक:–08.10.2025
UBN NO :- SOC2526SLOB00198 NIB NO :- SOC2526A0177

### ई–निविदा आमत्रंण सूचना–02 / 2025–26

राजस्थान लोक उपापन मे पारदर्शिता अधिनियम, 2012 एवं नियम 2013 के अन्तर्गत मानव संसाधन की सेवाओ के उपापनो के सम्बन्ध मे वित्त विभाग के आदेश क्रमांक एफ 2 (1) वित्त / एसपीएफसी / 2017 संख्या 1 / 2018 जयपुर दिनांक 30.04.2018 के तहत् एवं राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी दिशा निर्देशों / नियमों की पालना के क्रम में चूरू जिले में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधीन संचालित विभागीय राजकीय छात्रावासो में रसोईयां / चौकीदार का कार्य जॉब बेसिस (Outsource oF work) पर करवाने हेतु (एक वर्ष तक के लिए) इच्छुक पात्र संवेदकों से निम्नानुसार ई–निविदाऐं आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत राशि रू0 | बोली प्रतिभूति राशि रू0 | निविदा शुल्क राशि रू0 | आर.आई.एस.एल. प्रक्रिया शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्षिक दर संविदा पर रसोईया / चौकीदार की सेवाओं का उपापन। | 50,00,000 / – | 1,00,000 / – | 1000 / – | 500 / – |

ई–निविदा कार्यक्रम

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | एस0पी0पी0पी0 के माध्यम से निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि व समय | 09 अक्टुबर 2025 | 02.00 पी.एम |
| 2 | ई प्रोक0 के माध्यम से निविदा (निविदा विक्रय) प्रस्तुत करने की प्रारंभ तिथि व समय | 09 अक्टुबर 2025 | 03.00 पी.एम |
| 3 | ई प्रोक0 के माध्यम से निविदा प्रपत्र अपलोड / डाउनलोड करने की अन्तिम तिथि व समय | 28 अक्टुबर 2025 | 12.00 पी.एम |
| 4 | धरोहर राशि, निविदा शुल्क एवं आर.आई.एस.एल. प्रक्रिया शुल्क का डी.डी. जमा कराने की अंतिम तिथि व समय | 28 अक्टुबर 2025 | 03.00 पी0.एम |
| 5 | तकनीकी बिड व वित्तिय बिड प्रस्तुत करने की तिथि | 28 अक्टुबर 2025 | 06.00 पी0.एम |
| 6 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय | 29 अक्टुबर 2025 | 03.00 पी0एम |
| 7 | वित्तिय बिड खोलने की तिथि व समय | तकनीकी निविदा की प्रक्रिया उपरान्त | |

ऑन–लाईन बिडिंग के लिए निविदादाता का सूचना प्रौधोगिक अधिनियम 2000 के अनुसार डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र (DSC) होना आवश्यक हैं। निविदा दस्तावेज, फाइनेनसियल (BOQ) मय शर्ते sjerajasthan.gov.in व sppp.rajasthan.gov.in,e- procurment. rajasthan पर उपलब्ध हैं। तकनीकी निविदा उन्ही निविदादाताओं की खोली जायेगी जिनके द्वारा दिनांक **28 अक्टुबर 2025 को सांय 03:00 पी.एम बजें** तक निविदा शुल्क की राशि **Rs 1000/- in favour of DEPUTY DIRECTOR, SJED CHURU by e-gress challan (0075-00-800-52-01)** जमा लेखा शाखा में करवानी होगी एवं **Processing fee Rs 500/- in favour of MD, RISL by e-grass challan (8658-00-102-16-01)** जमा करवानी होगी एवं **बोली प्रतिभूति राशि के डिमाण्ड ड्राफ्ट राशि 100000 / – कार्यालय उपनिदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, चूरू के नाम** निर्धारित तिथी एवं समय तक कार्यालय लेखा शाखा में प्रस्तुत करने होगें। तकनीकी निविदा खोलने की तिथि को राजकीय अवकाश घोषित होने या आवश्यक राजकीय कार्य होने पर अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जावेगी। उक्त निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता का होगा।

DIPR/C/15324/2025

(नगेन्द्र सिंह राठौड़)
उपनिदेशक
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग,
चूरू

# 3 साल से फरार इनामी गिरफ्तार, तीन वर्ष पूर्व हुई लूट की वारदात में था वांछित

**सरदारशहर(निसं.)।।** शहर की पुलिस ने तीन साल पहले हुई लूट की वारदात में वांछित 10 हजार रुपये के इनामी अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को सीकर जिले के फतेहपुर से पकड़ा गया है। जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव के निर्देशन पर फरार अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान के तहत पुलिस ने कार्रवाई की है। इस अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र दादरवाल और वृताधिकारी सत्यनारायण गोदारा के सुपरविजन में थाना अधिकारी मदनलाल बिश्नोई के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई थी। थाना अधिकारी ने बताया कि 7 मार्च 2022 को वार्ड 49 निवासी अंकित कुमार सोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार 6 मार्च 2022 को तीन युवक उनकी दुकान में आए थे। उन्होंने जान से मारने की नीयत से फायर किया और पिस्तौल दिखाकर सोने के आभूषण लूट लिए थे। इस संबंध में मामला दर्ज किया गया था। तीन वर्षों से फरार चल रहे वांछित अभियुक्त राजेश पुत्र ताराचन्द्र जाट निवासी कसवाली, तहसील लक्ष्मणगढ़, जिला सीकर को पुलिस टीम ने लगातार प्रयासों के बाद 17 अक्टूबर को फतेहपुर सीकर से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी में उप निरीक्षक ओमप्रकाश और कॉन्स्टेबल कुणनमल थाना सरदारशहर शामिल थे।

## गांव गुडावड़ी के शिविर में पूर्व मंत्री ने किया पट्टा वितरण



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** निकटवर्ती गांव गुडावड़ी में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया। पूर्व खनिज राज्य मंत्री खेमाराम मेघवाल, जिला परिषद सदस्य नौरंग सिलू, तहसीलदार गिरधारीलाल पारीक ने शिविर का अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री पेंशन योजना, पशु बीमा योजना, जीएसटी बचत उत्सव आदि के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी गई। कैंप में 65 लोगों का बीपीएल सर्वे किया गया, जॉबकार्ड 6 लोगों को, 5 लोगों को पट्टा वितरण किया गया। शुद्धिकरण व नामांतरण 15 किए गए और लोगों को गिरदावरी एप के बारे में जानकारी दी गई। सहायक विकास अधिकारी जीवणराम नेहरा, प्रशासक मंजू देवी, विडिओ जितेंद्रसिंह, पटवारी बसन्त कुमार, पंच पालाराम, जगदीश ढूकिया, महेंद्र ढूकिया, परमेश्वर मेघवाल, कुंभाराम ढूकिया, नारायण महरिया, भागीरथ मेघवाल, पनेसिंह राव, रमेश राव सहित अनेक ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## अमर शहीद तेजपाल नैण स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निसं.)।** तहसील क्षेत्र के गाँव बछरारा में अमर शहीद तेजपाल नैण की स्मृति में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ शुक्रवार सुबह हर्षोल्लास के साथ किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि अमर शहीद तेजपाल नैण के भाई डूंगरराम नैण थे, जबकि विशिष्ट अतिथियों में लिछमनाराम कड़ेला, रामकरण खीचड़, युवा समाजसेवी सुरेन्द्र सिंह राठौड़, मोहन सिंह, लालचंद सोनी और हिरजी शामिल रहे। आयोजन समिति के मुकेश सिंह व बीसीसी अध्यक्ष नरेंद्र कड़ेला ने बताया कि प्रतियोगिता में आसपास के क्षेत्रों की कुल 64 टीमें भाग ले रही हैं। उद्घाटन मैच जालेऊ और जांदवा के बीच खेला गया, जिसमें जालेऊ टीम विजेता रही। इस अवसर पर समाजसेवी सुरेन्द्र सिंह राठौड़ ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल को खेल की भावना और अनुशासन के साथ खेलना चाहिए। हार-जीत को एक सिक्के के दो पहलू मानकर टीम भावना को सर्वोपरि रखना चाहिए। कार्यक्रम में अमरचंद ढाका, संदीप नैण, विक्रम सिंह, जीतेंद्र खींचड़, सुनील नैण, संदीप ढाका, विकास प्रजापत, पवन सिंह, रामनिवास ढाका, वीरेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, गजेंद्र सिंह, भवानी सिंह, लालचंद कड़ेला, विनीत ढाका और दीपक सोनी आदि ने सक्रिय आयोजकीय भूमिका निभाई।

## सीमेंट गोदाम पर खड़े वाहनों से डीजल चोरी, जाग होने पर चोरों ने की पत्थरबाजी



जयपुर टाइम्स

**रींगस(निसं.)।** पुलिस थाना क्षेत्र में इन दिनों चोरों के हौसले बुलंद हैं जो आए दिन घर, मंदिर, दुकान, वाहनों आदि को निशाना बना रहे हैं, गुरुवार की रात चोरों ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 52 पर भोपतपुरा विद्युत ग्रिड के सामने स्थित अंबुजा सीमेंट डीपो पर खड़े दो ट्रेलरों से करीब 2 सौ लीटर डीजल चोरी कर लिया। डीपो मैनेजर महिपाल सिंह पावंडा ने बताया कि चोर लग्जरी कार में सवार होकर आए थे, डीपो पर सो रहे कर्मचारियों की जाग होने पर चोरों ने पत्थरबाजी की और बंदूक दिखाकर गोली मारने की धमकी दी। आसपास के लोगों को आवाज लगाने पर अज्ञात चोर चोरी के काम में आने वाले जरीकेन, पाइप, पलाश आदि छोड़ कर फरार हो गए। इससे पहले भी चोर अनेक बार वाहनों से डीजल, बैट्री आदि चोरी कर चुके लेकिन अब तक पुलिस की पकड़ से दूर है। इससे पहले हुई चोरी की घटनाओं में पीड़ित लोगों ने पुलिस को कई सबूत भी दिए लेकिन फिर भी पुलिस चोरी की घटनाओं का खुलासा नहीं कर पाई। इस संबंध में डीपो मैनेजर महिपाल सिंह पुत्र मालीराम पावंडा द्वारा पुलिस थाने में रिपोर्ट दी गई है।

## रूलानिया बने राजस्थान विधानसभा के सहायक सचिव



जयपुर टाइम्स

**रींगस(निसं.)।** उपखंड के ज्ञानपुरा निवासी भागीरथ मल रूलानिया राजस्थान विधानसभा में अनुभाग अधिकारी के पद से पदोन्नत होकर सहायक सचिव बने हैं, उनकी इस पदोन्नति पर धायल हॉस्पिटल के निदेशक डॉ एचएस धायल, पुलिस उपाधीक्षक राम सिंह चौधरी, आईआरटीएस हरपाल सिंह चौधरी, पुलिस उपाधीक्षक उमेश निठारवाल, वरिष्ठ शिक्षक गिरधारी सिंह रूलानिया, पुलिस उपाधीक्षक रोहिताश, प्रधानाचार्य भवानी सिंह मीणा सहित अनेक लोगों ने बधाई प्रेषित की है। ग्रामीण जनों में भी खुशी की लहर है।


# कार्यालय नगरपालिका मण्डल तारानगर (चूरू) राजस्थान

क्रमांक :– न.पा.ता / 2025–26 / 3687 दिनांक :– 17.10.2025

## आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि नगरपालिका क्षेत्र तारानगर के निम्नांकित भूखण्ड धारियो ने कृषि भूमि, 69ए नियमन सरेण्डर, स्टेट ग्राण्ट व पट्टा नामान्तरण हेतु पत्रावलियां जमा करवायी गयी है अतः जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो, इस आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस मे सप्रमाण आपति इस कार्यालय मे प्रस्तुत करे। बाद अवधि प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

| क्र. स. | आवेदक का नाम व पिता का नाम | वार्ड नं. | ऑनलाईन आवेदन | आवेदन सं. | कुल तादादी (वर्गमीटर) | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सद्दाम पुत्र याकूब खांन व अदरीश सैयद पुत्र यासीन खां | 35 | 302921 | 54 | 118.05 | 69ए सरेण्डर |
| 2. | गौरूराम पुत्र दानाराम | 01 | 302803 | 60 | 83.61 | 69ए सरेण्डर |
| 3. | सुरेश कुमार पुत्र फुलाराम | 01 | 302755 | 61 | 83.61 | 69ए सरेण्डर |
| 4. | नरसीराम पुत्र भीखा राम | 07 | 286834 | 109 | 194.65 | कृषि भूमि |
| 5. | मागू सिंह पुत्र बच्चन सिंह | 28 | 293730 | 30 | 280.91 | स्टेट ग्रान्ट |
| 6. | श्रीसंघ ओसवाल पंचायत भवन ट्रस्ट तारानगर अध्यक्ष छत्रसिंह श्यामसुखा | 05 | 253475 | 16 | 302.71 | पट्टा नामान्तरण |
| 7. | मुंशी खां तेली पुत्र अब्दुला | 32 | 283296 | 111 | 222.94 | कृषि भूमि |
| 8. | मंजू सांगवान पत्नी राकेश कुमार | 19 | 292161 | 110 | 99.91 | कृषि भूमि |
| 9. | सुमित्रा देवी पत्नी मनीराव रणंवा | 19 | 292096 | 112 | 91.37 | कृषि भूमि |
| 10. | सलामू पुत्र मनीर खां | 09 | 291219 | 31 | 87.36 | कृषि भूमि |
| 11. | यूसूफ खां पुत्र मनीर खां | 09 | 291204 | 32 | 84.30 | कृषि भूमि |
| 12. | अब्दुल सतार पुत्र अब्दुला | 33 | 283201 | 62 | 413.00 | कृषि भूमि |
| 13. | जबार मोहम्मद पुत्र अब्दुला | 33 | 283245 | 63 | 836.04 | कृषि भूमि |
| 14. | नरेश कुमार मीणा पुत्र अर्जुनराम मीणा | 29 | 282038 | 33 | 102.65 | स्टेट ग्रान्ट |
| 15. | राकेश कुमार पुत्र मुलाराम रणवां | 19 | 292268 | 113 | 203.12 | कृषि भूमि |
| 16. | अंजना सहारण पत्नी विजेन्द्र सिंह | 07 | 293828 | 114 | 222.94 | कृषि भूमि |
| 17. | मनीराम खां पुत्र मूलाराम | 19 | 292215 | 115 | 204.05 | कृषि भूमि |
| 18. | कपिल देव शर्मा पुत्र परसाराम | 07 | 299048 | 116 | 167.20 | कृषि भूमि |
| 19. | हेमन्त कुमार शर्मा पुत्र परसाराम प्रिगावत | 7 | 299116 | 117 | 167.20 | कृषि भूमि |
| 20. | कपिल देव शर्मा पुत्र परसाराम | 07 | 299095 | 118 | 222.94 | कृषि भूमि |
| 21. | अम्बिका जोशी पत्नी हेमन्त कुमार शर्मा | 07 | 299001 | 119 | 167.20 | कृषि भूमि |
| 22. | कृष्ण कुमार गोस्वामी पुत्र नन्दराम | 26 | 291178 | 120 | 243.84 | कृषि भूमि |
| 23. | केहर सिंह पुत्र लालचन्द | 33 | 289077 | 121 | 250.81 | कृषि भूमि |
| 24. | रामकला पत्नी केहर सिंह | 29 | 289091 | 122 | 404.14 | कृषि भूमि |
| 25. | हेमन्त कुमार शर्मा पुत्र परसाराम प्रिगावत | 16 | 157053 | 17 | 250.81 | पट्टा नामान्तरण |
| 26. | रमेश कुमार सोनी पुत्र अशोक कुमार | 03 | 299593 | 64 | 317.75 | 69ए सरेण्डर |
| 27. | कृष्ण कुमार सोनी पुत्र ओमप्रकाश सोनी | 05 | 299677 | 65 | 35.33 | 69ए सरेण्डर |
| 28. | संतरा कंवर पत्नी भवानी सिंह | 29 | 299741 | 34 | 219.39 | स्टेट ग्रान्ट एक्ट |
| 29. | भवानी सिंह पुत्र रामसिंह | 29 | 299789 | 35 | 253.13 | स्टेट ग्रान्ट एक्ट |
| 30. | अफरोज पुत्र अब्दुल अजीज | 17 | 299521 | 36 | 101.43 | स्टेट ग्रान्ट एक्ट |
| 31. | चानणमल पुत्र मोहनलाल जांगिड़ | 02 | 285892 | 37 | 125.48 | स्टेट ग्रान्ट एक्ट |
| 32. | निरंजन कुमार अग्रवाल पुत्र लक्ष्मीनारायण हीरालाल अग्रवाल | 29 | 71 | - | 313.95 | भवन निर्माण स्वीकृति |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका तारानगर

## मेहंदी एवं रंगोली प्रतियोगिता का किया आयोजन

जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़.(निसं.)** कस्बे में स्थित अजीतगढ़ पीजी कॉलेज एवं बाबा श्याम टीटी कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में दीपोत्सव के उपलक्ष में मेहंदी एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कॉलेज निदेशक विजय यादव की अध्यक्षता में प्रतियोगिताओं को प्रथम ,द्वितीय व तृतीय स्थानो का निर्णायक मंडल द्वारा निर्णय किया गया। इस अवसर पर यादव ने सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को धन्यवाद दिया साथ ही प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य श्रवण नोगीया, बीएड कॉलेज प्राचार्य राकेश नदुरी, उप प्राचार्य मुकेश महरिया, शंभू दयाल भारद्वाज, चिरंजीलाल, लक्ष्मी नारायण, राजकुमारी दीपिका भारद्वाज, डब्बू सिंह ने भी संबोधन किया। इस अवसर पर प्रियंका पारीक ,बलदेव सैनी, राजेंद्र, शंकर लाल समेत कई स्टाफ के सदस्य उपस्थित थे।



## गिदावला के विकास का आरएएस में चयन प्रथम प्रयास में 336वीं रैंक हासिल की

### मंडलीय लेखा अधिकारी के पद पर हिमाचल प्रदेश में हैं कार्यरत

### कस्बे में जगह जगह स्वागत किया गया

जयपुर टाइम्स

**थोइ(निसं.)** थोई कस्बे के नजदीकी गांव गिदावाला के किसान पुत्र विकास चौधरी पुत्र धुडाराम चौधरी का राजस्थान प्रशासनिक सेवा (इ्स) परीक्षा में चयन हुआ है। उन्होंने पहले ही प्रयास में 336वीं रैंक हासिल की है। गुरुवार को गांव आने पर ग्रामीणों ने डीजे के साथ जुलूस निकालकर जगह-जगह स्वागत किया। पिता किसान और माता मंजू देवी गृहिणी हैं। बचपन से ही विकास पढ़ाई में मेधावी रहे हैं।विकास ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (BHU) से आईआईटी की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। उन्होंने वर्ष 2017 में अपनी पहली नौकरी प्राप्त की। वर्तमान में वे भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) कार्यालय में मंडलीय लेखा अधिकारी के पद पर हिमाचल प्रदेश में कार्यरत हैं। अपनी सफलता में उनके ताऊ रिछपाल राम चौधरी का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जो पी.टी.आई. पद पर कार्यरत हैं और उन्हें लगातार शिक्षा के लिए प्रेरित करते रहे। विकास ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, ताऊजी और गुरुजनों को दिया। उन्होंने कहा, "लगन, अनुशासन और आत्मविश्वास ही सफलता की असली कुंजी है। जुलूस के बाद समारोह का आयोजन हुआ इस दौरान ग्राम पंचायत सरपंच सुन्दर लाल भावरिया, उप प्रधानाचार्य नागार्जुन सामोता, ओम प्रकाश सोलेत, अंकित पलसानिया, राकेश कुमार जांगू, कपूर सिंह कुड़ी, दिनेश कुमार जांगू ओएनजीसी सुनील, विजय, योगेश, राजेन्द्र सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## भाजपा का दीपावली स्नेह मिलन समारोह 23 अक्टूबर को

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ(निसं.)।** भारतीय जनता पार्टी की विधानसभा इकाई द्वारा दीपावली के अवसर पर स्नेह और सौहार्द का प्रतीक "दीपावली स्नेह मिलन समारोह" आगामी 23 अक्टूबर आयोजित किया जाएगा। समारोह का नेतृत्व पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया एवं भाजपा नेता दिनेश जोशी करेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। इस आयोजन को सफल और यादगार बनाने के लिए पार्टी ने वरिष्ठ और ऊर्जावान चेहरे नवरंग चौधरी लालासी को संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी है, वहीं संगठनात्मक मजबूती और अनुभव को देखते हुए वरिष्ठ कार्यकर्ता गोपाल लाटा और पूर्व मंडल अध्यक्ष मधु दायमा को सह संयोजक बनाया गया है। भाजपा नेताओं ने बताया कि यह स्नेह मिलन समारोह केवल दीपावली का उत्सव नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं के बीच आत्मीयता, एकता और संगठनात्मक शक्ति के प्रदर्शन का अवसर भी होगा। समारोह में भाजपा के विभिन्न मंडलों के कार्यकर्ता, निर्वाचित जनप्रतिनिधि, और समर्पित पार्टी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में भाग लेंगे।आयोजन समिति के अनुसार, समारोह में संगठनात्मक संवाद और पार्टी की भावी योजनाओं पर चर्चा भी होगी। संयोजक नवरंग चौधरी लालासी तथा सहसंयोजक गोपाल लाटा व मधु दायमा ने कहा कि "दीपावली स्नेह मिलन भाजपा परिवार के सभी कार्यकर्ताओं के बीच आत्मीय संबंधों को और मजबूत करेगा। यह आयोजन हमारे संगठन की सामूहिक ऊर्जा और एकता का प्रतीक बनेगा।" इस अवसर पर क्षेत्र के प्रमुख भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे। पार्टी कार्यकर्ताओं में इस आयोजन को लेकर भारी उत्साह है और तैयारियाँ जोरों पर हैं।

## रींगस नगर पालिका में मनाया दीपोत्सव, उपहार देकर किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**रींगस(निसं.)।** प्रदेश में 18 अक्टूबर से पड़ने वाले दीपावली अवकाश से पूर्व सरकारी कर्मचारियों को सरकार द्वारा बोनस-उपहार आदि देकर दीपावली पर्व की बधाइयां दी जा रही है इसी श्रृंखला में शुक्रवार को रींगस नगर पालिका में कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी एवं तहसीलदार महेश ओला के नेतृत्व में दीपोत्सव पर्व मनाया गया जिसमें पालिका अध्यक्ष हरिशंकर निठारवाल द्वारा 35 नगर पालिका कर्मचारियों व 107 सफाई कर्मचारियों को उपहार देकर रोशनी और उमंग के त्यौहार की बधाइयां दी गई। पालिका अध्यक्ष निठारवाल द्वारा महिला सफाई कर्मियों को साड़ी व मिठाई और पुरुष सफाई कर्मचारियों को पेंट शर्ट और मिठाई वितरित की गई। इसी के साथ नगर पालिका कर्मचारियों को ग्रीन पटाखे, मिठाई और लंच बॉक्स उपहार स्वरूप दिया गया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व पार्षद विष्णु गंगावत ने किया। इस दौरान कनिष्ठ अभियंता लोकेश निठारवाल, वरिष्ठ प्रारुप कार बाबूलाल बाजिया, स्वास्थ्य निरीक्षक मुकेश कुमावत, पार्षद प्रतिनिधि हरदेव सिंह बेनीवाल, तेजपाल कुमावत मंचस्थ रहे। वहीं स्टोर इंचार्ज बाबूलाल साखुनिया, कर्मचारी एसोसिएशन के अध्यक्ष सोहनलाल बाजिया, अनिल बाजिया, नरेंद्र, सुरेंद्र ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

# अतिवृष्टि से फसले खराब होने के कारण बाजारों में नहीं है दीपावली की रोनक

### बाजार पड़े हुए हैं सुने, व्यापारी कर रहे हैं ग्राहकों का इंतजार

जयपुर टाइम्स





**अजीतगढ़.(निसं.)** दीपावली का त्यौहार महज चार दिन दूर है उसके बाद भी बाजारों में रौनक फीकी दिखाई दे रही है जिस कारण व्यापारी ग्राहकों का इंतजार करने में लगे हुए हैं। जानकारी के अनुसार अतिवृष्टि से चलते फसलों को इस बार भारी नुकसान होने के कारण एवं किसान आगामी फसलों की तैयारी के चलते बाजारों में दीपावली की रौनक इस समय यह दिखाई नहीं दे रही है। जानकारी के अनुसार पहले बाजारों में चार दिन पहले ही ग्राहको की भारी भीड़ उमड जाती थी एवं बाजारों में पैदल निकलना मुश्किल हो जाता था लेकिन इस बार दीपावली महज चार दिन दूर है लेकिन बाजारों में बिल्कुल भी रोनक की दिखाई नहीं दे रही है जिस कारण व्यापारी अपनी दुकानों पर मात्र मोबाइल खोलकर उनको देख रहे हैं। जानकारी के अनुसार बढती महंगाई एवं सोना चांदी के दाम आसमान चुने के कारण अब सोना चांदी की खरीद से दूर होता हुआ दिखाई दे रहा है जिस कारण ज्वेलर्स की दुकान पर बिल्कुल निराशा छाई हुई है सरकार ने भलेही जीएसटी कम करने का दावा किया है लेकिन आमजन की कीमतों में इसका कोई फर्क नहीं पड़ा है केवल जीएसटी का मोटर वाहनों में ही फर्क पड़ा है जिस कारण पसले खराब होने के कारण किसान वैसे ही परेशान है तो वह मोटर वाहन कहां से खरीद सकता है। इधर मोबाइल का कारोबार करने वाले दिनेश सैनी, महेश कुमार समेत कई कारोबारीयो ने बताया कि मोबाइल की खरीद व बिक्री में जीएसटी का कोई फर्क नहीं पड़ा इनका कहना है कि पहले दीपावली के पर्व के चार दिन पहले ही लोग मोबाइलों की दुकान पर मोबाइल खरीदने के लिए आ जाते थे एवं भीड़भाड़ रहती थी लेकिन इस बार अभी तक ऐसा नजार नहीं देखा जा रहा है मोबाइलों की दुकानों पर बिल्कुल भी भीड़ बाहर नहीं है आम दिनों की तरह ही इके दुके ग्राहक दिखाई दे रहे हैं जिस कारण उनको भारी परेशानी हो रही है। लोगों का कहना है कि आम आदमी को जीएसटी काम करने का कोई लाभ नहीं मिला है। इधर किसानों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्र के बाजार किसानों पर निर्भर करते हैं और अगर फैसले बंपर पैदावार होती है तो किसान मन लगाकर बाजारों में खरीदारी करने आते हैं एवं बाजारों में उत्साह बना रहता है लेकिन इस बार अतिवृष्टि के चलते बाजारों में रोनक व उत्साह कम हो रहा है जिस कारण फसले खराब होने से बाजार डाउन होने का मुख्य फैक्टर माना जा रहा है। व्यापारी अनिल यादव, बोदु लूनाका, सुनील फलोड समेत कई व्यापारियों का कहना है कि दीपावली का त्योहार मात्र चार दिन दूर है लेकिन बाजारों में रौनक बिल्कुल फीकी है गत वर्षो में ग्राहकों की खरीदारी कर दिन पहले शुरू हो जाती थी लेकिन इस बार अभी तक तो बाजार सुने दिखाई दे रहे हैं साथ ही गत वर्षो दीपावली के चार दिन पहले से ही व्यापारी अपनी दुकानों के बाहर अस्थाई दुकान लगा लेते थे साथ ही कई लोग अस्थाई दुकान लगाकर कई सामान बेचते थे साथ ही मिष्ठान भंडार वाले अपनी-अपनी दुकानों के बाहर अस्थाई रूप से दुकान लगाते थे लेकिन इस समय ताकि बाजारों में रौनक जो पहले थी उससे भी कम हो गई है।

## मोबाइल टावरो से चोरी करने वाली गैंग का किया पर्दाफाश

### तीन अभियुक्तों को किया अजमेरी फैक्ट्री एरिया से मोबाइल टावर पर चोरी करने के प्रयास में गिरफ्तार,

### नीमकाथाना क्षेत्र से मोबाइल टावर की चुराई आरआरयु मशीन को किया जप्त,

### वारदात में काम लिए गये वाहन एवं औजार भी किए गए जप्त



जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़.(निसं.)** स्थानीय पुलिस ने मोबाइल टावरों से चोरी करने वाली गैंग का पर्दाफास करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है साथ ही उनके पास मोबाइल टावर से चुराई गई मशीन, वारदात में काम लेने वाले वाहन एवं औजारों को भी जप्त किया है। नीमकाथाना के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गिरधारी लाल शर्मा एवं अजीतगढ़ थानाधिकारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि 16 अक्टूबर को प्लाट नंबर 39 नंद विहार कॉलोनी वैशाली नगर जयपुर निवासी हाल निवासी मैनेजर आरएस सिक्योरिटी कंपनी गंगासागर बी वैशाली नगर जयपुर निवासी गोपालराम सेन ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करा आरोप लगाया था कि अभियुक्तगणों ने अजमेरी फैक्ट्री एरिया में लगे मोबाइल टावर में चोरी करने का प्रयास किया तो पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जांच सहायक थानाअधिकारी बलबीर सिंह ने शुरू कर दी। अजीतगढ़ के उप पुलिस अधीक्षक उमेश गुप्ता ने बताया कि चोरों को गिरफ्तार करने के लिए थानाधिकारी प्रदीप शर्मा के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया जिस कारण टीम ने नाड़ा वाली ढाणी तन अरनिया निवासी कृष्ण कुमार यादव, ढाणी मल्लू सिंह वाली दिवराला निवासी मुकेश कुमार यादव एवं डेल्डी की ढाणी अणतपुरा निवासी विक्रम यादव को संदिग्ध अवस्था में अजमेरी फैक्ट्री इलाके के मोबाइल टावर के पास घूमते हुए गिरफ्तार किया। सहायक थाना अधिकारी बलबीर सिंह ने बताया कि जब इन अभियुक्तों से गहनता से पूछताछ की तो इन्होंने मोबाइल टावरों से चोरी करना कबूल किया उसके बाद इन तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया एवं फिर गहनता से पूछताछ शुरू की तो इन्होंने नीमकाथाना क्षेत्र के भोजमेड मोबाइल टावर से आरआरयू मशीन चोरी करना कबूल किया तो पुलिस ने इनकी निशानदेही पर चोरी की गई आरआरयू मशीन को बरामद किया साथ ही मोबाइल टावरों पर चोरी करने के समय उपयोग में ली गई स्विफ्ट एवं बोलेरो गाड़ी एवं वारदात में उपयोग में लिए गए कतर प्लास व रस्से को भी बरामद कर जप्त किया गया।

## महला स्कूल में धूमधाम से मनाया गया दीपोत्सव


जयपुर टाइम्स



**रींगस(निसं.)।** खाटूश्यामजी रोड़ स्थित महला रेजिडेंशियल पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को दीपोत्सव का पर्व बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय प्रांगण दीपों की रोशनी और विद्यार्थियों के उत्साह से जगमगा उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय सचिव विशाल महला एवं प्राचार्य राजेन्द्र यादव द्वारा माँ लक्ष्मी, माँ सरस्वती और भगवान गणेश की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी, जिनसे वातावरण उल्लासपूर्ण हो उठा। विद्यार्थियों द्वारा दी गई "राम मेरे घर आयेंगे" की प्रस्तुति ने दर्शकों का दिल जीत लिया। कक्षा नौवीं की मोनिका कंवर और लक्षिता कंवर ने आकर्षक राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत कर सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। कक्षा प्रथम के यशी, ज्योति, मान, दिव्यांशी, हेनिका, सिद्धि व सौम्या ने मनमोहक बाल नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा 5 की दीपिका, प्रियल व दर्शिका ने शानदार लोकनृत्य किया, वहीं कक्षा चतुर्थ की राका, तृष्णा और प्रियल ने "आयी है दीवाली" पर सुंदर प्रस्तुति दी। कक्षा द्वितीय की कृष्णा ने दीपोत्सव पर प्रभावशाली कविता सुनाई और कक्षा 7 की एक छात्रा ने दीपावली के धार्मिक व सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन एक्टिविटी इंचार्ज डॉ. शिप्रा यादव और गंगोत्री पारीक के सान्निध्य में चंद्रांशी भाटी ने किया। प्राचार्य राजेन्द्र यादव ने दीपोत्सव के संदेश और जीवन में इसके महत्व को एक लघु कथा के माध्यम से समझाया। कार्यक्रम के अंत में दीपों की जगमगाहट और विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को उत्सव पूर्ण और प्रेरणादायक बना दिया। इस प्रकार विद्यालय परिसर में दीपों की रोशनी और बच्चों के उत्साह ने दीपोत्सव की सच्ची भावना को जीवंत कर दिया। इस अवसर पर सुरेश ढाका, पिंटू दयाल शर्मा, सुरेश महला ,ज्योति शर्मा, सुमन लता, संदीप वर्मा, देवाशीष दास गुप्ता, संपत राम शर्मा, प्रीति यादव,ज्योति पारीक, ललित शर्मा, पुष्पा पांडे आदि मौजूद थे।

## दीपावली पर शहर में बढ़ी ट्रेफिक, पुलिस को सतर्कता के साथ संभालना होगा मोर्चा

### ट्रेफिक पुलिस को करनी पड़ रही है कड़ी मशक्कत



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर में दीपावली के पांच दिवसीय पर्व को लेकर बाजारों में अच्छी चहल-पहल देखने को मिल रही है। वहीं दीपावली को लेकर बाजार में ट्रैफिक की व्यवस्था भी चरमराई हुई नजर आ रही है। ट्रैफिक पुलिस को ट्रैफिक व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। फिर भी बाजार में वाहनों की लंबी-लंबी लाइन देखी जा सकती है। वहीं वाहन चालक रेंग-रेंगकर कछुआ चाल में चलते हुए नजर भी आते हैं। पुलिस को बाजार की ट्रैफिक व्यवस्थाओं को लेकर दीपावली पर पांच दिनों तक सख्ती के साथ ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार करना होगा। बाजार की इन दिनों ट्रैफिक की व्यवस्था के कारण आगजनी की घटना पर दौड़ती फायर ब्रिगेड की दमकल भी बाजार की ट्रैफिक व्यवस्था में फंसी हुई नजर आई। ट्रैफिक व्यवस्था के लिए पुलिस को ठोस कदम उठाने होंगे। जिससे बाजार का आवागमन सुचारू रूप से चलता रहे और एंबुलेंस व दमकल की गाड़ियों को तुरंत जगह मिल सके। फिलहाल कुछ दिनों से बाजार में दीपावली की वजह से ट्रैफिक में वाहनों की बढ़ोतरी देखी जा रही है। दीपावली के पांच दिवसीय पर्व पर बाजारों में चहल-पहल देखी जा रही है। वहीं पुलिस को भी इस ओर कड़ी सतर्कता के साथ मोर्चा संभालना होगा। ट्रैफिक व्यवस्थाओं को लेकर थाना अधिकारी मदनलाल बिश्नोई द्वारा नो व्हीकल जोन कुछ बाजारों में घोषित किया है। मुख्य बाजार में गांधी चौक से लेकर मूणति कूई तक भी पुलिस को वाहनों की आवाजाही पर ध्यान देना होगा। पुलिस को अतिरिक्त पुलिस के जवान लगाकर ट्रैफिक व्यवस्थाओं के लिए मोर्चा संभालना होगा तभी बाजार की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार होगा।

## एक दिवसीय किसान गोष्ठी का आयोजन

### खेती के संबंध में नवीनतम तकनीकी की दी जानकारी



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू.(निसं.)** आत्मा कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को रबी मौसम पूर्व की एक दिवसीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें झुन्झुनू पंचायत समिति के समसपुर, प्रतापपुरा, काली पहाड़ी, भड़ौन्दा खुर्द, इण्डाली, भैड़ा की ढाणी, बाकरा, बुडाना, आबूसर सहित विभिन्न गांवों के 100 कृषकों ने भाग लिया। गोष्ठी में पूर्व क्षेत्रीय निदेशक डॉ. सहदेव सिह ने खेत की तैयारी से ही अच्छा प्रबन्धन करने, फसल चक्र भूमि व बीजोपचार के बारें में विस्तार से जानकारी दी। उप निदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक (आत्मा) झुन्झुनू शीशराम जाखड़ ने वर्षा जल का उचित प्रबन्धन, कुशलतम उपयोग, खेती में नवाचार, फसल विविधिकरण व सिंचाई की नवीनतम पद्धतिया अपनाकर कम पानी में अधिक पैदावार लेने के बारें में जानकारी दी। कृषि विज्ञान केन्द्र आबूसर के मुख्य वैज्ञानिक एवं समन्वयक डॉ. दयानन्द सिंह ने रबी फसलों की जिले के लिए उपयुक्त उन्न्तशील व प्रमाणित किस्में, सन्तुलित उर्वरक प्रयोग, फसलों में कान्तिक अवस्थाओं पर सिंचाई, खरपतवार नियंत्रण का उचित समय व रोग कीटो की रोकथाम के बारें में विस्तार से चर्चा की। (आत्मा) उप परियोजना निदेशक प्रमोद कुमार ने आत्मा योजना अन्तर्गत संचालित योजनाएं कृषक प्रशिक्षण, कृषक भ्रमण व कृषक पुरस्कार के बारें में जानकारी दी। एग्री क्लीनीक झुन्झुनू के कृषि अनुसंधान अधिकारी अनुपम महर्षि ने मिट्टी व पानी की जांच व फसलों के लिए आवश्यक पौषक तत्वों के बारें में बताया। झुन्झुनू बी.टी.टी. कन्वेनर एवं सहायक कृषि अधिकारी डॉ. राकेश कटेवा ने कृषि विभाग की अनुदानित योजनाओं की जानकारी दी गोष्ठी के समापन पर प्रश्नोतरी कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें कमश प्रथम, द्वितिय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कृषक गोतम मीणा खतेहपुरा, प्रवीण कुमार शर्मा इण्डाली श्यामसुन्दर मीणा खतेहपुरा को इनाम देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जीएसएस खाजपुर नया के अध्यक्ष हरिसिंह महला, कृषि पर्यवेक्षक आबूसर जगदीश खीचड़, कृषि पर्यवेक्षक खाजपुर नया पंकज कुल्हरी, उद्यान विभाग के चतरसिंह भालोठिया, तपेश कुमार, नितेश कुमार सहित विभिन्न गांवों के कृषक मित्र व प्रगतिशील कृषक भी उपस्थित थे।

## 38 लाख के अवैध डोडा पोस्त चूरा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

### पुलिस की मेगा हाईवे पर कार्रवाई



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर की पुलिस ने डीएसटी चूरू टीम के साथ उच्च अधिकारियों के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अवैध डोडा पोस्त चूरा पोस्त के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने जानकारी देते हुए बताया कि सरदारशहर रतनगढ़ रोड़ पर नाकाबंदी के दौरान सूर्या मार्केट के पास एक कंटेनर को रोका गया। ट्रक की तलाशी लेने पर केबिन और पीछे की बॉडी के बीच में विशेष रूप से तैयार किए गए गुप्त चैंबर से अवैध डोडा पोस्त चूरा बरामद मिला। पुलिस ने डोडा पोस्त चूरा जब्त कर पंजाब निवासी मुख्तयार सिंह पुत्र महेंद्र सिंह और सुखविंद्र सिंह उर्फ विक्की पुत्र सुरेंद सिंह को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने 250 किलो 500 ग्राम अवैध डोडा पोस्त चूरा जब्त कर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस की कार्रवाई में एसआई रामफूल मीणा, हेड कांस्टेबल अमर सिंह, अनिल सैनी, विनोद कुमार की भूमिका रही हैं।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
18 अक्टूबर, 2025

## आगजनी की सुचना पर पहुंची फायर बिग्रेड, आग को बुझाया




जयपुर टाइम्स

**तारानगर(नि.सं.)** दीपावली के पर्व को मध्यनजर रखते हुए तारानगर नगरपालिका द्वारा रीको एरिया में फायर मॉक ड्रिल करवाई गई जिसमें अज्ञात व्यक्ति द्वारा आगजनी की सूचना देने पर फायर गाड़ी 4 मिनट में मौके पर पहुंच गई उसके बाद अधिशाषी अधिकारी अजय प्रतापसिंह के नेतृत्व में फायर गाड़ी को पूरे बाजार में घुमाया गया व दुकानदारों को समान अंदर रखने के लिए पाबंद किया गया ताकि फायर कॉल आने पर फायर गाड़ी बिना रुकावट के मौके पर पहुंच सके। इस मौके पर नगरपालिका एसआई त्रिशूल भाटी, फायर अफसर नीतेश उपाध्याय, कृष्ण कुमार भांभु, दुलीचंद, आयुष कुमार, अर्जुन सिंह राजपुरोहित आदि उपस्थित रहे।

## शहरी सेवा शिविर के तहत नगरपरिषद में लगा कैम्प

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** शहरी सेवा शिविर 2025 के अन्तर्गत नगर परिषद के वी.सी. हॉल में वार्ड नं. 01 से 60 तक का शिविर आयोजित किया गया। इसी प्रकार नगर परिषद 05 पट्टा पत्रावली प्राप्त हुई। मौके पर 03 पट्टे जारी कर आवेदकों को दिये गये। यू.डी. टैक्स के आवेदन 02, एनएफएस के.ई.केवाईसी 18, घर-घर कचरा संग्रहण शिकायत 04, जीवीपी. 04, रोड़ मरम्मत 01, नाली मरम्मत 02, निराश्रित पशु पकड़ने से संबंधित सूचना 02, जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन पत्र 38, ई.डब्ल्यू.एस. प्रमाण पत्र 02, जनआधार संशोधन व अद्यतन 20 के प्रकरण प्राप्त हुए, जिनको मौके पर निस्तारित किये गये। प्रधानमंत्री स्वनिधि 05 प्रकरण प्राप्त हुए। पेड़ लगाये 15, इसी प्रकार जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को पेयजल पाईप लाईन लिकेज 02, जिसको मौके पर निस्तारण किया गया। महिला बाल विकास विभाग को प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना के अन्तर्गत 05 प्रकरण प्राप्त हुए एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी से 188 व्यक्तियों को अवगत करवाया गया। सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 09 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनको मौके पर निस्तारण किया गया। विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत चिकित्सा शिविर में उपस्थित कुल उपचारित व्यक्ति 348, एन.सी.डी. 286 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनको मौके पर निस्तारण किया गया। आयुर्वेद विभाग चूरू के अन्तर्गत 210 रोगियों ने चिकित्सक से परामर्श लिया। प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत 03 प्रकरण प्राप्त हुऐ। उक्त शिविर में पूर्व चौयरमेन सिकन्दर अली खिलजी, पार्षद रिछपाल बिजारणियां, गणेश मंडावरिया, ईदरीश गौरी, पुरूषोतम शर्मा ने उपस्थित होकर आमजन को शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। इस मौके पर शिविर सहायक अभियंता विक्रम जोरवाल, सहायक अभियंता चारवी व सहायक अग्निशमन अधिकारी रूप सिंह व नगर परिषद सहित अन्य विभागों के कार्मिक उपस्थित रहे।

## सुजानगढ़ में लगी आग, मॉक ड्रिल सफल रहा




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** स्थानीय नगर परिषद् के अग्निशमन विभाग द्वारा दीवाली के त्यौंहार के मध्यनजर मॉक ड्रिल की गई। जिसमें लाडनूं बस स्टैंड के पास बेसमेंट में आग लगने व दो व्यक्तियों के बेहोश होने की सूचना मिली। जिसके आधार पर अग्निशमन विभाग ने बचाव राहत कार्य किया। फायरमैन प्रमोद, सुनील, रामनिवास, भीमाराम, बबीता, देवीका, लोकेश, सुरेश, संदीप, अमजद, अजीज सहित कुल 19 कर्मचारियों ने मॉक ड्रिल में भाग लिया। इसमें कार्मिकों ने अंदर स्थित सभी व्यक्तियों को बाहर निकालकर सुरक्षित स्थान पर एकत्रित किया। अग्निशमन अधिकारी रूप सिंह के नेतृत्व में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया।

## रविवार को मनायेंगे धनवन्तरी जयन्ती

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** तहसील वैध सभा के तत्वाधान में भगवान धन्वंतरि जयंती महोत्सव प्राकट्य दिवस के रूप में वैध सभा के अध्यक्ष वैद्य घेवरचंद गुर्जर की अध्यक्षता में नया बास स्थित जनता औषधालय में रविवार को मनाया जायेगा। सभा के महामंत्री वैद्य भंवर लाल शर्मा ने बताया कि दोपहर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सभी वैध आयुर्वेद के विकास व बिमारियों व औषधियां के बारे में विचार विमर्श करेंगे।

### झुंझुनूं में नकली मिठाई बनाने वालों पर छापा

# सोयाबीन तेल से बनाया मिलावटी कलाकंद, फूड सेफ्टी टीम ने किया जब्त और नष्ट

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(नि.सं.)** झुंझुनूं में त्योहारों के मौसम में मिठाइयों और खाद्य पदार्थों में बढ़ती मिलावट को रोकने के लिए शुद्ध आहार-मिलावट पर वार" अभियान के तहत जांच की गई, कही सोयाबीन तेल और मिलावटी मिल्क बेस से तैयार कलाकंद मिला तो कही 30 किलो मिलावटी घी पाया गया। टीम ने संदिग्ध सामग्री जब्त कर सैंपल जांच के लिए भेजे, जबकि मिलावटी पाए गए खाद्य पदार्थ मौके पर नष्ट करवाए गए। बता दे कि स्वास्थ्य विभाग की फूड सेफ्टी टीम ने जिलेभर में सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। अभियान के चलते जिले के विभिन्न हिस्सों में निरीक्षण अभियान चलाया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि खाद्य सुरक्षा आयुक्त और जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग के निर्देश पर अभियान जिलेभर में चलाया जा रहा है। त्योहारों के



दौरान मिठाई की मांग बढ़ने से मिलावटखोर सक्रिय हो जाते हैं, ऐसे में विभाग ने निगरानी और सैंपलिंग की रफ्तार तेज कर दी है। फूड सेफ्टी ऑफिसर (एफएसओ) महेंद्र चतुर्वेदी के नेतृत्व में टीम ने बुहाना उपखंड के बड़बड़ कस्बे में सांवरिया मिष्ठान भंडार पर छापा मारा। जांच के दौरान दुकान पर रखे कलाकंद के सैंपल लिए गए। प्राथमिक जांच में पाया गया कि कलाकंद दूध की जगह सोयाबीन तेल और मिलावटी मिल्क बेस से तैयार किया गया था। टीम ने करीब 118 किलो मिलावटी कलाकंद मौके पर ही नष्ट करवाया। साथ ही नमूने जांच के लिए जयपुर स्थित राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद संबंधित दुकानदार के खिलाफ खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। सीएमएचओ डॉ. गुर्जर ने बताया कि विभाग की दूसरी टीम में एफएसओ लालू यादव और महेंद्र मेहनतकश शामिल थे। इस टीम ने चिड़ावा के शिया मिष्ठान भंडार पर छापा मारा, जहां 30 किलो मिलावटी घी पाया गया। टीम ने घी जब्त कर सैंपल जांच के लिए भेज दिया है। वहीं सूरजगढ़ में महेश कुमार-मुकेश कुमार फर्म पर जांच के दौरान 70 लीटर एक्सपायर तेल मिला, जिसे टीम ने मौके पर ही नष्ट करवा दिया। अधिकारियों के अनुसार यह तेल मिठाई और नमकीन तैयार करने में इस्तेमाल किया जा रहा था। इसके अलावा उदयपुरवाटी कस्बे में स्थित अग्रिम ऑयल ट्रेडिंग कंपनी से 146 लीटर मस्टर्ड ऑयल सीज किया गया। एफएसओ टीम को तेल में मिलावट की आशंका होने पर सैंपल जांच के लिए लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि प्राथमिक जांच में तेल की गंध और रंग सामान्य नहीं था, इसलिए कार्रवाई की गई। डॉ. गुर्जर ने बताया कि हर साल दीपावली और अन्य त्योहारों के दौरान जिलेभर में मिठाई और डेयरी उत्पादों की डिमांड कई गुना बढ़ जाती है। CMHO बताया कि जिले में किसी भी व्यक्ति को मिलावट या नकली उत्पाद की जानकारी मिलती है तो वह तुरंत विभाग को फोन नंबर 01592-232415 पर सूचना दे सकता है। सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी। डॉ. गुर्जर ने उपभोक्ताओं को चेताया कि वे मिठाई या अन्य खाद्य पदार्थ खरीदते समय दुकान का FSSAI लाइसेंस नंबर अवश्य देखें। बिना लाइसेंस वाले विक्रेताओं से कोई सामान न खरीदें। मिठाई पर इस्तेमाल की गई सामग्री के बारे में दुकानदार से जानकारी जरूर लें और शक होने पर विभाग को सूचित करें।

## मण्डावा, दीपावली पर्व की खरीददारी शुरू

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा (नि.सं.)** फतेहपुर मार्ग स्थित मण्डावा का सबसे प्रसिद्ध व्यापारिक प्रतिष्ठान श्री राणीसती फर्नीचर हाऊस में सुबह दस बजे से लेकर देर रात तक लोगों की चहल-पहल देखने को मिल ही जाती है। यहां पर बच्चों से लेकर बड़ों तक के सभी सामान होलसेल रेट पर उपलब्ध हो जाते हैं। खासकर शादी - विवाह आदि के लिए फर्नीचर, मोबाइल व अन्य सामग्री की बिक्री खूब होती है। यहां पर दूर-दराज से लोग खरीदारी करने के लिए आते हैं। इसका कारण है कि यहां पर सामान किफायती दाम के साथ-साथ उच्च क्वालिटी का आसानी से मिल जाता है। इस बाजार में यहां पर दुकानों के साथ-साथ काफी संया में घर भी हैं। त्योहारी सीजन में फतेहपुर मार्ग में देर रात तक ग्राहकों की चहल पहल देखने को मिलती है। दुकान संचालक विकास देवड़ा का कहना है यहां किफायती रेट में सामान उपलब्ध होने की वजह से बड़ी संया में शहरवासी खरीदारी करने के लिए आते हैं। त्योहारी सीजन के अलावा शादियों की खरीदारी करने के लिए भी ग्राहक आते हैं। होलसेल रेट में उपलब्ध होता है सामान मण्डावा के मुख्य बाजार में श्री राणीसती फर्नीचर हाऊस खास है। इलेक्ट्रोनिक, फर्नीचर, मोबाइल सहित अन्य सामान होलसेल में उपलब्ध हो जाता है। ऐसे तो इस बाजार में हर सीजन में ग्राहकी परवान पर रहती है, लेकिन त्योहारी सीजन होने की वजह से इसमें ओर बढ़ोतरी हो जाती है। त्योहारी सीजन शुरू होने के साथ ही यहां का बाजार गुलजार है।

## पर्यावरण विषय को लेकर हुई सेमिनार

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(नि.सं.)** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भारु में हिंदुस्तान स्काउट गाइड राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय झुंझुनूं के तत्वाधान में आयोजित सात दिवसीय शिविर में पर्यावरण एवं जन जागृति संस्थान की ओर से पर्यावरण विषय पर सेमिनार आयोजित की गई । इस अवसर पर मुख्य अतिथि शेखावाटी पब्लिक स्कूल हेतमसर के डायरेक्टर ज्योति मितल थी। विशिष्ट अतिथि हिंदुस्तान स्काउट गाइड के अधिकारी प्रदीप ईश्वरवाल,पूर्व शिक्षाविद सत्यवीर पुनिया मीरा ईसरवाल,उज्वल मितल, थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पर्यावरण एवम् जनजागृति संस्थान के अध्यक्ष संजय शर्मा ने की। । इस शुभ अवसर हिंदुस्तान स्काउट गाइड के ट्रेनर मास्टर आशीष गुड़ेसर ने आए हुए अतिथियों का स्कार्फ पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर डायरेक्टर ज्योति मितल ने पर्यावरण की परिभाषा बताते हुए बताया कि प्रकृति ने हमें सब कुछ दिया है पीने के शुद्ध पानी, स्वास लेने के लिए शुद्ध हवा,ओर खाने के लिए शुद्ध फल अन्न आदि दिए है। लेकिन दुर्भाग्य है कि इनके बदले प्रकृति को मनुष्य ने अनमोल चीजों को दूषित कर दिया है। जिससे प्रकृति का संतुलन बिगड़ चुका है। संतुलन बिगड़ने से समय पर बारिश नहीं हो रही है।समय पर बारिश नहीं होने से जीव जंतुओं ओर पशुओं का जीना कठिन हो गया है। इसलिए अगर हमें जीना है तो हमे ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने ही होगे। बताया पेड़ है तो जल है।पेड़ है तो जीवन है का नारा देते हुए धरती मां को खत्म होने से बचाना है अंत में पर्यावरण प्रेमी समाज सुधारक संजय शर्मा ने प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिन बच्चों ने सवाल का सही जवाब दिया अतिथियों द्वारा पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण को बचाने हर एक व्यक्ति का पुनीत कर्तव्य है इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों के द्वारा सत्यवीर पुनिया , मीरा ईसरवाल, प्रदीप ईसर वाल व सात दिवसीय केप में आई हुई भावी शिक्षिकाओं ने खुद पेड़ लगाने की शपथ ली और दूसरों को भी पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करेंगे कि शपथ ली । कार्यक्रम का सफल बनाने के लिए मनजीत,विकाश,विनोद रीना,प्रियंका दीपिका एवं सभी स्टाफ का सहयोग रहा, । कार्यक्रम का संचालन आशीष गुड़ेसर ने किया।

### झुंझुनूं में 8 साल की बच्ची से मारपीट पर सजा

## पोक्सो कोर्ट ने मां और उसके प्रेमी को 7 साल की जेल व डेढ़ लाख जुर्माना लगाया

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(नि.सं.)** झुंझुनूं जिले की पोक्सो अदालत ने 8 वर्षीय बालिका से अमानवीय मारपीट कर उसे लावारिस छोड़ने के मामले में सख्त रुख अपनाया है। विशिष्ट न्यायाधीश (पोक्सो न्यायालय) इसरार खोखर ने आरोपी लीलम देवी और उसके लीव-इन साथी सोनू शर्मा को दोषी ठहराते हुए 7-7 वर्ष के कठोर कारावास और 30-30 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। यह मामला अप्रैल 2023 का है। नालपुर गांव (झुंझुनूं-महेन्द्रगढ़ सीमा) में 8 वर्षीय बच्ची के साथ उसकी मां लीलम देवी और उसके साथी सोनू शर्मा ने बर्बरता की। दोनों ने मासूम की बेरहमी से पिटाई की और फिर घायल हालत में उसे लावारिस छोड़ दिया।पुलिस जांच में सामने आया कि सोनू शर्मा निवासी नालपुर और लीलम देवी (मूल निवासी पाटन, बिहार) पिछले कुछ समय से साथ रह रहे थे। लीलम देवी की यह चौथी शादी थी और वह अपने चौथे पति धर्मवीर मेघवाल को छोड़कर बेटियों के साथ सोनू शर्मा के साथ रह रही थी। 23-24 अप्रैल की रात दोनों ने बच्ची को इतना मारा कि वह घायल हो गई। इसके बाद सोनू शर्मा ने उसे बस में बैठाकर दुलोठ अहीर भेज दिया। जब बच्ची वहां उतरी, तो स्थानीय लोगों ने उसे पहचान लिया और तुरंत उसके सौतेले पिता के घर पहुंचाया।ग्रामीणों ने बच्ची की हालत देखकर पुलिस और सरपंच को सूचना दी। मेहाड़ा थाना




पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे अस्पताल भेजा, जहां मेडिकल जांच में कई गंभीर चोटों की पुष्टि हुई। मामले में धर्मवीर के भाई सतपाल मेघवाल की रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। विशेष लोक अभियोजक सुरेन्द्र सिंह भाम्बू ने अदालत में 15 गवाहों और 21 दस्तावेजों के आधार पर साबित किया कि दोनों ने बच्ची के साथ क्रूरता की। अदालत ने माना कि यह सिर्फ घरेलू विवाद नहीं, बल्कि एक अमानवीय अपराध है। न्यायाधीश इसरार खोखर ने दोनों को दोषी ठहराते हुए कहा कि बालिकाओं के प्रति ऐसे अपराधों पर सख्त कार्रवाई जरूरी है। अदालत ने दोनों को 7-7 साल का कठोर कारावास और 30-30 हजार रुपए अर्थदंड के अलावा अन्य धाराओं में दी गई सजा एक साथ भुगतने का आदेश दिया।कोर्ट ने आरोपी सोनू शर्मा पर कुल ?1.61 लाख और लीलम देवी पर ?1.51 लाख का जुर्माना लगाया, जिसे पीड़ित मुआवजा कोष में जमा कराया जाएगा।

## पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शांति मिश्रा का अंतिम संस्कार

### विधायक रीटा चौधरी भी पहुंची

जयपुर टाइम्स



**मंडावा(नि.सं.)।** पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शांति मिश्रा का शुक्रवार को मुकुंदगढ़ मार्ग स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। शव यात्रा माजीसा कुआं के पास स्थित निवास स्थान से रवाना हुई जो मुख्य बाजार होते हुए मुक्तिधाम पहुंची। विधायक रीटा चौधरी भी अंतिम संस्कार में पहुंची तथा पार्थिव देह को कांधा दिया। पुत्र पदम मिश्रा, देवर सज्जन मिश्रा, पीतांबर मिश्रा ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार में परिवार से अरविंद मिश्रा, अजय मिश्रा, संजीव शर्मा, तिरुपति मिश्रा, नरेश मिश्रा के अलावा दिनेश धाभाई, अरविंद पारीक, किशोर थलिया, रविंद्र शर्मा, बालकिशन भाटीवाड़ा, शिवचरण गाडोदिया, पीतांबर वर्मा, सज्जन शर्मा, संदीप शर्मा, सफाई निरीक्षक सत्यनारायण बावलिया, रवि मिश्रा, मुकेश बुडानिया, गोविंद जोशी, राजेश रणजीरोत, रणवीर मील, कमलेश मिश्रा, डॉक्टर राधारमण शर्मा, सुनील सैनी, मनोज भादूपोता, गणेश सिंह शेखावत, हाजी फारूक भाटी, किशोर सिंह, मधुसूदन खेमानी, उम्मेद भाटी, प्रतापगढ़ जिला शिक्षा अधिकारी कमलेश तेतरवाल, शुभम थलिया, नंदकिशोर यादव, छोटेलाल सैनी, शशीकांत सैनी, सुशील लुहारूवाला, अशोक शर्मा सहित कस्बे के गणमान्य लोग मौजूद थे। गौरतलब है की शांति मिश्रा 28 अगस्त 2000 से 7 नवंबर 2004 तक मंडावा नगर पालिका अध्यक्ष रही थी।

# जमीनी विवाद पर हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

### खेत में की थी लाठी-सरियों से तोड़फोड़ और जानलेवा वारदात, पुलिस ने दबोचा मुख्य आरोपी

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं (नि.सं.)** झुंझुनूं जिले के बगड़ थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह वही आरोपी है जिसने अपने साथियों के साथ मिलकर खेत में घुसकर तोड़फोड़ की थी और परिवार पर जानलेवा हमला किया था। पुलिस ने आरोपी को कई दिनों की तलाश के बाद दबोच लिया। जानकारी के अनुसार, 21 सितंबर 2025 को बगड़ थाना क्षेत्र के आदर्शनगर इलाके में एक जमीनी विवाद को लेकर खूनी झड़प हो गई थी। इस मामले में गोठड़ा निवासी और वर्तमान में आदर्शनगर बगड़ में रह रहे 38 वर्षीय सौरभ सैनी ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, 21 सितंबर की सुबह करीब 10.30 बजे उसके खेत में दो व्यक्ति पहुंचे। उनमें से एक का नाम विजेंद्र सैनी पुत्र प्रहलाद सैनी, निवासी आदर्शनगर बगड़ बताया गया था। दोनों ने उसके माता-पिता को खेत खाली करने की धमकी दी और जान से मारने की चेतावनी देकर वहां से चले गए। सौरभ सैनी ने रिपोर्ट में बताया कि उसी दिन दोपहर करीब तीन बजे 10 से 12 लोग लोहे की रॉड और सरिए लेकर उसके खेत में आ गए। उन्होंने खेत में लगे पोल उखाड़ दिए, बिजली के तार काट दिए और जोर-जोर से गाली-गलौज करने लगे। जब सौरभ और उसके पिता ने विरोध किया तो आरोपियों ने अचानक हमला कर दिया। इस दौरान विजेंद्र सैनी ने लोहे की रॉड से सौरभ के पिता के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। रिपोर्ट के मुताबिक, नरेश सैनी पुत्र मोहन सैनी, दिनेश पुत्र रामनिवास और उनके साथ आए अन्य लोगों ने सौरभ पर भी हमला किया, उसे नीचे गिरा दिया और उसका मोबाइल फोन व सोने की चैन तोड़कर ले गए। घटना के बाद परिजनों ने घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया और पुलिस में मामला दर्ज कराया गया। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान आरोपी विजेंद्र सैनी और अन्य लोग अपने घरों से फरार पाए गए। पुलिस टीम ने लगातार दबिशें दीं, लेकिन आरोपी गिरफ्त से बाहर थे। बाद में बगड़ थाना अधिकारी सुभाषचंद्र सामोता के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने आरोपी की लोकेशन ट्रेस की और 16 अक्टूबर 2025 को उसे दबोच लिया। पुलिस ने बताया कि विजेंद्र सैनी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार स्थान बदल रहा था और आसपास के गांवों में छिपता फिर रहा था। टीम ने तकनीकी और मानवीय संसाधनों के आधार पर उसकी गतिविधियों का पता लगाया और आखिरकार उसे गिरफ्तार करने में सफलता पाई। आरोपी से पूछताछ के दौरान पुलिस को हमले की योजना और अन्य साथियों की भूमिका के बारे में अहम जानकारी मिली है। पुलिस का कहना है कि अन्य आरोपियों की तलाश भी जारी है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा।